@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
बुधवार, 19 नवम्बर 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 15 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## यूपी में पहली बार: पीजीआई ने घुटना सर्जरी में हासिल की उपलधि, दो हाई-टेक तकनीकों से जटिल ऑपरेशन सफल

**एजेंसी**

**लखनऊ।** संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआईएमएस) ने उत्तर प्रदेश में उन्नत आर्थोपेडिक सर्जरी का नया मानक स्थापित करते हुए पहली बार दो अत्याधुनिक तकनीकों को एक साथ उपयोग कर जटिल घुटना सर्जरी को सफलतापूर्वक पूरा किया है। एसजीपीजीआईएमएस के आर्थोपेडिक विभाग ने दो हाई-एंड तकनीकों-आर्थ्रोस्कोपिक माइक्रोफ्रैक्चर और हाइब्रिड हाई टिबियल ऑस्टियोटॉमी-को एक ही ऑपरेशन में संयोजित करते हुए सफल घुटना सर्जरी की है। इस जटिल प्रक्रिया के बाद 46 वर्षीय महिला मरीज तेजी से स्वस्थ हो रही है और सामान्य रूप से चलने लगी है। मरीज कई वर्षों से तीव्र घुटना दर्द, सूजन और चलने-फिरने में परेशानी झेल रही थी। वेरस विकृति (बो-लेग्ड) के कारण वजन घुटने के अंदरूनी हिस्से पर ज्यादा पड़ रहा था, जिससे कार्टिलेज लगातार क्षतिग्रस्त हो रहा था। दवाओं और फिजियोथेरेपी से राहत न मिलने पर परिजन उन्हें एसजीपीजीआईएमएस लेकर पहुंचे, जहां विस्तृत जांच के बाद विशेषज्ञों ने सर्जरी को अंतिम समाधान माना। सर्जरी का नेतृत्व एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के आर्थोपेडिक्स विभाग के एडिशनल प्रोफेसर डॉ. अमित कुमार ने किया।




टीम ने दो चरणों में ऑपरेशन पूरा किया। पहले चरण में आर्थ्रोस्कोपिक माइक्रोफ्रैक्चर तकनीक का उपयोग कर हड्डी के नीचे नई फाइब्रोकार्टिलेज बनने की प्रक्रिया शुरू की गई, जिससे दर्द में कमी और जोड़ की कुशनिंग मजबूत होने की संभावना बढ़ी। दूसरे और सबसे चुनौतीपूर्ण चरण में हाइब्रिड हाई टिबियल ऑस्टियोटॉमी की गई। इसमें टिबिया की हड्डी को नियंत्रित रूप से काटकर दुबारा ऐसा संरेखित किया गया कि शरीर का भार क्षतिग्रस्त हिस्से से हटकर घुटने के स्वस्थ हिस्से पर आने लगे। यह तकनीक न केवल विकृति सुधारती है, बल्कि प्राकृतिक जोड़ की उम्र भी बढ़ाती है। डॉ. अमित कुमार के मुताबिक संयुक्त सर्जरी युवा और सक्रिय मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद है, क्योंकि यह घुटना प्रत्यारोपण की आवश्यकता को काफी हद तक टाल देती है। संस्थान के निदेशक पद्मश्री प्रो. आर.के. धीमन ने इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रदेश में उन्नत आर्थोपेडिक उपचार का नया अध्याय खोलेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह अत्याधुनिक तकनीक उन मरीजों के लिए आशा की किरण है, जो गंभीर ऑस्टियोआर्थराइटिस या वेरस विकृति से लंबे समय से परेशान हैं और पारंपरिक उपचारों से लाभ नहीं पा सके हैं।

# भारत का विकास मॉडल दुनिया के लिए आशा का प्रतीक बना: मोदी

**छठवें रामनाथ गोयनका व्यायान में प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को छठवें रामनाथ गोयनका व्याख्यान में दिए अपने भाषण को साझा करते हुए देशवासियों से अगले दस वर्षों में गुलामी की मानसिकता से पूर्ण मुक्ति का संकल्प लेने अपील की। उन्होंने कहा कि यह मानसिकता उपनिवेशवाद की देन है और अब समय आ गया है कि देश इससे पूरी तरह बाहर निकले। उन्होंने देशवासियों से सामूहिक संकल्प के साथ औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त होने की दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा किए अपने पोस्ट में कहा कि रामनाथ गोयनका का जीवन




● प्रधानमंत्री ने कहा कि माओवाद का प्रभाव लगातार घट रहा है, जो भारत के विकास और सुरक्षा के लिए अत्यंत सकारात्मक संकेत है।

राष्ट्रप्रथम की भावना और सत्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक था। उन्होंने हमेशा कर्तव्य को सर्वोपरि रखा और यही भावना आज भी पत्रकारिता और लोकतंत्र दोनों के लिए प्रेरणा है। लोकतंत्र पर बात करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने हाल के बिहार विधानसभा चुनाव का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड मतदान और विशेष रूप से महिलाओं की बढ़ती भागीदारी इस बात का संकेत है कि भारत का लोकतंत्र लगातार सशक्त हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने भारत के विकास को विश्व के लिए आशा का मॉडल बताते हुए कहा कि देश की आर्थिक प्रगति और सामाजिक परिवर्तन दुनिया के सामने मिसाल बन रहे हैं। चुनाव जीतने का मूल मंत्र जनता की भावनाओं को समझना है, न कि लगातार चुनाव मोड में बने रहना।

# अभाविप के 71वें राष्ट्रीय अधिवेशन में इसरो के पूर्व अध्यक्ष एस.सोमनाथ होंगे शामिल

**भारतीय विज्ञान एवं अंतरिक्ष अनुसंधान को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने की दिशा में उनका कार्य अनुकरणीय रहा है।**

**एजेंसी**

**देहरादून।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के तीन दिवसीय 71वें राष्ट्रीय अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि देश के प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक एवं इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ शामिल होंगे। यह राष्ट्रीय अधिवेशन आगामी 28 से 30 नवम्बर तक उत्तराखंड के देहरादून स्थित परेड ग्राउंड पर आयोजित हो रहा है। जिसमें लगभग 1500 सौ से अधिक प्रतिनिधि कार्यकर्ता शामिल होंगे। अधिवेशन की तैयारियां जोरो पर चल रही है।

मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ.वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया किआगामी 28 नवंबर को देवभूमि उत्तराखंड में अभाविप के 71वें राष्ट्रीय अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में डॉ. एस. सोमनाथ शामिल होंगे और विद्यार्थी एवं प्राध्यापक प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। भारतीय विज्ञान एवं अंतरिक्ष अनुसंधान को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने की दिशा में उनका कार्य अनुकरणीय रहा है। देहरादून में आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय अधिवेशन में उनके मार्गदर्शन से देशभर के युवाओं को विज्ञान,अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में नई दिशा और प्रेरणा प्राप्त होगी। उल्लेखनीय है कि डॉ.एस.सोमनाथ ने जनवरी 2022 से जनवरी 2025 तक इसरो का नेतृत्व करते हुए भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को अनेक



ऐतिहासिक उपलब्धियां दिलाई। उनके मार्गदर्शन में चंद्रयान-3 की सफल चंद्र लैंडिंग, आदित्य-एल 1 मिशन, एक्सपोसैट, आईएनसैट सहित कई महत्वपूर्ण उपग्रह मिशन सफलतापूर्वक संपन्न हुए। पुनः प्रयोज्य प्रक्षेपण यान आरएलवी-लेक्स, छोटे उपग्रह प्रक्षेपण यान एसएसएलवी के विकास, राष्ट्रीय अंतरिक्ष नीति के विस्तार तथा निजी अंतरिक्ष स्टार्टअप्स के साथ इसरो की साझेदारी को सुदृढ़ करने में भी उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है,जो देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

## मुयमंत्री योगी ने भरा एसआईआर प्रक्रिया का फॉर्म

**लखनऊ/गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का फार्म भरा। भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से मतदाता सूची के एसआईआर प्रक्रिया चार नवंबर से चार दिसंबर तक चलाई जा रही है। श्री योगी को आज सुबह बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) ने गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर एसआईआर प्रक्रिया का फॉर्म उपलब्ध कराया।

श्री योगी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है कि, 'सशक्त लोकतंत्र की नींव हैं 'सत्यापित मतदाता'। आज विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत गोरखपुर में अपना गणना प्रपत्र स्वयं भरकर उपलब्ध कराया।' उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से अनुरोध किया है कि आप सभी एसआईआर फॉर्म अवश्य भरें। आपका यह छोटा सा प्रयास भारत के लोकतंत्र को मजबूत करेगा।

# राष्ट्रपति ने छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार और जल संचय-जनभागीदारी पुरस्कार प्रदान किए

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार और जल संचय-जनभागीदारी पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि जनसंख्या की तुलना में जल संसाधन सीमित होने के कारण देश में जल का कुशल उपयोग महत्वपूर्ण है। उन्होंने रेखांकित किया कि प्रभावी जल प्रबंधन व्यक्तियों, परिवारों, समाज और सरकार की भागीदारी से ही संभव है। जल का सक्षम उपयोग, एक वैश्विक अनिवार्यता है।

उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा में नदियाँ, झीलें और अन्य जलस्रोत पूजनीय हैं। हमारे राष्ट्रीय गीत में बंकिम चंद्र चटर्जी ने जो पहला शब्द लिखा था, वह है सुजलाम। इसका अर्थ है 'प्रचुर जल संसाधनों से धन्य।' यह तथ्य हमारे देश के लिए



जल की प्राथमिकता को दर्शाता है।उन्होंने कहा कि जल संसाधनों का सर्वाधिक सक्षम तरीके से उपयोग करना हमारे सभी देशवासियों की जीवन-शैली का अभिन्न अंग होना चाहिए। व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर सभी को जल संरक्षण के प्रति निरंतर सचेत रहना है। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि पिछले वर्ष शुरू की गई जल संचय-जनभागीदारी पहल के तहत 35 लाख से अधिक भूजल पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण किया गया है।

# सआईआर की समीक्षा के लिए निर्वाचन आयोग की चार सदस्यीय टीम पश्चिम बंगाल पहुंची, महीने में दूसरी यात्रा

● **महीने की शुरुआत में हुई पहली यात्रा में टीम ने उर बंगाल के तीन जिलों में प्रगति का जायजा लिया था।**

**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआईआर की प्रगति की समीक्षा के लिए निर्वाचन आयोग की चार सदस्यीय केंद्रीय टीम मंगलवार सुबह कोलकाता पहुंची। इस माह आयोग की दूसरी राज्य-स्तरीय समीक्षा यात्रा है, जिससे संकेत मिलता है कि आयोग की विशेष निगाह इस पूरी संशोधन प्रक्रिया पर केंद्रित है।

केंद्रीय दल में उप चुनाव आयुक्त ज्ञानेश भारती, आयोग के दो प्रमुख सचिव एस बी जोशी और मलय मालिक, तथा उप सचिव अभिनव अग्रवाल शामिल हैं। यह टीम मंगलवार से 21 नवम्बर तक राज्य में रहेगी और अपने दौरे में




कोलकाता, दक्षिण चौबीस परगना, नदिया, मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों में एसआईआर की स्थिति की समीक्षा करेगी। महीने की शुरुआत में हुई पहली यात्रा में टीम ने उत्तर बंगाल के तीन जिलों में प्रगति का जायजा लिया था। सूत्रों के मुताबिक, पश्चिम बंगाल में तीन चरणों वाली एसआईआर प्रक्रिया का पहला चरण 4 नवम्बर से शुरू हुआ था। मतदाताओं के बीच प्रपत्र वितरण लगभग पूरा हो चुका है। मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय से प्राप्त ताजा जानकारी के अनुसार बूथ स्तर अधिकारियों द्वारा संग्रहित प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है और अब तक एक करोड़ से अधिक प्रपत्र डिजिटल रूप में परिवर्तित किए जा चुके हैं। 27 अक्टूबर तक राज्य में मतदाताओं की कुल संख्या सात करोड़ 66 लाख 37 हजार 529 दर्ज की गई है। पूरी एसआईआर प्रक्रिया अगले वर्ष मार्च तक पूर्ण होने की उम्मीद है। राज्य में पिछली बार यह विशेष संशोधन 2002 में किया गया था। उस समय की मतदाता सूची में जिन मतदाताओं या उनके माता-पिता का नाम दर्ज था उन्हें इस बार स्वतः वैध मतदाता माना जाएगा, जबकि जिनके नाम अथवा उनके माता-पिता के नाम 2002 की सूची में नहीं थे उन्हें अपनी प्रविष्टि बनाए रखने के लिए आयोग द्वारा निर्धारित ग्यारह में से किसी एक दस्तावेज का प्रस्तुतिकरण करना होगा। इस व्यापक पुनरीक्षण प्रक्रिया पर निर्वाचन आयोग की लगातार निगरानी से स्पष्ट है कि मतदाता सूची को सटीक, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने को लेकर इस बार विशेष सतर्कता अपनाई जा रही है।

# एसआईआर पर मल्लिकार्जुन खड़गे बोले-चुनाव आयोग साबित करे

● **वह भाजपा के इशारे पर नहीं कर रहा काम**

**एजेंसी**

नई दिल्ली। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर एक बार फिर केंद्र और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस मतदान सूची की पवित्रता की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ऐसे समय में जब लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास पहले से ही कमजोर है, एसआईआर प्रक्रिया के दौरान चुनाव आयोग का आचरण बेहद निराशाजनक रहा है। उसे तुरंत यह साबित करना होगा कि वह भाजपा के साये में काम नहीं कर



की रक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में चुनाव आयोग की भूमिका लोकतांत्रिक संस्थाओं पर जनता के भरोसे को और कमजोर कर रही है। खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'हमने उन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिवों, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारियों, प्रदेश कांग्रेस कमेटी, कांग्रेस विधायक दल और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिवों के साथ एक व्यापक रणनीति समीक्षा की, जहां एसआईआर प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस पार्टी मतदाता सूचियों की अखंडता रहा है और उसे किसी सत्तारूढ़ दल के प्रति नहीं, बल्कि भारत की जनता के प्रति अपनी संवैधानिक शपथ और निष्ठा का ध्यान है।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमारा दृढ़ विश्वास है कि भाजपा वोट चोरी के लिए एसआईआर प्रक्रिया को हथियार बनाने की कोशिश कर रही है। अगर चुनाव आयोग इस पर ध्यान नहीं देता है तो यह विफलता केवल प्रशासनिक नहीं है, बल्कि यह चुप्पी की मिलीभगत बन जाती है। इसलिए हमारे कार्यकर्ता, बीएलओ और जिला/शहर/ब्लॉक अध्यक्ष निरंतर सतर्क रहेंगे।

## झारखंड के पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता पर लगे गंभीर आरोपों की उच्चस्तरीय जांच हो : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति और उनके कार्यकाल को लेकर एक बार फिर राज्य सरकार पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अनुराग गुप्ता के निलंबन, पुनर्बहाली, डीजीपी पद पर नियुक्ति, सेवा विस्तार और बाद में त्यागपत्र लेने तक की पूरी प्रक्रिया पर सरकार को स्पष्ट जवाब देना चाहिए। मरांडी ने आरोप लगाया कि पूर्व आईपीएस अधिकारी पर वसूली, अवैध उत्खनन, तस्करी और रंगदारी जैसे मामलों में संलिप्तता की शिकायतें सामने आती रही हैं, लेकिन सरकार ने अब तक उनके कार्यकाल की किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच नहीं कराई।

भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि शराब घोटाले के संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री को पहले ही लिखित रूप से अवगत कराया था, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। बाद में सीबीआई की जांच के दौरान वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय चौबे की गिरफ्तारी हुई, लेकिन अनुराग गुप्ता के एसीबी के डीजी रहते हुए 90 दिनों तक चार्जशीट दाखिल नहीं हुई और इस वजह से इस मामले में आईएएस को जमानत मिल गई।

## प्रधानमंत्री बुधवार को जारी करेंगे पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त

● **प्रति किसान 2 हजार रुपये की राशि किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी।**

**एजेंसी**

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार 19 नवम्बर को ''पीएम-किसान उत्सव दिवस'' के अवसर पर कोयम्बटूर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त के रूप में देश के 9 करोड़ कृषकों को 18 हजार करोड़ रूपये किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित करेंगे। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि राज्य के 66.62 लाख किसानों को 1332.40 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की जाएगी। प्रति किसान 2 हजार रुपये की राशि किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी। योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की राशि तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। अब तक योजना में 20 किस्तों के माध्यम से 3.91 लाख करोड़ की राशि हस्तान्तरित की जा



चुकी है। राजस्थान में किसानों को अतिरिक्त राहत प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागू है, जिसके अंतर्गत पीएम किसान सम्मान निधि योजना के सभी पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 3 हजार रुपये की अतिरिक्त राशि दी जा रही है।

# दिल्ली में कोर्ट और स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

**एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर दावा किया कि प्रशांत विहार और द्वारका स्थित सीआरपीएफ के स्कूलों में बम लगाए गए हैं।**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में चार जिला अदालतों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद एहतियात के तौर पर संबंधित स्कूलों और अदालत परिसरों को खाली करा लिया गया है।पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस कंट्रोल रूम को मंगलवार सुबह फोन कर दावा किया कि प्रशांत विहार और द्वारका स्थित सीआरपीएफ के स्कूलों में बम लगाए गए हैं। इसके बाद दोनों परिसरों को खाली करा लिया गया। उन्होंने बताया कि पटियाला हाउस कोर्ट, साकेत कोर्ट, रोहिणी कोर्ट और द्वारका कोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद अदालतों में

शांति सेवा न्याय
Delhi Police
SHANTI SEWA NYAYA

कामकाज अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। बम की धमकी ई-मेल के जरिये मिली थी। सीआरपीएफ और बम निरोधक दस्ते मामले की जांच में जुड़े हैं। हालांकि जांच में अभी तक किसी भी अदालत में बम मिलने की खबर नहीं है। अग्निशमन विभाग के अनुसार आज सुबह करीब 9 बजे आए इस कॉल के बाद स्थानीय पुलिस, बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड, आपदा प्रबंधन, अग्निशमन विभाग सहित अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर घंटों जांच की गयी, लेकिन कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिला। पुलिस ने एहतियात के तौर पर दोनों स्कूलों को खाली कराया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि धमकी देने के तुरंत बाद कॉलर का फोन बंद हो गया और उसकी तलाश के लिए तकनीकी निगरानी शुरू कर दी गयी है।

## चुनावी एशन: बिहार कांग्रेस ने 43 नेताओं को कारण बताओ नोटिस भेजा, तीन दिन में मांगा जवाब

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन में शामिल कांग्रेस ने अब चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने वाले नेताओं पर एक्शन लेना शुरू कर दिया है। इसके तहत मंगलवार को 43 नेताओं को कारण बताओ नोटिस भेजा गया है, इनमें पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री भी शामिल हैं। बताया गया कि बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी-विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने के कारण कांग्रेस पार्टी की अनुशासन समिति ने कई नेताओं को कारण बताओ नोटिस (शोकॉज नोटिस) जारी किया है।



चुनावी अवधि में इन व्यक्तियों द्वारा मीडिया सहित अन्य सार्वजनिक मंचों पर पार्टी की आधिकारिक लाइन से हटकर बयान दिए गए थे, जिससे पार्टी की छवि, प्रतिष्ठा तथा चुनावी प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिल देव प्रसाद यादव के अनुसार संबंधित सभी व्यक्तियों को निर्देशित किया गया है कि वे 21 नवंबर को दोपहर 12 बजे तक अपना लिखित स्पष्टीकरण समिति के समक्ष प्रस्तुत करें। उन्होंने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय-सीमा में उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में अनुशासन समिति विवश होकर कठोर कार्रवाई करेगी, जिसमें कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से लेकर छह वर्षों के लिए निष्कासन भी सम्मिलित है। प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति ने कहा है कि पार्टी अनुशासन और एकता सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा पार्टी को क्षति पहुँचाने वाले किसी भी प्रकार के कृत्य को गंभीरता से लिया जाएगा।

## मेट्रो को बम से उड़ाने की धमकी

बेंगलुरु (एजेंसी)। बेंगलुरु में नम्मा मेट्रो और बीएमआरसीएल को मंगलवार सुबह एक बम धमकी वाला ईमेल मिला, जिसके बाद पूरे मामले में हडकंप मच गया। अज्ञात भेजने वाले ने आरोप लगाया कि मेट्रो स्टाफ उसकी तलाकशुदा पत्नी को परेशान कर रहा है, इसलिए वह किसी मेट्रो स्टेशन पर हमला करेगा। बीएमआरसीएल ने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद विल्सन गार्डन पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 351(2) और 351(3) के तहत स्नढ्ढक्र दर्ज कर ली है। पुलिस ने ईमेल भेजने वाले की पहचान पता करने के लिए जांच शुरू कर दी है। मेट्रो स्टेशनों पर सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। अधिकारी लगातार ईमेल की तकनीकी जांच कर रहे हैं ताकि आरोपी तक पहुंचा जा सके।

## सिर गायब, शरीर निर्वस्त्र... रेलवे ट्रैक पर मिला महिला का क्षत-विक्षत शव

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद में मंगलवार सुबह एक भयावह घटना सामने आई। बैरिया थाना क्षेत्र के बकुलहा गांव के पास रेलवे ट्रैक के किनारे एक महिला का क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका का सिर गायब था और शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था, जिसके चलते पुलिस ने मामले को अत्यंत गंभीर मानते हुए जांच तेज कर दी है। सूचना पर घटनास्थल पहुंचे पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने मीडिया को बताया कि स्थानीय लोगों ने सुबह ट्रैक के किनारे शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और हालात को देखते हुए इसे संदिग्ध व गंभीर मामला माना। मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। एसपी ने कहा कि हत्या की आशंका को नकारा नहीं जा सकता। यह भी जांच का विषय है कि क्या हत्या कहीं और करके शव को रेलवे ट्रैक पर फेंका गया। पुलिस ने आसपास के थानों में हालिया गुमशुदगी रिपोर्टों की पड़ताल शुरू कर दी है। घटना की प्रकृति को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने साक्ष्य एकत्र किए हैं। ग्रामीणों से पूछताछ कर पुलिस संभावित सुराग जुटा रही है।

## पुणे-दिल्ली फ्लाइट में 3 घंटे की देरी...एयरपोर्ट पर यात्रियों ने हंगामा मचा दिया

पुणे (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पुणे एयरपोर्ट पर मंगलवार सुबह तब अफरा-तफरी मच गई, जब इंडिगो की पुणे-दिल्ली फ्लाइट करीब तीन घंटे की देरी से उड़ान भरी, इससे यात्री भड़क उठे और एयरपोर्ट पर हंगामा मचा दिया। ये फ्लाइट सुबह 5ः05 बजे दिल्ली के लिए रवाना होने थी, लेकिन तीन घंटे से ज्यादा देरी से 8ः17 बजे रवाना हुई। फ्लाइट में देरी से परेशान यात्रियों ने बोर्डिंग गेट पर ही इंडिगो स्टाफ पर भड़क उठे। कई यात्री चिल्लाते और शिकायत करते भी दिखाई दिए। इस दौरान का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें यात्रियों को स्टाफ से ऊंची आवाज में बहस करते सुना जा सकता है। परेशान यात्रियों का कहना था कि फ्लाइट की देरी के बारे में पहले कोई सूचना नहीं दी गई और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई। कई लोगों की दिल्ली से आगे की कनेक्टिंग फ्लाइट्स भी छूट गईं। पूरे घटना क्रम पर इंडिगो की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक देरी की वजह तकनीकी खराबी है। पुणे-दिल्ली रूट पर इंडिगो की ये सुबह की पहली फ्लाइट होती है और ज्यादातर बिजनेस और जरूरी यात्रा करने वाले यात्री इसी पर निर्भर रहते हैं।

## भारतीय क्षेत्र में अवैध रुप से मछली पकड़ रहे 79 बांग्लादेशी हिरासत में, बोट भी जब्त

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने भारत के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में तीन बांग्लादेशी फिशिंग बोट्स को जब्त किया है। इन नावों पर सवार कुल 79 बांग्लादेशी मछुआरों को भी हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई 15-16 नवंबर को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा की निगरानी के दौरान की गई। आईसीजी के मुताबिक गश्ती दल ने इन विदेशी नौकाओं को भारतीय जलक्षेत्र में काफी अंदर तक अवैध रूप से संचालित होते पाया। जांच में किसी भी चालक दल के सदस्य के पास भारत के समुद्री क्षेत्रों में मछली पकड़ने के लिए जरुरी अनुमति पत्र नहीं मिला। नावों पर पकड़ी गई ताजा मछलियां और मछली पकड़ने के उपकरण इस अवैध गतिविधि की पुष्टि करते हैं। तटरक्षक बल ने तीनों नौकाओं को पूरी सुरक्षा के साथ फेजरगंज तक एस्कॉर्ट किया, जहां उन्हें आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मरीन पुलिस को सौंप दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तटरक्षक बल ने कहा कि भारत के समुद्री हितों की रक्षा के लिए क्षेत्र में निरंतर सतर्कता और कानून के सख्त अनुपालन को प्राथमिकता दी जा रही है।

## महबूबा पर उपमुख्यमंत्री चौधरी का पलटवार....कभी भ्रमित करने वाले बयान देती

जम्मू, (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी द्वारा पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती के हालिया राजनीतिक बयानों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने महबूबा मुफ्ती से कहा है कि वे पहले अपनी राजनीतिक स्थिति स्पष्ट करें, क्योंकि वह कभी भाजपा के साथ तालमेल करती हैं और कभी भ्रमित करने वाले बयान देती हैं। महबूबा मुफ्ती ने हाल ही में कहा था कि कश्मीर की आवाज अब लाल किले के सामने सुनाई दे रही है।' उन्होंने मुफ्ती के बयान पर सीधा विवाद करने से इंकार किया, लेकिन जोर दिया कि जम्मू-कश्मीर का नागरिक परिस्थितियों को समझदारी से परखता है और राष्ट्रीय एकता के लिए कुर्बानियां देता है। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने केंद्र से अपील की कि विधानसभा चुनाव के दौरान जम्मू-कश्मीर के लोगों से किया गया पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा अब पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में स्थिति सामान्य और शांतिपूर्ण है, जो उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और पंजाब जैसे अन्य राज्यों के समान है, और एक-दो घटनाओं से राज्य की स्थिति नहीं बदलती। उन्होंने आतंकवाद का मुद्दा उठाने के लिए मीडिया के कुछ वर्गों की आलोचना भी की। चौधरी ने मुजफ्फरनगर जिले के शौरम गांव में आयोजित सर्व खाप पंचायत में भी भाग लिया, जहाँ प्रेम विवाह, लिव-इन रिलेशनशिप, नशाखोरी, मृत्युभोज और दहेज जैसे सामाजिक मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने समाज से बुराइयों को दूर करने के लिए पंचायत के फैसलों का पालन करने की बात कही।

# शशि थरूर बोले- 'श्रोताओं में होने की खुशी है...' रामनाथ गोयनका लेक्चर में पीएम मोदी की तारीफ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रामनाथ गोयनका लेक्चर के छठे संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अप्रत्याशित रूप से सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। थरूर ने अपने एक्स पोस्ट में न सिर्फ प्रधानमंत्री के भाषण की सराहना की, बल्कि यह भी कहा कि सर्दी और जुकाम से जूझने के बावजूद श्रोताओं में शामिल होने की खुशी है।



कांग्रेस नेता शशि थरूर के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में भारत की आर्थिक मजबूती का उल्लेख करते हुए कहा, कि भारत अब दुनिया के लिए सिर्फ एक 'उभरता हुआ बाजार' नहीं, बल्कि 'उभरता हुआ मॉडल' बन रहा है। थरूर ने इस बात से सहमति जताई कि पीएम मोदी का फोकस देश की रचनात्मक अधीरता और विकास की तेज दिशा पर था। थरूर ने बताया कि प्रधानमंत्री के भाषण का प्रमुख हिस्सा दो शताब्दी पुरानी मैकाले की औपनिवेशिक सोच और 'गुलामी वाली मानसिकता' से मुक्त होने की अपील पर केंद्रित रहा। पीएम मोदी ने 1834 में आए ब्रिटिश सांसद थॉमस बैबिंगटन मैकाले द्वारा थोपे गए पश्चिमी शिक्षा मॉडल का जक्रि किया और कहा कि अब भारत को अपनी भाषाई और सांस्कृतिक विरासत से फिर जुड़ना चाहिए।

थरूर ने पीएम के उस बयान को भी उद्धृत किया जिसमें उन्होंने कहाः मुझ पर चुनावी मोड में रहने का आरोप लगता है, लेकिन मैं वास्तव में लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए भावनात्मक मोड में था। थरूर की मानें तो प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में यह संदेश दिया कि विकास के लिए भारत को लगातार आगे बढ़ते रहने की बेचैनी बनाए रखनी चाहिए। इसी के साथ थरूर ने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री ने भाषाओं, भारतीय ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए दशकभर के राष्ट्रीय प्रयास का आह्वान किया। उनके मुताबिक यह भाषण आर्थिक दृष्टिकोण और सांस्कृतिक आह्वान—दोनों का सम्मिश्रण था।

थरूर की हल्की नसीहत भी

हालांकि थरूर ने एक नरम टिप्पणी भी जोड़ते हुए लिखा कि काश प्रधानमंत्री यह भी बताते कि रामनाथ गोयनका ने भारतीय राष्ट्रवाद को आवाज देने के लिए अंग्रेजी का इस्तेमाल कैसे किया था। उनके अनुसार—औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति की बात सही है, पर साथ ही यह भी याद रखना चाहिए कि भारतीय इतिहास में अंग्रेजी ने भी कई महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाई हैं।

## ठंड और कोहरे के चलते हुए कई हादसे, डबल डेकर बस पलटी, 3 की मौत, 20 घायल

**लखनऊ (एजेंसी)।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक बड़ा और दर्दनाक हादसा हो गया। यहां सुबह करीब 4 बजे थाना अरौल क्षेत्र में किलोमीटर 216 के पास आगरा से लखनऊ जा रही एक डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में करीब 3 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि करीब 20 लोग घायल हुए हैं। ठंड और कोहरे के चलते मेरठ के खरखौदा थाना क्षेत्र में भी दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक महिला की मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा कानपुर के अरौला थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह चार बजे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर 216 के पास हुआ है। ऐसा बताया जा रहा है कि डबल डेकर बस दिल्ली से बिहार जा रही थी, तभी आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बह 4 बजे अनियंत्रित होकर पलट गई।

इस हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। चीख-पुकार सुनकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पातल में भर्ती कराया गया। इस हादसे में करीब 3 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि करीब 20 लोग घायल हुए हैं। वहीं, गंभीर रूप से घायल 15 यात्रियों को कानपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं दूसरी तरफ मेरठ के खरखौदा थाना क्षेत्र में आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सड़क पार कर रही एक महिला को बचाने के प्रयास में एक बोलेरो वाहन ने अचानक मोड़ लिया और ट्रक से टकरा कर सड़क पर पलट गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 21 लोग घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

## तीन अलग-अलग पते पर बने आतंकी डॉ. शाहीन के पासपोर्ट


**लखनऊ (एजेंसी)।** दिल्ली धमाके की आरोपी राजधानी लखनऊ के खंदारी बाजार की डॉ. शाहीन शाहिद के पास से तीन पासपोर्ट मिला है। तीनों पर अलग-अलग पते, अलग-अलग अभिभावक के नाम दर्ज हैं। एजेंसियां इसे आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने के लिए बनवाए जाने की बात कह रहीं हैं। इन पासपोर्ट को बनवाने व जांच करने वाले अधिकारियों के बारे में भी एजेंसियां जांच कर रही है। लाल किला मेट्रो स्टेशन के बाहर धमाके और फरीदाबाद में विस्फोटक पकड़े जाने के बाद सफेद पोश आतंकी माड्यूल का खुलासा हुआ। इस मामले में अब तक देश की बड़ी सुरक्षा एजेंसियों एनआईए, एटीएस और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 6 डॉक्टर, दो मौलवी समेत 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। अभी तक की जांच में सामने आया कि इस मॉड्यूल की प्रमुख सदस्यों में अल-फलाह यूनिवर्सिटी फरीदाबाद की डॉ. शाहीन शाहिद है। डॉ. शाहीन शाहिद के पासपोर्ट की जांच में कई संदिग्ध खुलासे हुए हैं। लखनऊ निवासी डॉ. शाहीन शुरुआत में कानपुर के जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से जुड़ी थी। तब उसने अपने पासपोर्ट को अपडेट करवाया था। जिसमें पते और अभिभावक के नाम बदलते रहे। सूत्रों के अनुसार, यह बदलाव उनके धार्मिक कट्टरवाद और आतंकी घटना के बाद फरार होने की साजिश का हिस्सा है।

जांच में सामने आया कि डॉ. शाहीन के पासपोर्ट में पहले कानपुर के जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज का पता दर्ज था, जहां वे नौकरी करती थी। नौकरी छोड़ने के बाद दूसरे पासपोर्ट में लखनऊ का पता जोड़ा गया। तीसरे में फरीदाबाद का पता आया, जो अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़ा था। अंतिम पासपोर्ट में इंटीग्रल यूनिवर्सिटी लखनऊ का पता दर्ज है, जहां उसके भाई परवेज अंसारी नौकरी करता है। परवेज को भी धार्मिक कट्टरवाद के संदेह में गिरफ्तार किया गया है। साथ ही डॉ. शाहीन ने अपने अभिभावक का नाम भी कई हर बार बदल दिया है। पहले पासपोर्ट में पिता का नाम दर्ज है। वहीं दूसरे में पति और तीसरे में भाई का नाम दर्ज कराया है। जांच कर रही एजेंसी की माने तो यह सब डॉ. शाहीन की पहचान छिपाने और विदेश भागने की तैयारी में किया गया।

# एसआईआर के खिलाफ दिल्ली में रैली करेगी कांग्रेस

**-खडग़े बोले- हम वोटर्स को हटाने की कोशिश का विरोध करेंगे**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने 12 राज्यों में एसआईआर को लेकर बैठक की। इसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े बैठक, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल हुए। पार्टी दिसंबर के पहले हफ्ते में दिल्ली के रामलीला मैदान पर एसआईआर के खि?लाफ रैली करेगी। बैठक में केसी वेणुगोपाल, संबंधित राज्यों के कांग्रेस प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता तथा उन राज्यों के कांग्रेस कार्यसमिति सदस्यों सहित वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक में खडग़े ने कहा कि कांग्रेस वोटर लिस्ट से नाम नहीं हटाने देगी। ऐसे समय में जब लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास कम हो रहा है, चुनाव आयोग का आचरण अत्यंत निराशाजनक है।



चुनाव आयोग को यह बताना चाहिए कि वह भाजपा की छत्रछाया में काम नहीं कर रहा है। भाजपा वोट चोरी के लिए एसआईआर को हथियार बनाने की कोशिश कर रही है, अगर चुनाव आयोग ने नजरअंदाज कर दिया, तो यह चुप्पी साध लेने जैसा होगा। कांग्रेस असली मतदाताओं को हटाने या फर्जी मतदाताओं को शामिल करने की हर कोशिश का पर्दाफाश करेगी।

### एसआईआर का विरोध बढ़ा

निर्वाचन आयोग के मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर पश्चिम बंगाल के बाद केरल और तमिलनाडु में विरोध बढ़ता जा रहा है। तमिलनाडु के बीएलओ के साथ ही तहसीलदार लेवल तक के अधिकारियों ने मंगलवार से बायकॉट का ऐलान किया है। तमिलनाडु राजस्व कर्मचारी संघों के संगठन ने कहा कि वे वर्कलोड, कम लोग, टाइम लिमिट दबाव और अधूरी ट्रेनिंग और मेहनताने विरोध में प्रदर्शन करेंगे। इधर, केरल सरकार ने स्थानीय निकाय चुनाव पूरे होने तक एसआईआर स्थगित करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। राज्य का तर्क है कि स्थानीय चुनावों के साथ-साथ एसआईआर कराना कठिन है।

## बिहार मॉडल पर होगी तमिलनाडु में भी शानदार जीत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोले—2026 में चमकेगा राजग

विरुधुनगर (एजेंसी)। बिहार चुनाव में मिली सफलता से उत्साहित भारतीय जनता पार्टी ने अब तमिलनाडु में भी उसी मॉडल पर बड़ी जीत का दावा किया है। राज्य भाजपा अध्यक्ष नैनार नागेन्द्रन ने कहा है, कि 2026 के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शानदार जीत दर्ज करेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नागेन्द्रन ने कहा कि बिहार चुनाव परिणाम केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और जदयू के सुशासन की जनता द्वारा दी गई मान्यता है। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर फैलाई जा रही गलत सूचनाओं को लोगों ने पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा, हमें बिहार में इतनी बड़ी जीत की उम्मीद नहीं थी। यह हमारे गठबंधन के लिए ऐतिहासिक सफलता है। अब तमिलनाडु में भी राजग अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में शानदार जीत सुनिश्चित करेगा। इस दौरान नागेन्द्रन ने केंद्र की योजनाओं का विरोध करने को लेकर मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की आलोचना की। उन्होंने कहा कि 卐पीएम श्री卐 जैसी शिक्षा से संबंधित केंद्र प्रायोजित योजनाएं जनता के हित में हैं, और राज्य सरकार को इस दिशा में सकारात्मक रुख दिखाना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया, जब पड़ोसी राज्य केरल ने अपने नागरिकों के हित में 'पीएम श्री' योजना को स्वीकार कर लिया है, तो तमिलनाडु सरकार को इसे लागू करने में क्या आपत्ति है?

# सीएम योगी ने गोरखपुर में एसआईआर फॉर्म भरा... जनता से की अपील

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में अपना फॉर्म भरने और राज्य के मतदाताओं से भी ऐसा करने की अपील की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने निर्वाचन क्षेत्र गोरखपुर में एसआईआर फॉर्म भरा। उन्होंने मतदाताओं से गणना फॉर्म भरने की अपील की, और कहा कि सत्यापित मतदाता एक मज़बूत लोकतंत्र की नींव हैं।



राष्ट्रव्यापी एसआईआर का दूसरा चरण वर्तमान में उत्तर प्रदेश सहित 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित किया जा रहा है (अन्य राज्यः अंडमान और निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, और पश्चिम बंगाल) शामिल है। योगी ने लिखा कि सत्यापित मतदाता एक मज़बूत लोकतंत्र की नींव हैं। आज, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत, मैंने स्वयं गोरखपुर में अपना गणना फॉर्म भरकर जमा किया। आप सभी एसआईआर फॉर्म अवश्य भरें। आपका यह छोटा सा प्रयास भारत के लोकतंत्र को मज़बूत करेगा।

एसआईआर का गणना चरण शुरूः 4 नवंबर से शुरु होकर 4 दिसंबर, 2025 को समाप्त होगा। इसके बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी, 2026 को किया जाएगा। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी पहले लखनऊ में गणना फॉर्म भरा और अधिकारियों को सौंपा। राज्य भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और महासचिव (संगठन), धर्मपाल सिंह ने स्ढ्ढक्र अभ्यास के लिए संगठनात्मक बैठकों को संबोधित किया। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के अनुसार, उत्तर प्रदेश में कुल 15,44,30,092 मतदाताओं को 15,27,32,201 फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं, और 19,57,407 फॉर्म डिजिटल किए जा चुके हैं।

# बिहार चुनाव हाईजैक हुआ, पोलिंग के दिन तक पैसे बांटे गए: गहलोत

**-चुनाव आयोग सरकार से मिला है, ये लोकतंत्र के लिए अच्छे संकेत नहीं**

**जयपुर (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की हार को लेकर राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव में हार-जीत चलती रहती है। बिहार में जिस तरह चुनाव हाईजैक किया गया, महिलाओं को दस हजार रुपए दिए गए। चुनाव चल रहे थे और पैसे बांटा जा रहा था। पोलिंग के दिन तक पैसे बांटे गए और चुनाव आयोग देखता रहा।



गहलोत ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पीएम मोदी कहते हैं कि कांग्रेस का सफाया हो गया है और कांग्रेस टूट जाएगी। कांग्रेस सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरी तरह एकजुट है। जो चुनौती देश के सामने एनडीए द्वारा पेश की गई है, उसका मुकाबला करने में हम सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी में दो साल से कोई अध्यक्ष नहीं बन पा रहा है तो फूट किसकी पार्टी में है? चुनाव हारने के पीछे का कारण पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वहां धनबल का इस्तेमाल किया गया। महिलाओं को पैसा देना एक पहलू है, लेकिन तमाम योजनाओं के जरिए पैसे बांटे गए हैं, आंकड़े चौंकाने वाले हैं।

गहलोत ने कहा कि अंता विधानसभा उपचुनाव मौजूदा राज्य सरकार के फेल होने के कारण हम जीत गए। जब कांग्रेस की सरकार थी और जो योजनाएं हमने चलाईं, उनकी चर्चा पूरे देश में है। उनका बड़ा प्रभाव आज भी है। लोग पछताते हैं कि सरकार चली गई और नई सरकार में कोई सुशासन नहीं है। उनके पास एक ही काम है- हमारी योजनाओं को या तो बंद करो या उन्हें कमजोर कर दो। सरकार के इस रवैये से हम अंता विधानसभा उपचुनाव 15 हजार वोटों से जीते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग सरकार से मिला हुआ है और ये लोकतंत्र के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। उन्हें चाहिए कि तमाम पार्टियों को भरोसे में लें बातचीत करें। एसआईआर को लेकर जो तरीका अपनाया गया, उससे उनकी मंशा पर सवाल उठ रहे हैं।

# बिहार नहीं छोडूंगा, गांव-गांव घूमकर लोगों को जागरुक करने का काम करुंगा: पीके

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में शर्मनाक हार झेलने वाली जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर नतीजों के बाद पहली बार मीडिया के सामने आए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह बिहार नहीं छोड़ने वाले हैं, गांव-गांव घूमकर लोगों को जागरुक करने का काम जारी रखेंगे। बिहार चुनाव में हार का वह प्रायश्चित करेंगे। इसके लिए वह 20 नवंबर को अपने गांधी आश्रम में सामूहिक रूप से मौन उपवास करेंगे। उन्होंने राजनीति छोड़ने वाली बात से इनकार किया है। साथ ही कहा कि वह 6 महीने में संन्यास ले लेंगे अगर नीतीश कुमार की नेतृत्व वाली एनडीए सरकार एक काम कर लेगी।



पटना में मंगलवार को प्रशांत किशोर ने जन सुराज पार्टी को बिहार चुनाव में एक भी सीट नहीं मिलने और हार मिलने की पूरी जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा कि वह साढ़े 3 साल पहले व्यवस्था परिवर्तन के संकल्प आए थे। ईमानदार प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। उन्होंने कहा कि वह बिहार में व्यवस्था परिवर्तन तो छोड़िए, सत्ता परिवर्तन भी नहीं करा सकें। कुछ गलती हुई होगी, इसलिए जनता ने हम पर भरोसा नहीं किया।

पीके ने कहा कि चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने 40 हजार करोड़ रुपये की योजनाएं लाए थे। स्वरोजगार योजना के तहत डेढ़ करोड़ महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपए दिए। सरकार ने यह भी वादा किया था कि 6 महीने में 2-2 लाख रुपये देने का वादा भी किया गया था। पीके ने कहा कि अब नीतीश और बीजेपी की एनडीए सरकार पर यह जिम्मेदारी है कि वह 2-2 लाख रुपये इन परिवारों को दें, ताकि इनकी गरीबी दूर हो सके।

## कर्नाटक में धर्म पूछकर लूट और मारपीट करने के लगे आरोप

**-पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की शुरु**

**बैंग्लुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के शिवमोग्गा में एक व्यक्ति ने दावा किया है कि उसका धर्म पूछने के बाद उसके साथ मारपीट की। एफआईआर के मुताबिक एक व्यक्ति रात करीब 11ः15 बजे सेकंड क्रॉस डाउन के पास पैदल जा रहा था, तभी चार लोगों ने उसे रोका और पूछा कि तुम मुस्लिम हो या हिंदू? इस पर उसने जवाब दिया कि मैं हिंदू हूं। यह सुनने के बाद उन लोगों ने उसके साथ मारपीट की। जेब से 50 हजार रुपए भी निकाल लिए। इसके बाद चाकू दिखाकर उसकी सोने की अंगूठी उतारने को कहा। पीड़ित ने बताया कि वह किसी तरह वहां से भागने में सफल रहा, लेकिन हमलावरों ने पीछा किया। उसे पकड़ लिया और फिर पीटा। तभी एक बाइक सवार गुजरा, जिसे देखने के बाद हमलावर भाग गए। पीड़ित ने दो अस्पतालों में अपना इलाज कराया। वह डर के मारे दो दिन तक घर पर ही रहा। आखिरकार 17 नवंबर को उसने शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिवमोग्गा के विधायक एसएन चन्नबसप्पा पीड़ित के साथ दोड्डापेटे पुलिस स्टेशन पहुंचे और शिवमोग्गा पुलिस की कड़ी आलोचना की। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या शहर में पुलिसिंग की कोई व्यवस्था बची है? उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारी नागरिक विवादों में दखल दे रहे हैं, लेकिन जनता की सुरक्षा जैसे बुनियादी कर्तव्य की उपेक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर के लोग अब पुलिस के पास जाने से भी सुरक्षित महसूस नहीं करते।

# तेज रफ्तार एक्सयूवी खाई में पलटी, शादी समारोह से लौट रहे पांच लोगों की मौत

बलरामपुर। मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार सुबह



हादसा हो गया, जिसमें बलरामपुर के पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सभी लोग सादुल्लाहनगर इलाके के एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर मुंबई और बड़ौदा लौट रहे थे। हादसा इतना भीषण था कि एक्सयूवी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। शवों को निकालने में पुलिस व रेस्क्यू टीम को कई घंटे की मशक्कत करनी पड़ी। रेहरा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम ऐलरा के मजरा जल्लहवा निवासी गुलाम रसूल (70) मुंबई में रहते हैं। वहां पर यह निजी व्यवसाय कर रहे थे। जो अपने बेटे खालिद उर्फ पप्पू (30) के साथ पैतृक गांव को 5 नवंबर को आए थे। साथ में चचेरे पोता दानिश (35) व दानिश का बेटा गुलाम मौनुद्दीन (8) व मुंबई के पारिवारिक दुरेश (30) भी थे। ये लोग सादुल्लाहनगर थाना क्षेत्र के जिगना गांव में रिश्तेदार रईस चौधरी के बेटे और बेटी की शादी में शामिल होने एक्सयूवी कार से आए थे। विवाह कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद उन्होंने वापसी की तैयारी की। योजना के अनुसार, 13 नवंबर की सुबह कार मुंबईङ्कबड़ौदा के लिए रवाना हुई। कार सवारों में शामिल दानिश और गुलाम मोईनुद्दीन को पहले बड़ौदा छोड़ा जाना था, इसके बाद बाकी लोग मुंबई की ओर जाते, लेकिन रास्ते में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर मध्य प्रदेश के रतलाम में हादसा हो गया। कार गुलाम रसूल के बेटे खालिद चला रहे थे। कार हाइवे से अनियंत्रित होकर खाई में उतर गई। जिससे कार में सवार सभी पांचों की मौत हो गई। मृतक गुलाम रसूल के भाई मकसूद चौधरी ने बताया कि हादसे की सूचना मिली है। वह अभी मुंबई में हैं और रतलाम के लिए परिजनों के साथ जा रहे हैं।

# पहचान छिपाकर फ्रांस जा रही सीरिया की महिला गिरफ्तार

**कौमी पत्रिका**

नई दिल्ली। पहचान छिपाकर भारत आई सीरिया मूल की एक महिला को आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। लोजैन अली नाम की महिला यूएई की फर्जी पासपोर्ट के जरिये दिल्ली से फ्रांस जाने की कोशिश कर रही थी। दस्तावेजों की जांच के दौरान फर्जीवाड़ा का खुलासा हुआ। इमिग्रेशन विभाग ने महिला को दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ फर्जीवाड़ा सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और उससे भारत आने के बारे में पूछताछ कर रही है। इमिग्रेशन विभाग की ओर से दर्ज प्राथमिकी में बताया गया कि मामला दस नवंबर का है। दोपहर सवा दो बजे टर्मिनल 3 पर लोजैन अली नामक महिला यात्री एअर इंडिया की उड़ान से पेरिस जाने के लिए आई। टर्मिनल के चेक-इन काउंटर पर उसने बताया कि उसके पास यूएई का पासपोर्ट है। पासपोर्ट देखने पर कर्मचारियों को उसके



नकली होने का शक हुआ। गहन जांच में पासपोर्ट फर्जी पाया गया। पूछताछ में पता चला कि महिला सीरिया की रहने वाली है और उसके पास सीरिया का भी पासपोर्ट मिला। पासपोर्ट की जांच में पता चला कि वह एक नवंबर 2025 को मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से भारत में दाखिल हुई थी और इमिग्रेशन क्लियरेंस ले चुकी थी। इमिग्रेशन अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। सीरिया के पासपोर्ट से भारत आने और फिर यूएई के पासपोर्ट से फ्रांस जाने के सवाल को लेकर पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है। आखिरकार महिला को अपनी पहचान बदलने की जरूरत क्यों पड़ी। वह अपनी पहचान छिपाते हुए भारत से चुपचाप क्यों जा रही है। जांच में जुटी टीम महिला से पूछताछ कर पता लगाने की कोशिश कर रही है कि एक नवंबर को भारत आने के बाद वह कहां कहां गई और किससे संपर्क किया। सीरिया लंबे समय से आतंकवाद और गृह युद्ध के चपेट में है और आइएसआइएस की गतिविधियों का केंद्र रहा है।

# जरूरतमंदों का राशन हजम कर रहे 29 हजार अमीर, घर में महंगी गाड़ियां और कंपनी के मालिक भी ले रहे मुफ्त राशन

रायबरेली। रायबरेली जिले में अमीर लोग जरूरतमंदों के हक को हजम कर रहे हैं। शासन स्तर पर इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट ऑफ पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम (आईएमपीडीए) की जांच में यह सच सामने आया है। हर माह मुफ्त में राशन ले रहे लगभग 29 हजार अपात्र पकड़ में आए हैं। जिले में 4082 वाहन मालिक, 18236 आयकर दाता व 54 जीएसटी रिटर्न भरने वाले गरीब बनकर हर माह तकरीबन 4500 क्विंटल मुफ्त राशन हजम कर रहे हैं। शासन से सूची मिलने के बाद अपात्रों के कार्ड निरस्त करने का काम शुरू कर दिया गया है। जिले में पांच लाख से अधिक अंत्योदय व पात्र गृहस्थी के राशन कार्ड हैं। आधार अपडेटिंग और बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद जिले में 29 हजार से अधिक ऐसे राशन कार्डधारक चिह्नित हुए हैं, जिनके पास कंपनियों की मालिकाना हकदारी, महंगी गाड़ियां हैं। आयकर रिटर्न भी भरते हैं। शासन से भेजी गई सूची का घर-घर सत्यापन शुरू कर दिया गया है। अमावां के खैरहना के विपिन सिंह राशन कार्ड संख्या 215810264488 में शामिल हैं। इन्होंने कार खरीदी है। इसके बाद भी परिवार के लोग हर माह मुफ्त में राशन हजम कर रहे थे। जांच के बाद राशन कार्ड को निरस्त कर दिया गया है। लालपुर चौहान निवासी विमलेश कुमारी का परिवार हर माह फ्री राशन ले रहा है। कार्ड संख्या 215840698428 में शामिल जागेश्वर ने व्यावसायिक वाहन खरीदा है। हर माह कमाई भी कर रहे हैं, लेकिन अपात्र होने के बाद भी राशन कार्ड को नहीं कटवाया है। ऊंचाहार क्षेत्र के विनीता देवी के परिवार में हैवी मोटर वाहन है। इसके बाद भी वे गरीब बनी हुई हैं। जांच में राशन कार्ड संख्या 215840488527 में शामिल लोग गरीब नहीं मिले। राशन कार्ड को निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला पूर्ति अधिकारी उबैदुर्रहमान का कहना है कि शासन स्तर से लग्जरी व व्यावसायिक वाहनों के मालिकों, आयकर व जीएसटी रिटर्न भरने वालों समेत 29 हजार से अधिक अपात्रों की सूची मिली है। सभी आपूर्ति निरीक्षकों को सूची देकर अपात्रों के राशन 6 कार्ड निरस्त कराने का काम शुरू कर दिया गया है। कई अपात्रों के कार्ड निरस्त भी किए जा चुके हैं।

## शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर ठगी करने वाले दो पकड़े

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर लोगों से पैसे ठगने वाले साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने हरियाणा के रोहतक और हिसार में तीन दिन तक चली कार्रवाई के बाद दो आरोपियों नीरज (28) और अमन (24) को गिरफ्तार किया। यह गिरोह एक अकाउंटेंट केवल कुमार को शेयर बाजार में अच्छे मुनाफे का झांसा देकर 3.31 लाख रुपये ठगने में शामिल था। शिकायतकर्ता को एक महिला ने व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर खुद को म्यूचुअल फंड सलाहकार बताया और एप डाउनलोड करवाकर निवेश करने के लिए राजी किया। फर्जी मुनाफा दिखाकर पीड़ति से चार किश्तों में पैसे जमा करवाए गए। बाद में जब उन्होंने पैसा निकालना चाहा तो, एप ने अनुरोध ब्लॉक कर दिया और धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने बताया कि पुलिस ने करीब 100 मोबाइल नंबर, आईपी लॉग और बैंक खातों के लेनदेन की जांच कर आरोपियों का पता लगाया। जांच में सामने आया कि नीरज अपने बैंक खाते को 2 फीसदी कमीशन पर उपलब्ध कराता था, जबकि अमन 4 फीसद कमीशन पर साइबर ठगों को खाते मुहैया कराता था। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो मोबाइल, सिम कार्ड, डेबिट कार्ड और चेक बुक बरामद किए हैं। धोखाधड़ी से जुड़े कई खातों को फ्रीज कर अब तक 29,110 रुपये की राशि वापस पाई गई है।

## दिल्ली में युवक ने पेट्रोल डालकर लगाई आग

नई दिल्ली। पश्चिम दिल्ली के आनंद पर्वत इलाके में 29 वर्षीय युवक ने बढ़ते कर्ज और उधार देने वालों के दबाव के चलते अपने किराए के कमरे में खुद को आग लगा ली, हालांकि वह बच गया। यह जानकारी पुलिस ने मंगलवार को दी। पुलिस के अनुसार, सोमवार रात करीब 9.50 बजे सूचना मिली कि एक व्यक्ति जल गया है और उसे बीएलके अस्पताल लाया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि घायल की पहचान विशाल सिंह के रूप में हुई। डॉक्टरों ने बताया कि उसने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी। उसकी हालत स्थिर है। पुलिस टीम ने अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों की मौजूदगी में सिंह का बयान दर्ज किया। अधिकारी ने बताया, विशाल ने कहा कि उसके व्यवसाय में तीन से चार लाख रुपये का नुकसान हुआ था और वह समय पर किराया नहीं दे पा रहा था।


### NAME CHANGE
I, JC No.462948N Rank-NB/SUB Name- SURESH HEDDURE, R/O Near Ganesh Temple, Yadur, Yadur, Belagavi, Kamataka, Pin -591213, hereby declare that my Minor son's name of RANVEER SURESH HEDDURE have changed to KAIVALY SURESH HEDDURE for all future purposes vide Affidavit dated 18/11/2025 before Notary Public, Delhi.

### NAME CHANGE
I, ANJU ALANKRITA W/O Shri Jitender Kumar, D/O Shri Bhagmal Mehta, R/O House No.RZ-31, L-Block, New Roshanpura, Najafgarh, South West Delhi, Delhi-110043, have changed my name from ANJU MEHTA to ANJU ALANKRITA. I shall be known as ANJU ALANKRITA in future for all purposes.

### NAME CHANGE
I, PREMA KISHORE W/O KAMAL KISHORE R/O HOUSE NO-RZF-258, RAJ NAGAR PART-2, NEAR D.D.A.PARK, PALAM COLONY, SOUTH WEST DELHI,DELHI-110077, HAVE CHANGED MY NAME TO PREMA KISHOR W/O KAMAL KISHOR FOR ALL FUTURE PURPOSES

### NAME CHANGE
I Mohammad Imran S/O Md Momin R/O. H.No-242, Gali No-9, Bhagat Vihar, Karawal Nagar Delhi-110094 have changed my name to Md Imran

### NAME CHANGE
I Geeta W/o Pavan Kumar, 181, Bahaita Hajeepur, Loni, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201102 have changed the name of my minor daughter Tannu aged 17 years and she shall hereafter be known as Taniya.

### NAME CHANGE
I Vijay Prakash S/O. Malkhan Singh R/O. 87, Sarai Kale Khan, Hazrat Nizamuddin, New Delhi-110013 have changed my name to Vijay Prakash Bansal for all future purposes.

### PUBLIC NOTICE
It is for general information that I, Suhail Tomer S/o Parvez Tomer R/o 0, Nidori, Samaipur, Ghaziabad, Uttar Pradesh-245304 declare that name of mine and my father has been wrongly written as Suhail and Parveen Alam in my 10th and 12th Class Educational Documents. The actual name of mine and my father are Suhail Tomer and Parvez Tomer.

### NAME CHANGE
It is for general information that I, Vikas Kumar S/O Ashok Kumar R/o FF-29, G/F, Gali No.17, Laxmi Nagar, Delhi-110092 declare that name of my minor daughter has been wrongly written as Mishti in my minor daughter Mishti Thakur aged 14 years in her School Records. The actual name of my minor daughter is Mishti Thakur.

### NAME CHANGE
I hitherto known as KALICHARAN SINGH S/o MEGHRAJ SINGH, R/o 140, Gram Chitoli, Hapur, PO: Hapur, Dist: Hapur, Uttar Pradesh-245101, have changed my name and shall hereafter be known as KALICHARAN SINGH BANA.

### NAME CHANGE
I RATNESH KUMAR S/O BHOGENDER ROY R/O A-476 JJ COLONY BAKKARWALA WEST DELHI-110041 HAVE CHANGE MY NAME TO RATNESH KUMAR ROY

### NAME CHANGE
I MOHAMMAD HASAN S/O SIRAJ AHMED R/O H NO-2242 GALI NO 22 BABA SURDAS COLONY TILPAT AMARNAGAR FARIDABAD HARYANA 121003 HAVE CHANGE MY NAME TO MOHD HASAN

### NAME CHANGE
It is for general information that I, HEENA CHAWLA D/O KISHORE CHAWLA R/o A-93, Chander Nagar, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201011, declare that name of my-father has been wrongly written as KISHORE KR. CHAWLA in my 10th Class Certificate and KISHORE KUMAR CHAWLA in my 12th Class Certificate.The actual name of my father is KISHORE CHAWLA.

### NAME CHANGE
I hitherto known as BABLU S/O ATRE R/O Shahpur, Babheta, PO: Ghaziabad, District Ghaziabad, Uttar Pradesh-201001, have changed my name and shall hereafter be known as BABAL.

### NAME CHANGE
I Rupsi D/o Paramjeet Singh and W/o Satinder Pal Singh R/o 10, Main Post Office Road, N.G.M.H.O, Kota, Rajasthan - 324007, have changed my name to Ravinder Kaur

### NAME CHANGE
I, Inder Gola S/o Ram Parsad R/o A-4/9, Near Lal Quater, Krishna Nagar, Delhi-110051 have changed my name to Inder Mohan.

### NAME CHANGE
I hitherto known as DUTT TAJINDERKAUR JASPALSING alias DHUTT TAJINDARKAUR JASPALSINGH D/O JASPAL SINGH DUTT W/O SIMRAN SINGH R/O E-87, Ganesh Nagar Complex, Pandav Nagar Delhi Laxmi Nagar, East Delhi, Delhi-110092 have changed my name and shall hereafter be known as TAJINDER KAUR.

### NAME CHANGE
It is for general information that I, SHIVAJI SINGH YADAV S/o SHRINATH YADAV, R/o Village Dahra Kalan Tehsil Saidpur, Dahra Kala, Dahra Kalan, Ghazipur, Uttar Pradesh-233304, declare that name of mine and my father have been wrongly written as SHIVAJI SINGH YADAVA and SHRI NATH YADAVA in my Service Record. The actual name of mine and my father are SHIVAJI SINGH YADAV and SHRINATH YADAV respectively.

### NAME CHANGE
I nirmala devi W/O Joginder Singh R/O B-52 ayudh vihar plot no 3 sector 13 dwarka delhi 110078 changed my name to Nirmala Mehlawat.

### NAME CHANGE
I Joginder Singh S/O Kartar Singh R/O B-52 ayudh vihar plot no 3 sector 13 dwarka delhi 110078 changed my name to Joginder Singh Mehlawat.

### NAME CHANGE
It is for general information that I, PRIYANKA KUMARI D/o NAGENDER YADAV, R/o Khasra No. 34/22 Ground Floor, Block-B Raja Vihar, Near Hanuman Mandir, Badli, PO: Samai Pur, Dist. North West Delhi, Delhi-110042, declare that name of my father has been wrongly written as NAGENDRA in my 10th class and as NAGENDRA YADAV in my 12th class educational documents. And name of my mother has been wrongly written as SHARDA in my 10th and 12th class Educational Documents. The actual name of my father and my mother are NAGENDER YADAV and SHARDHA respectively.

### NAME CHANGE
I, Ajay Kumar S/O Radheshyam Residing at B-4/388, JJ colony, situated at bhalaswa, delhi-110042, Permanent address Kolhui, Maharajganj, Uttar Pradesh-273162, have changed the name of my minor daughter Saraya Kumari aged 15 years and she shall hereafter be known as Shreya Modanwal.

### NAME CHANGE
It is for general information that I, SANDHAYA BHARTI W/o SANJAY, R/o A-268, Vikas Kunj, Ashram Road, Loni, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201102, declare that name of my minor son and my husband have been wrongly written as KAVYA and SANJAY KUMAR in my minor son namely GOURAV aged 15 years in his Aadhaar Card No. 7692 9248 5864. The actual name of my minor son and my husband are GOURAV and SANJAY respectively.

### NAME CHANGE
I, Pawan Kumar S/O Jagan Nath Goel R/O Flat No 1005, 10th Floor, Tower-12 A, Lotus Panache, Sector 110, Noida, Gautam Budha Nagar, UP, 201301 have changed my name to Pawan Goel for all future purposes.

### PUBLIC NOTICE
I, Farjana W/O Jatin Kumar D/O Abdul Mutalib R/O- Ho-106, Gujjar Chauk, Jasola Village, Jamia Nagar, South Delhi, Delhi-110025. Do hereby solemnly affirm and declare that I have embraced HINDUISM and renounced ISLAM with effect from 23.10.2024. Have changed my name and shall hereafter be known as Maahi.

### PUBLIC NOTICE
My Client SURESH S/O SH. LATE SH. KARAM CHAND, R/O H.NO.64, BALMIKI MOHALLA, TUGHLAKABAD VILLAGE, BADARPUR, SOUTH DELHI, NEW DELHI-110044, has disowned/debarred her son Susheel, and Bhoomika Wife of Susheel, from all his moveable/immovable properties/assets and severed all their relations with them due misbehavior/misconduct towards my client. If anybody dealing with them in any manner will do so at his/her/their own risk and responsibility.

**Parvez Advocate**
CH.NO.888, LAWYERS BLOCK
SAKET COURT, NEW DELHI-17
MOB:-9871956044

### NAME CHANGE
It is for general information that I ANJALI RAWAT D/O BISHAN SINGH RAWAT R/O 372 - A, Nyay Khand - I, Indrapuram, Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201014 declare that the name of my Mother has been wrongly written as SAROJINI RAWAT in my 10th Class Roll No. 5388922 and 12th Class Roll No. 9611744 and B.Sc. Degree Roll No. 19056567072 , Educational Documents. The actual name of my Mother is SAROJANI RAWAT , Which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE
I, Priyanka Shekhar W/O Ravi Shekhar R/O Sf-3, Plot No-14, Shakti Khand-2 Indra Puram, Shipra Sun City Indirapuram Ghaziabad Up 201014 Have changed my name minor duaghter's name (Samriddhi to Samriddhi Shekhar) for all future purposes.

### NAME CHANGE
I, Priyanka Shekhar W/O Ravi Shekhar R/O Sf-3, Plot No-14, Shakti Khand-2 Indra Puram, Shipra Sun City Indirapuram Ghaziabad Up 201014 Have changed my name minor Son's name (Raj to Utkarsh Shekhar) for all future purposes.

### PUBLIC NOTICE
Under the instruction of my client, namely NAZMA WD/O Mr Mohammed Ahsan R/o,1234, Faiz Ganj Bahadur Garh Road, Bara Hindu Rao Delhi-110006; 1 on Behalf of him declare that son of my client or any other family member as they are doing all the acts/deeds as per their own wishes and hence my client and his family member have severed all their relations with said son and my client as well as his/her family members are not responsible for their acts/deed etc and hereby further declare that they are debarred from all movable and immovable properties.

**SAIF ALI Advocate**
CHAMBER NO. 654, SAKET
DISTRICT COURTS,
NEW DELHI 110017
Mob: 9718885646

### PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General Public that Mrs. Hemlata W/o Mr. Ram Sharan is the owner of Residential Vacant Plot of area measuring 60 Sq. Yds., i.e., 50.16 Sq. Mtrs., out of Khet No. 507, Situated in the area of Village Kulesara, Pargana Dadri, Tehsil & District Gautam Budh Nagar, U.P., vide regd. Sale Deed dated 02.08.2008, duly registered in the SRO Gautam Budh Nagar, vide Doc. No. 9534, in Book No. 1, Volume No. 3609, on Pages No. 333 350, executed by Mr. Dharamveer Bhadana S/o Mr. Khushhal Singh Bhadana, was lost and on line FIR already lodged vide LR no. 3361923/2025, and same to be finance by SMFG India Home Finance Company Ltd., General public hereby informed that if anybody has any charge/interest/title in the said property or any kind of dispute kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Rahul Raj, Advocate,**
SG Associates (Law Firm)
B-01, Plot No. 20, Kaushambi,
Ghaziabad-201010.
E-MAIL:sgassociatespl@gmail.com,
Ph: 0120-4968888, 8130309204.

### PUBLIC NOTICE
My client Sh. Mukesh Jain s/o Late Sh. Ramesh Chand Jain R/o- x/1350, Gali no-2, Rajgarh Colony, Gandhi Nagar, Delhi-110031, has severed relations with his son Tarun Jain S/o Sh. Mukesh Kumar Jain and daughter in law Shivani w/o Tarun Jain has debarred him from all Moveable/ Immoveable properties, due to his disobedience, misbehavior & misconduct Anybody deals with him, my P/client shall never be responsible for his any action any manner in future.

**Anuvansh Gupta ( Advocate)**

### NAME CHANGE
I Asad Kadeer S/o Qadeer Ahmad R/o 544gha/320, Ahiran Khera, Dubagga Lucknow, Uttar Pradesh - 226003, have changed my name to Mohammad Asad Qadeer

### NAME CHANGE
I Mohd Arshad Qadeer S/o Qadeer Ahmad R/o 544D/320, Ahiran Khera, Dubagga Lucknow, Uttar Pradesh - 226003, have changed my name to Mohammad Arshad Qadeer

### NAME CHANGE
I Deepak Kumar S/o Ashok Kumar R/o Nayapurva, Tenduli Lakhnipur, Fatepur, Uttar Pradesh - 212635, have changed my name to Anurag Verma

### NAME CHANGE
It is for general information that I, SANTOSH KUMHAR S/o MITHU KUMHAR R/o Plot No. 32 A, Block-L-II, Mohan Garden, Shakti Vihar, Uttam Nagar, PO: D.K. Mohan Garden, Dist. West Delhi, Delhi-110059, declare that name of mine and my minor son have been wrongly written as SANTOSH and VIKASH in my minor son namely VIKASH KUMAR aged 15 years in his 10th class Educational Documents. The actual name of mine and my minor son are SANTOSH KUMHAR and VIKASH KUMAR respectively.

### NAME CHANGE
It is for general information that I, ADNAN AZMI S/O ZAHIRUDDIN AZMI R/o L-2, Third Floor, Pili Pulia, Abul Fazal Enclave-1, Jamia Nagar, Okhla, New Delhi-110025 declare that name of my father has been wrongly written as ZAHURUDDEEN in my 10th Class Gradsheet Cum Certificate of CBSE Board, 12th Class Certificate Cum Marksheet of U.P. Board, Driving License No. UP5420150013604, Passport No.N4879641 and Aadhar Card No.555585053709. The actual name of my father is ZAHIRUDDIN AZMI, which may be amended accordingly.

### PUBLIC NOTICE
**Reg:** Entire Second floor, (the said floor), built on Plot bearing No. 21/6, area measuring 85.9 sq, yds, Situated at Old Rajinder Nagar, Delhi, hereinafter referred to as "said property". Be it known to all that our client, Mrs. Deeksha Anand (hereinafter called the "Purchaser") intends to purchase the said floor from Mrs. V. Anandi (hereinafter called the "Seller") who owned the said property vide Sale Deed dated 27.05.2003 and through succession after the death of Lte Mr. K.N. Vaidyanathan on 28.04.2024. In this connection, (1) Mrs. Chammo (2) Mr. Mohinder Singh (3) Mr. Swaran Singh (4) Miss. Kulwant Grover (5) Mrs. Sarbans Kaur Chawla (6) Mrs. Gurbachan Oberoi were the owner of the said property vide Conveyance Deed dated 22.06.2001 and thereafter these owners have executed Regd. General Power of attorney dated 09.08.2002 and SPA dated 09.08.2002 in favour of Mr. Shailender Juneja and ATS and Will dated 09.08.2002 in favour of Miss. Hema Juneja. And finally, Sale Deed dated 27.05.2003 executed by Mr. Shailender Juneja as GPA in favour of (1) Mr. K.N.V. Nathan (2) Mrs. V. Anandi. Hence, Mrs. V. Anandi has become the owner of the said property as mentioned above and agree to sell the said floor to our client. The seller has also informed the purchaser that the said floor is not mortgaged anywhere and there is no charge or dispute or any litigation pending regarding the said floor.
Any person including Bank/s, Financial Institution/s, relative/s having any claim, right, title or any interest of any nature whatsoever into or upon the said floor is hereby called upon to make the same known, in writing, with documentary evidence, by Registered AD Post, to the undersigned at the address mentioned herein below within 07 days of publication of this notice and in the event of no response having been received to the notice, the title of the seller in respect of the said floor shall be deemed to be clear of any charge or encumbrance of any nature whatsoever and any subsequent claim shall not bind our client/Purchaser, in any manner whatsoever.

**Shivkant Arora (Advocate)**
**M/s Intellective Law Offices**
**A-74, LGF,Defence Colony,**
**New Delhi -110024**

### PUBLIC NOTICE
Information is given to general public at large that our client Mr. Harender S/o Mr. Prem Chand is the owner of Freehold Residential Plot Land area measuring 14 Marle 02 Sarsai i.e. 430 Sq. Yds. Out of Khewat/Khata No. 43/49 Mustatil No. 25 Killa No. 5 (5-18) Situated at Araji Jarai Waka Mauja Panheda Kalan Tehsil Ballabhgarh District Faridabad, Haryana. by virtue of Transfer Deed dated 04.10.2023 Vide Doc No. 5349, Book No.1, Registered on 04.10.2023, in S.R-Ballabhgarh., in the chain document below mentioned document not available i.e. Death Certificate & SMC of Late Mr. Padam Singh. now our client is declaring that that any other Person does not have any right over the said property, and same has been finance by Piramal Finance Ltd. Branch Faridabad Haryana. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

### PUBLIC NOTICE
Information is given to the general public at large that my client Mrs. Shafiai who is the owner of Property Bearing No. 23, MCD No. 38, having land area measuring 50 sq. yds., pertaining to the Rectangle No. 38, Killa No. 7, situated at Gali No. 2, Aram Park, Shastri Nagar, in the area of village Khureji Khas, Illaqa Shahdara, Delhi, (herein referred as the "said property through Relinquishment Deed dated 06-08-2008 executed by Mr. Subhan Ahmed, Mr. Anwar Ahmed, Mohd. Rizwan, Mr. Shahin Parveen & Ms. Fatma in favour of Mrs. Shafia in respect of their share in the said property, as Doc. No. 10689, in Book No. I, Volume No. 3616, Page Nos. 70-72 on 06-08-2008 (SRO-VIII). Now, my client intends to mortgage the said property to Godrej Finance Limited. Any person(s), institution having any claim and /or objection in respect of the said property shall communicate the same to the undersigned at our address within 15 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person and institution shall not be binding upon the said property or purchaser.

**Ashwani Kumar (Advocate)**
Delhi High Court Enrl, No,
D/5304/2018 New Delhi
Tis Hazari Court New Delhi
PH. No. 921277
4686//9716471606/9910788221

### सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नाम - श्री जनार्दन प्रसाद चौबे, वर्तमान पता- मकान संख्या- 1654, गली संख्या- गली संख्या 17 बी, कॉलोनी- कृष्णा कुंज, भोंडसी 168, जिला- गुरुग्राम, राज्य- हरियाणा, डाकघर- गुड़गांव, शहर, पिन कोड- 122001, तहसील- नयागांव, गाँव- गुरुग्राम, भारत। मेरे मुवक्किल की ओर से सभी संबंधितों को ज्ञात हो कि पंजीकरण विलेख विवरण- 1, बिक्री विलेख संख्या 2737, पुस्तक संख्या 1, दिनांक 26.09.2013। एसआरओ - सोहना। श्रीमती गरिमा पंत, पुत्री श्री अमित कुमार पंत द्वारा श्रीमती आरती, पत्नी श्री जनार्दन चौबे और श्रीमती रीता देवी, पत्नी श्री उमेश प्रसाद के पक्ष में निष्पादित। कुल भूमि क्षेत्रफल 100 वर्ग गज। (संपत्ति श्रृंखला का हिस्सा) दस्तावेज गायब है और यह खेवट/खाता संख्या 700 किता 22 रकबा 170 कनाल 7 मरला शेयर 3 1/2/6814 में शामिल 50 वर्ग गज मापने वाली एक संपत्ति/मकान/प्लॉट क्षेत्र का हिस्सा है, जो वाका मोजा भोंडसी तहसील सोहना जिला गुरुग्राम में स्थित है। और यही संपत्ति **उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड,** एससीओ-36, सेक्टर-15-पार्ट-II, गुड़गांव (हरियाणा), पिन-122001 (मेरे मुवक्किल) के पास गिरवी है। उक्त संपत्ति के संबंध में, उपयुक्त कागजात गुम/खो गए हैं और उनका पता नहीं चल पा रहा है और इस संबंध में पी.एस. हरियाणा में एक रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, आवेदन संख्या- 132270462501120, दिनांक 12.10.2019 को खो गया है। कोई भी व्यक्ति, एसोसिएशन, या कोई अन्य कानूनी संस्था जो इसे पाती है, उससे अनुरोध है कि इसे तुरंत अधोहस्ताक्षरी को वापस कर दें। कोई भी व्यक्ति, जिसके पास उक्त खोए/गुम हुए दस्तावेज के आधार पर या अन्यथा विषय संपत्ति में किसी भी प्रकार का अधिकार, दावा, शीर्षक या हित है, वह प्रकाशन के 15 समर्थन दिनों के भीतर, दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरी के समक्ष अपना दावा प्रस्तुत कर सकता है। इस नोटिस के बाद, किसी भी प्रकार का कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**दीपक मलिक ( अधिवक्ता )**
पता - प्लॉट 604, दुकान-2, कटारिया कॉम्प्लेक्स, दयानंद कॉलोनी, गुड़गांव

### NAME CHANGE
I,Rashidan Begum, W/o Inayat Hussain, H.No RZ - 2073, Gali No.23, Tughlakabad Extension, Delhi 110019,declare Rashidan Begum and Rashidan both are the same and one person.

### NAME CHANGE
I mohd khalil s/0 nasir ahmed add 8025 gali tyre wali Bara hindu rao delhi 110006 changed my name mohammad Khalil.

### NAME CHANGE
I, SMT TAHIVANI Mother of JC-880568L Rank-NB SUB Name-SENTHIL KUMAR S Presently residing at 25, PONNIYENTHAL, INDANKULAM, KARAIKULAM, INDANKULAM, SIVAGANGA, TAMIL NADU-630709, have changed my name from SMT TAHIVANI to DEIVANAI SHANMUGAM for all future purposes vide Affidavit dated 18/11/2025 before Notary Public, Delhi.

### NAME CHANGE
I, SURJEET SINGH ARORA S/o Kuldeep Singh R/o H.No.86/87 A, South Anarkali, Jagat Puri, Krishna Nagar, Delhi-110051, have changed my name to SURJEET SINGH permanently

### NAME CHANGE
I, OMKAR SHARMA S/o Mohan Lal Sharma R/o B-1663, Mayur Vihar Phase-3, Gharoli Dairy Colony, Delhi-110096, have changed my name to ONKAR SHARMA permanently

### NAME CHANGE
I, hitherto known as Km. PREETI BHATI W/O: Ajit Singh, R/O wair, Wair Badshahpur, PO: Wair, DIST: Bulandshahr, Uttar Pradesh - 203202, have changed my name and shall hereafter be known as POONAM BHATI.

### NAME CHANGE
I, Sumit Agrawal S/O Vijay Shankar Agrawal R/O House No-20, Housing Bord Colony, Sector-10, Faridabad Haryana-121006, Have changed my name to Sumit Shankarr Agrawal for all future purposes.

### NAME CHANGE
I, Raghvendra S/O Chandra Pal Singh R/O House No-a/148, 3rd Floor, Mahendera Enclave, Shastri Nagar,Ghaziabad, Uttar Pradesh-201002, Have changed my name to Raghvendra Singh for all future purposes.

### NAME CHANGE
It is for general information that I, RAHUL S/O SATPAL R/O 4, Type-II, Quarters, Schedule, B Presindent Estate, VTC-Rashtrapati Bhawan, PO-Rashtrapati Bhawan, District-Central Delhi, Delhi-110004 declare that name of my minor son has been wrongly written as YUVAAN BANBAL in my minor son namely YUVAAN BAINWAL aged 10 years in his School Records. The actual name of my minor son is YUVAAN BAINWAL which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE
I, SHANTAMMA mother of JC-443308P Rank-NB SUB Name-RAVI KUMAR residing at VPO-ITAGI, TEHSIL-YELABURGA, DIST-KOPPAL, KARNATAKA-583232, have changed my name from SHANTAMMA to SHANTAVVA for all future purposes vide affidavit dated 18/11/2025 before Notary Public, Delhi.

### NAME CHANGE
I, JC-442446K Rank- SUB Name-VENKATA NAIDU BEVARA residing at VPO-PEDABUDDIDI, RAVIVALASA, TEHSIL-JIYYAMMA VALASA, DIST-VIZIANAGARAM, ANDHRA PRADESH-535525, have changed my minor son's name from BEVARA JESWANTH KUMAR to BEVARA JASWANTH KUMAR for all future purposes Vide Affidavit dated 18/11/2025 before Notary Public, Delhi.

### सार्वजनिक सूचना
यह सूचित किया जाता है कि श्री सुनील कुमार पुत्र एवं श्रीमती पूनम पत्नी वर्णित संपत्ति संख्या- 155, छत के अधिकारों सहित भूमि क्षेत्र- कुल 50+50=100 वर्ग गज, खसरा संख्या- 24/1/1 राजस्व संपदा, ग्राम डाबरी, दिल्ली राज्य दिल्ली, कॉलोनी-शिव ब्लॉक, रघु नगर, नई दिल्ली-110045, को श्रीमती सम्पदा आहूजा पत्नी श्री विनोद आहूजा और श्रीमती ज्योति आहूजा पत्नी श्री हर्ष आहूजा से खरीदने का इरादा रखते हैं संपत्ति का स्वामित्व क्रम इस प्रकार है- मूल मालिक श्रीमती किरण सचदेवा ने दिनांक 06.04.1999 के नोटरीकृत जीपीए (तक्र), एटीएस (ATS), और वसीयत (Will) के माध्यम से संपत्ति श्रीमती कृष्णा देवी को हस्तांतरित की। श्रीमती कृष्णा देवी ने दिनांक 11.12.2001 के पंजीकृत जीपीए, एटीएस, और पंजीकृत वसीयत के माध्यम से संपत्ति श्री जय नारायण गोयल को हस्तांतरित की। श्री जय नारायण गोयल ने दिनांक 01.01.2003 की पंजीकृत विक्रय विलेख (Registered Sale Deed) के माध्यम से संपत्ति श्री ललित गोयल को बेची। श्री ललित गोयल ने दिनांक 21.11.2007 के नोटरीकृत जीपीए, एटीएस, और वसीयत के माध्यम से संपत्ति श्री वेद प्रकाश को हस्तांतरित की। श्री वेद प्रकाश ने दिनांक 10.07.2008 के नोटरीकृत जीपीए, एटीएस, और वसीयत के माध्यम से संपत्ति श्री एस.पी. गुप्ता और श्री अशोक कुमार को हस्तांतरित की। उन्होंने दिनांक 13.10.2009 के नोटरीकृत जीपीए, एटीएस, और दो वसीयतों के माध्यम से संपत्ति श्रीमती रंजू गुप्ता को हस्तांतरित की। श्रीमती रंजू गुप्ता ने दिनांक 08.09.2025 के नोटरीकृत जीपीए, एटीएस, और वसीयत के माध्यम से संपत्ति का आधा अविभाजित हिस्सा श्रीमती सम्पदा आहूजा को और शेष आधा अविभाजित हिस्सा श्रीमती ज्योति आहूजा को हस्तांतरित किया। उपरोक्त के अनुसार, श्रीमती सम्पदा आहूजा और श्रीमती ज्योति आहूजा वर्तमान में उक्त संपत्ति की पूर्ण एवं वैध स्वामिनी हैं। कृपया ध्यान दें कि उक्त संपत्ति का वित्तपोषण बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, गाजियाबाद शाखा (उ.प्र.) द्वारा प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।

**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

### सार्वजनिक सूचना
यह सूचित किया जाता है श्रीमती चंदर कांता मोदी और श्री आकाश मोदी मकान नंबर K.D.87 के मालिक हैं। इस संपत्ति का क्षेत्रफल 355.55 वर्ग गज (297.27 वर्ग मीटर) है और यह आवासीय कॉलोनी कवि नगर, गाजियाबाद, तहसील और जिला गाजियाबाद, यू.पी. में स्थित है। संपत्ति के मूल आवंटी श्री फूल सिंह थे, जिन्होंने GD से 17.02.1976 की लीज डीड (पट्टा विलेख) और 02.06.1976 की फ्रीहोल्ड डीड (स्वामित्व विलेख) के माध्यम से अधिकार प्राप्त किए थे। तत्पश्चात, श्री फूल सिंह ने यह संपत्ति 13.06.2008 की विक्रय विलेख (Sale Deed) के माध्यम से श्री महेश चंद मोदी और श्रीमती चंदर कांता मोदी को बेच दी। श्री महेश मोदी ने अपने पुत्र, श्री आकाश मोदी के पक्ष में 22.04.2014 को एक वसीयत (Will) निष्पादित की थी, जिसके द्वारा उन्होंने संपत्ति में अपना आधा हिस्सा उन्हें सौंपा। श्री महेश कुमार मोदी का दुर्भाग्यवश 10.08.2024 को निधन हो गया। उनके कानूनी वारिसों में निम्नलिखित शामिल हैं- श्रीमती चंद्रकांता मोदी (पत्नी), श्री आकाश मोदी (पुत्र), श्रीमती पलक गर्ग (पुत्री), और श्रीमती तृप्ति गोयल (पुत्रियाँ)। श्री आकाश मोदी का नाम 06.04.2022 के म्यूटेशन (दाखिल-खारिज) के माध्यम से GDA रिकॉर्ड में संपत्ति के उनके आधे हिस्से के लिए विधिवत दर्ज (म्यूटेट) किया गया। परिणामस्वरूप, श्रीमती चंदर कांता मोदी और श्री आकाश मोदी अब उपर्युक्त संपत्ति के पूर्ण स्वामी (absolute owners) हैं। इस बात की पुष्टि की जाती है कि संपत्ति सभी प्रकार के मुकदमों, भारों (encumbrances), ग्रहणाधिकारों (liens), शुल्कों या दावों से मुक्त है। कृपया ध्यान दें कि वर्तमान में यह संपत्ति आरबीएल बैंक लिमिटेड, शाखा- गुड़गांव, हरियाणा द्वारा वित्तपोषित (financed) द्वारा किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।

**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मैसर्स शाहजी इंडस्ट्रीज अपने मालिक श्री नजीब खान, पता मकान नं के माध्यम से 246, खसरा नंबर 299, गली नंबर 12, अशोक वाटिका, साहिबाबाद, गाजियाबाद-201005 ने सीसी नं 7842/2019 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थानाः प्रशांत विहार, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री नजीब खान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **श्री नजीब खान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीसी नं. 7842/2019 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत थानाः प्रशांत विहार, दिल्ली के उक्त श्री नजीब खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**पुनम सिंह**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-04**
**एनआईएक्ट-04 कमरा नं.04**
**वेस्ट जिला (उप भवन-I)**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/15327/OD/2025


**कौमी पत्रिका**
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## डॉ. बी.एल. गौड़ की दो पुस्तकों का लोकार्पणः 'कैसे बने विश्वकर्मा' और 'हाई राइज बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन'

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** साहित्य एवं तकनीकी जगत के प्रख्यात लेखक डॉ. बी.एल. गौड़ की दो महत्वपूर्ण पुस्तकों – 'कैसे बने विश्वकर्मा' एवं 'हाई राइज बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन' का लोकार्पण एसजीटी यूनिवर्सिटी के चांसलर पद्म भूषण राम बहादुर राय ने किया। कार्यक्रम में गौड़ ग्रुप के सीएमडी मनोज गौड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति कार्यालय में गरिमामय मीट-एंड-ग्रीट सत्र से हुई। चांसलर द्वारा लोकार्पण के बाद डॉ. बी.एल. गौड़ ने पुस्तकों के विषय, उद्देश्य और इनके सामाजिक व तकनीकी महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. बी.एल. गौड़ ने अपने संबोधन में दोनों पुस्तकों के निर्माण क्षेत्र में उपयोग और भविष्य की तकनीकी जरूरतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे बने विश्वकर्मा विशेष तौर पर निर्माण क्षेत्र से जुड़े छात्रों और इंजीनियरों को व्यावहारिक ज्ञान देने के उद्देश्य से लिखी गई है। वहीं हाई राइज बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन आधुनिक इमारतों के निर्माण में उपयोग होने वाली तकनीकों, मापदंडों और सुरक्षा मानकों पर जानकारी प्रदान करती है।

## झज्जर : बैट्रियों से भरे कंटेनर में आग से लाखों का नुकसान

**झज्जर।** एचएसआईआईडीसी के सेक्टर-16, बहादुरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र में बड़ा हादसा होते-होते बच गया। मुंबई से इथियम बैटरी और पावर बैंक की खेप लेकर पहुंचे एक कंटेनर में अचानक आग लग गई। जिससे लाखों रुपए का नुकसान हो गया। नुकसान का सही मूल्यांकन अभी नहीं हो पाया है। ट्रक में लगी आग ने देखते ही देखते पूरे कंटेनर को अपनी चपेट में ले लिया और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत यह रही कि समय पर फायर ब्रिगेड को सूचना देने और त्वरित कार्रवाई के चलते आग पर नियंत्रण पा लिया गया, जिससे जनहानि नहीं हुई। घटना सुबह उस समय हुई जब उत्तर प्रदेशके इलाहाबाद निवासी सुरेश अपने कंटेनर में इथियम बैटरी और पावर बैंक की खेप लेकर सेक्टर-16 स्थित एक कंपनी परिसर में पहुंचा था। जैसे ही सुरेश बैटरियां उतारने लगा, कंटेनर में रखे पैकेटों के बीच से धुआं उठने लगा। कुछ ही पलों में बैट्रियों में आग भड़क गई और पूरी खेप धधकने लगी। सुरेश ने तुरंत कंपनी प्रबंधन और फायर विभाग को सूचना दी। दमकल विभाग से 3 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग इतनी तीव्र थी कि कंटेनर के अंदर रखा अधिकतर माल जलकर राख हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपये का नुकसान बताया जा रहा है।

## हिसार में पुलिस कर्मियों को नियमित रूप से मिलेगा साप्ताहिक अवकाशः केके राव

**हिसार।** हिसार रेंज के एडीजीपी केके राव ने पुलिस कर्मियों को निर्धारित साप्ताहिक रेस्ट समय पर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट पुलिस बल ही बेहतर और प्रभावी कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्षम होता है। एडीजीपी केके राव सोमवार को पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया करने उपरांत संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को ड्यूटी रोस्टर इस प्रकार तैयार करने के निर्देश दिए कि प्रत्येक कर्मी को उसका साप्ताहिक अवकाश सुचारू रूप से मिलता रहे। परेड के दौरान उन्होंने पुलिस बल की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस, परेड की गुणवत्ता एवं फील्ड तैयारियों का विस्तार से निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन भी मौजूद रहे।निरीक्षण उपरांत एडीजीपी केके राव ने दरबार लगाया, जिसमें पुलिस कर्मियों द्वारा उठाए गए मुद्दों, समस्याओं और मांगों को सुना गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों के शीघ्र व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस बल का कल्याण और मनोबल बढ़ाना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि हिसार पुलिस बल अनुशासन, मर्यादा और जनता के प्रति समर्पण की मिसाल प्रस्तुत कर रहा है। हम अपने प्रत्येक पुलिस कर्मी को बेहतर कार्य परिस्थितियां, समय पर अवकाश और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वचनबद्ध हैं। परेड और दरबार के माध्यम से हम न केवल प्रशिक्षण को मजबूत करते हैं बल्कि कर्मियों की वास्तविक जरूरतों को भी जानकर उनका समाधान सुनिश्चित करते हैं।

## दिल्ली-जयपुर मार्ग पर चलती कार में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी में दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को चलती हुई कार में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। कार में आग लगने के बाद चालक ने तुरंत कूदकर अपनी जान बचाई। जबकि कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मोहित अपनी कंपनी की बैठक में शामिल होने के लिए गाजियाबाद से जयपुर जा रहे थे। रास्ते में अचानक एक नीलगाय सड़क पर आ गई। जिसे बचाने का प्रयास किया, परंतु टकराने के बाद कार बेकाबू हो गई। कुछ दूरी आगे बढ़ने पर बनीपुर चौक के पास कार के बोनट से धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग भड़क गई। आग लगने के बाद मोहित ने तुरंत कूदकर अपनी जान बचाई। मोहित ने स्वयं आग बुझाने का प्रयास भी किया लेकिन कामयाब नहीं हुए। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम पर कॉल कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीम, दमकल विभाग और कसौला थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

# गुरुग्राम में जल्द बनेगा 400 बेड का आधुनिक अस्पतालः आरती सिंह राव

### हरियाणा के लिंगानुपात में सुधार के लिए प्रदेशवासियों का जताया आभार

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि गुरुग्राम में 400 बेड के अत्याधुनिक अस्पताल का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। प्रदेश सरकार शीघ्र ही अस्पताल निर्माण के लिए टेंडर आमंत्रित करेगी। अस्पताल में 400 बेड के साथ 200 अतिरिक्त बेड के विस्तार की भी व्यवस्था निर्माण चरण में ही की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री सेक्टर-10 कादीपुर रोड स्थित रोटरी ब्लड बैंक सेंटर में सोलर पावर प्लांट का शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। इन दोनों मशीनों को समाजसेवी ओमप्रकाश कथूरिया (ओम स्वीट्स) की ओर से पंजाबी बिरादरी महा संगठन को अपने सीएसआर से फंड दिया गया। महा संगठन ने स्वास्थ्य विभाग को ये मशीनें दोनों अस्पतालों के लिए भेंट कीं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने रोटरी ब्लड केंद्र का



निरीक्षण किया, सुविधाओं का जायजा लिया तथा थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों से बातचीत की। उन्होंने रोटरी क्लब को 11 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा भी की। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि गुरुग्राम शहर की स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने के लिए सरकार जिले में 30 अर्बन आरोग्य केंद्र स्थापित करने जा रही है। प्रदेश में स्वास्थ्य संरचना को सुदृढ़ करते हुए हाल ही में 1100 डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। आने वाले दिनों में और नियुक्तियां की जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लिंगानुपात में पिछले समय में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिसके लिए उन्होंने जनता का आभार जताया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि रोटरी क्लब जैसी संस्थाएं स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को निःशुल्क सेवाएं और ब्लड बैंक की सस्ती सुविधाओं को सराहनीय बताते हुए उन्होंने आश्वस्त किया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यक हर सहयोग प्रदान किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने सोहना नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन तथा फरुखनगर नागरिक अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे मशीन का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर रोटरी ब्लड सेंटर गुरुग्राम की ओर से प्रधान मुकेश शर्मा, उपप्रधान रविंद्र जैन, महासचिव डा. मुनीष खुल्लर ने पंजाबी बिरादरी महा संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों की व उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।

## कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी का किया दौरा



**एजेंसी**

**सोनीपत।** हरियाणा कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने जीटी रोड स्थित हरियाणा अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी का दौरा किया। मंत्री श्याम सिंह राणा ने मंडी में पहुंचते हुए बागवानी विभाग व निर्माण एजेंसी के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मंडी में चल रहे निर्माण कार्यों से अवगत करवाया।

बागवानी विभाग के कार्यकारी अभयंता सुभाष सिंह ने मंत्री श्याम सिंह राणा को निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी दी। मंत्री ने मंडी में रोड निर्माण, सीवरेज, बिजली, पेयजल व्यवस्था, कामन शेड, हार्टीकल्चर इंस्टीट्यूट, कोल्ड स्टोरेज, किसानों के लिए तैयार किए जा रहे प्लेटफार्म का भी निरीक्षण करते हुए कार्यों में और तेज गति लाने के निर्देश दिए।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि मंडी में कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। कुछ जगहों पर कुछ परेशानियां है जिसे हल कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक साल बाद मंडी का काम पूरा हो जाएगा और प्रथम चरण के तहत मंडी शुरू हो जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को मंडी की जमीन पर अवैध रूप से रह रहे लोगों के पुनर्वास के लिए आदेश दिए।

## वन मित्रों को नहीं मिल रही सुविधाएं और वेतन

**एजेंसी**

**जींद।** वन विभाग के वन मित्रों ने प्रधान मुकेश बेलरखां के नेतृत्व में वन विभाग की सुविधाएं और वेतन न मिलने को लेकर लघु सचिवालय पहुंच कर सीटीएम मोनिका को मांगों को लेकर सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से वन मित्रों के प्रधान मुकेश ने बताया कि हरियाणा सरकार ने पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए हरियाणा वन विभाग में वन मित्र योजना के तहत वन मित्र भर्ती कर रखे हैं । वन मित्र पिछले डेढ़ साल लगातार पेड़ लगा रहे हैं और उनकी देखभाल कर रहे हैं । हरियाणा को हरा-भरा बनाने में जीजान से जुटे हैं लेकिन वन मित्रों को वन विभाग की ना तो कोई सुविधा और ना ही वेतन मिल रहा है।

उन्होंने बताया कि आने वाले समय में पर्यावरण को पेड़ लगा कर ही बचाया जा सकता है। पर्यावरण अपने आप स्वस्थ होगा, जब हर घर में वन मित्र द्वारा लगाया गया वृक्ष होगा। इसी उद्देश्य को लेकर वन मित्र पूरी ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया गया है। उसमें जितने भी पेड़ लगेंगे, उनकी रक्षा भी वन मित्र करेंगे। यह प्रावधान वन मित्र योजना में है। पूर्व



मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वादा किया था कि बीपीएल परिवारों के वन मित्रों को रोजगार देकर उनकी आय में बढ़ोत्तरी करेंगे। जिससे उनके परिवार का पालन पोषण हो सके। उन्होंने मांग की कि वन मित्रों को वन विभाग द्वारा उपलब्ध सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं और उनका बकाया वेतन दिलाया जाए।

## राष्ट्रीय मान्यता के लिए एनक्वास टीम ने बहादुरगढ़ नागरिक अस्पताल का किया निरीक्षण

**एजेंसी**

**झज्जर।** राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के लिए नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) की नेशनल टीम ने बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल का निरीक्षण शुरू कर दिया। अधिकारियों की यह टीम तीन दिन तक अस्पताल का निरीक्षण करेगी। पहले दिन टीम ने अस्पताल के सभी वार्डों में स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों के अधिकारों और सफाई व्यवस्था सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं की जांच की। इस दौरान अस्पताल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलने से अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने की उम्मीद की है। हाल ही में स्टेट क्वालिटी टीम के निरीक्षण में बहादुरगढ़ का नागरिक अस्पताल सफल रहा था। अब राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन किया जा रहा है। टीम में पंजाब से नेशनल मूल्यांकनकर्ता (असेसर) डॉ. गुरबीर सिंह ढिल्लों, रुद्रप्रयाग से डॉ. मोनिका राणा और धास से क्वालिटी नर्सिंग ऑफिसर डॉ. रेणुका शिंदे शामिल हैं। टीम ने पहुंचते ही प्रबंधन के साथ बैठक की और सभी वार्डों का निरीक्षण किया। अग्निशमन यंत्र, नाम पट्टिकायें खिडक़ी-दरवाजे, स्टाफ के व्यवहार, सफाई व्यवस्था और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को परखा गया। इसके अलावा सेवा प्रावधान, मरीजों के अधिकार, मदद व्यवस्था, इन्फेक्शन नियंत्रण, क्लीनिकल सेवाएं, क्वालिटी मैनेजमेंट और आउटकम जैसे बिंदुओं का भी मूल्यांकन किया जा रहा है। अगर अस्पताल इन मानकों पर खरा उतरता है तो इसे राष्ट्रीय प्रमाण पत्र मिलेगा। जिससे बजट और सुविधाओं में बढ़ोतरी हो सकेगी। बहादुरगढ़ नागरिक अस्पताल में रोजाना लगभग 1500 मरीज उपचार के लिए आते हैं। दवाइयों की कमी, एक्स-रे फिल्म न मिलना और सुरक्षा में कमी जैसी समस्याएं यहां अक्सर सामने आती रही हैं। लेकिन निरीक्षण से पहले कई दिनों से व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही थीं। टीम के आगमन को लेकर अस्पताल प्रबंधन कई दिनों से तैयारियों में जुटा था। अस्पताल में सफाई, रंग-रोगन, वेटिंग एरिया, एलईडी स्क्रीन, हेल्प डेस्क और स्ट्रेचर-बेड की व्यवस्था सुधार दी गई। परिसर में पौधों के गमले भी लगाए गए। अब देखने वाली बात यह है कि टीम के दौरे के दौरान सुधरी व्यवस्थाएं आगे भी जारी रहेंगी या अस्पताल फिर पुरानी स्थिति में लौट आएगा।

## देश के विकास के लिए प्रत्येक गांव का समृद्ध होना जरूरीः चंद्र शेखर

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** एसजीटी विश्वविद्यालय में हरियाणा के सरपंचों के लिए 'ग्राम सभा का उदय ही अंत्योदय' विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। पंच परमेश्वर विद्यापीठ के अध्यक्ष चंद्र शेखर प्रधान ने कार्यशाला को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। कार्यशाला में हरियाणा पंचायत राज एक्ट, गांवों के विकास से संबधित अनेक विषयों पर वक्ताओं ने अपनी राय रखी। विधि संकाय की विभाग अध्यक्ष प्रो. ऋचा चौधरी ने कार्यशाला में आए सभी सरपंचों का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि पंच परमेश्वर विद्यापीठ के अध्यक्ष चंद्र शेखर प्रधान ने कहा कि देश के विकास में गांवों का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए प्रत्येक गांव का समृद्ध होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पंचायत अगर सशक्त और समृद्ध होगी तो देश भी विकसित होगा। उन्होंने अनेक विषयों के बारे में सरपंचों को अवगत



कराया। ग्राम सभा और ग्राम पंचायत की शक्तियों तथा संविधान और ग्राम के विकास की योजनाओं की जानकारी भी दी। इस मौके पर प्रधान ने गांवों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे एसजीटी विश्वविद्यालय की भूमिका की भी सराहना की।विधि संकाय की विभाग अध्यक्ष प्रो डा. ऋचा चौधरी ने भी कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गांव के लिए पंचायत वैसे ही जरूरी है जैसे कि शरीर के लिए एक आत्मा जरूरी है। सरपंच को गांव में किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और उसका विश्वविद्यालय कैसे समाधान करते हुए सहयोग कर सकता है इसके बारे में विस्तार से बताया। जावा गांव का प्रतिनिधित्व कर रही है महिला सरपंच प्रेमचरण ने कार्यशाला में अपने गांव के बारे में बताया तथा अच्छे कार्यों के लिए उनके गांव को मिले सात अवार्डों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विकास धरातल पर दिखाई दे इसके लिए जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि निगरानी कमेटी का गठन किया जाना चाहिए जो हर क्षेत्र में ध्यान रख सके। हमें अपनी बच्चियों को भी अराजक तत्वों से बचाना है। जींद एवं दादरी से आए सरपंचों ने कार्यशाला में अपनी बातें रखी और कुछ जरूरी सवाल भी किए। सामाजिक कार्यकर्ता आरएस पूनिया कार्यशाला में हरियाणा पंचायत राज एक्ट में संशोधन की बात कही ताकि गांव का विकास तेजी से हो सके। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा का उदय ही अंत्योदय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें ग्राम सभा को मजबूत बनाने और ग्रामीण विकास को गति देने के लिए मिलकर काम करना होगा।

## पुलिस अधीक्षक ने अर्दली रूम में कार्यों की करी समीक्षा

**एजेंसी**

**जींद।** पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने अर्दली रूम में जाकर विभिन्न शाखाओं के कार्यों की समीक्षा की तथा उपस्थित पुलिसकर्मियों की व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याएं सुनीं। अधिकांश समस्याओं का समाधान उन्होंने मौके पर ही किया तथा संबंधित शाखाओं को यह निर्देश दिए कि किसी भी कर्मचारी की समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाए।

निरीक्षण के उपरांत एसपी कुलदीप सिंह ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस कर्मियों का सशक्त और अनुशासित रहना ही विभाग की पहचान है। जनता के प्रति संवेदनशीलता और कार्य के प्रति ईमानदारी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, समयपालन और जनसेवा की भावना से कार्य करने के निर्देश दिए। एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि पुलिस की वर्दी केवल अधिकार का नही बल्कि सेवा और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने पुलिसकर्मियों को पुलिस महानिदेशक हरियाणा द्वारा संचालित ऑपरेशन ट्रैकडाउन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा उन्होंने ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत जिले में अवैध गतिविधियों, फरार आरोपितों, अवैध हथियार धारकों तथा नशा तस्करों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिससे अपराधिक प्रवृत्तियों पर पुलिस का शिकंजा और अधिक मजबूत हो। सभी प्रबंधक अफसरों को निर्देश दिए कि अपने-अपने जिम्मेवारी के इलाके में किसानों को पराली न जलाने बारे जागरुक करें व अवमाना की सूरत में उचित कानुनी कार्यवाही की जाए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को जनता के प्रति मित्रतापूर्ण व्यवहार तथा बातचीत का आचरण अच्छा रखने कि हिदायत दी।

## कौशल विकास और वित्तीय साक्षरता से कारोबार का विस्तार करें महिलाएं : प्रियंका सोनी

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा की निदेशक आईएएस प्रियंका सोनी ने कहा है कि महिलाओं में कौशल विकास को बढ़ावा देना जरूरी है। महिलाएं कौशल विकास के साथ-साथ वित्तीय साक्षारता और मार्केट तक सरल पहुंच के माध्यम से अपने उद्योगों का विस्तार कर सकती हैं। प्रियंका सोनी पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के महिला विंग शी फोरम द्वारा आयोजित सतत महिला उद्यमिता श्रृंखला के अंतर्गत 'एम्पावरिंग माइंड' कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम में भारी संख्या में चंडीगढ़ ट्राईसिटी की महिला उद्यमियों ने भाग लिया। उन्होंने उद्यमिता और नेतृत्व में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु एक सार्थक मंच प्रदान करने के लिए पीएचडीसीसीआई शी फोरम की सराहना की। इस सत्र का उद्देश्य महिला उद्यमियों का सम्मान करना और महिलाओं के नेतृत्व में स्थायी एवं सुदृढ़ व्यवसाय निर्माण की रणनीतियों पर चर्चा करना था। पीएचडीसीसीआई शी फोरम, हरियाणा की अध्यक्ष सुश्री अलका गुरनानी ने समावेशी आर्थिक विकास में महिला उद्यमियों की भूमिका पर ज़ोर दिया। उन्होंने क्षेत्र में मेंटरशिप के




अवसर पैदा करने, लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने और महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स को समर्थन देने के लिए शी फोरम की योजनाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए पीएचडीसीसीआई की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक सुश्री भारती सूद ने निरंतर जुड़ाव और क्षमता निर्माण के माध्यम से महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए पीएचडीसीसीआई की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर आयोजित पैनल चर्चा में पैनलिस्ट सुश्री लीना सिंह, वरिष्ठ उद्यमी, एमवे इंडिया ने व्यावसायिक सफलता को बनाए रखने में निरंतरता, अनुकूलनशीलता और संबंध-निर्माण के महत्व के बारे में बात की। यू-एंगेज की सह-संस्थापक सुश्री अभिलाषा शर्मा, कोडऑरिक्स की संस्थापक सुश्री स्विंकी शर्मा, अल्टरनेट लूप की संस्थापक सुश्री शिखा गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त किए।

## एचपीएससी ने ट्रेजरी अफसरों के लिए जारी किया परीक्षा परिणाम

### प्री में क्वालीफाई करने वाले फाइनल परीक्षा में लेंगे भाग

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा लोक सेवा आयोग ने ट्रेजरी अफसर और असिस्टेंट ट्रेजरी अफसर के लिए ली गई परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। प्री में क्वालीफाई करने वाले अभ्यर्थियों को अब फाइनल परीक्षा में शामिल होने का मौका मिलेगा। एचपीएससी की तरफ से प्री एग्जाम के लिए 2 नवंबर को परीक्षा आयोजित हुई थी।

जारी परिणाम के अनुसार ट्रेजरी अफसर के 5 पदों के लिए प्री एग्जाम में 83 और असिस्टेंट ट्रेजरी अफसर के 30 पदों के लिए 843 अभ्यर्थी योग्य पाए गए हैं। अब फाइनल एग्जाम के लिए नोटिफिकेशन जारी होगा। ट्रेजरी अफसर के परिणाम में 8 अभ्यर्थी ऐसे रहे, जो रिजर्व कैटेगरी के होते हुए जनरल की कट ऑफ में शामिल हुए हैं। वहीं असिस्टेंट ट्रेजरी अफसर के परिणाम में 164 अभ्यर्थी ऐसे रहे, जो रिजर्व कैटेगरी से जनरल में शामिल हुए हैं। उल्लेखनीय है कि एचपीएससी ने साल 2023 में ट्रेजरी अफसर के 5 और असिस्टेंट ट्रेजरी अफसर के 30 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। 28 अप्रैल 2023 आवेदन करने की अंतिम तिथि थी। ट्रेजरी अफसर के लिए जनरल के लिए 2, एससी के लिए 1, बीसी के लिए 1 और ईडब्ल्यूएस के लिए 1 पद आरक्षित है। असिस्टेंट अफसर के 30 पदों में जनरल के लिए 16, एससी के लिए 6, बीसीए के लिए 4, बीसीबी के लिए 1 और ईडब्ल्यूएस के लिए 3 पद आरक्षित है।

## आतंक के खिलाफ कारगर हथियार- जागरुक नागरिक

- पुलिस महानिदेशक बोले, एक सनक है आतंकवाद
- एनसीआर क्षेत्र में एंटी टेररिज्म तंत्र को करेंगे मजबूत

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** फरीदाबाद में विस्फोटक मिलने की घटना के बाद अब हरियाणा पुलिस केंद्रीय एजेंसियों तथा पड़ोसी राज्यों से मिलकर आतंकवाद के विरूद्ध अभियान छेड़ेगी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एंटी टेररिज्म तंत्र को मजबूत किया जाएगा।

हरियाणा पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने रविवार को देररात चली बैठक के बारे में सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी दी। ओपी सिंह ने आतंक को अलग तरह की सनक बताते हुए इन गतिविधियों में लिप्त लोगों को खुली चुनौती दी है। ओपी सिंह ने कहा कि जन-सुरक्षा एक कभी न थमने वाला काम है। सनकी और चालक लोग शिकार में लगे रहते हैं। अपराध तंत्र भी उनको नाथने में लगा रहता है। वो कभी पहले धरे जाते हैं, कभी बाद में।

आतंकवाद एक अलग ही लेवल का सनक है। सिरफिरे अपने औने-पौने मनवाने के फेर में लगे रहते हैं। सीधी लड़ाई की औक़ात नहीं है। सो, आम लोगों को टारगेट करते हैं। मकसद होता है दहशत फैलाना। इनको रोकने के लिए राज्य पुलिस से




लेकर केंद्रीय एजेंसियों तक का एक व्यापक तंत्र है। दिन-रात काम करता है। कल ही एक अंतरराज्जीय बैठक की है। केंद्रीय खुफिया एजेंसी, दिल्ली पुलिस और यूपी के एंटी-टेररिज्म में लगे पुलिस अधिकारी शामिल हुए।

इस बैठक में सूचनाएं एवं स्टेटस अपडेट साझा किए गए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियां जब मिलकर काम करती हैं। हरियाणा के एनसीआर क्षेत्र के अपने एंटी-टेररिज्म तंत्र को और भी मजबूत किया जा रहा है। ये सूचनाएं इकट्ठी करेगी, अनुसंधान करेगी और आंतकवादी गतिविधियों के संदिग्धों के खिलाफ लगातार अभियान चलाएगी। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे कारगर हथियार है। अलर्ट आम नागरिक। इससे आतंकियों को छिपने की जगह नहीं मिलेगी, उन्हें प्लानिंग और ऑपरेशन के लिए स्पेस नहीं मिलेगा

## हंगामे की भेंट चढ़ी पंचायत समिति बहादुरगढ़ की बैठक

**एजेंसी**

**झज्जर।** खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय सभागार में पंचायत समिति की बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई। बैठक में रखे गए करीब साढ़े सात करोड़ के अनुदान वाले विभिन्न कार्यों के प्रस्ताव हंगामे की वजह से पास नहीं हो सके। पंचायत समिति बहादुरगढ़ की बैठक में सात अहम एजेंडों को चर्चा के लिए रखा गया था लेकिन सभी एजेंडों पर असहमति रही। बैठक में 26 सदस्यों ने भाग लिया। ऐसे में सभी एजेंडे 14-12 से रिजेक्ट कर दिए गए। बैठक की अध्यक्षता चेयरपर्सन वर्षा गौतम ने की। इस दौरान खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सुरेंद्र खत्री भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

विपक्ष के पार्षदों ने एक भी प्रस्ताव पास नहीं होने दिया। प्रस्ताव चर्चा के लिए लाए जाते ही उसे रद किया जा रहा था। कुछ पार्षद तुरंत



बोल देते कि हमें विकास कार्य नहीं करवाना है। ऐसे में इस एजेंडे को भी रद्द किया जाता है। इसमें स्टांप ड्यूटी के करीब सवा चार करोड़, केंद्रीय वित्त आयोग के करीब दो करोड़ और करीब डेढ़ करोड़ की राशि राज्य वित्त आयोग की विभिन्न किश्तों से आई थी, जिसको विकास कार्यों पर खर्च किया जाना था। लेकिन एक भी एजेंडा पास नहीं हो सका। बता दें कि इससे पहले हुई दो बैठक में भी आरोप-प्रत्यारोपों का दौर चला था। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सुरेंद्र खत्री ने बताया कि बैठक में सात एजेंडे चर्चा के लिए रखे गए थे

**NAME CHANGE**

I hitherto known as BIMAL KUMAR alias BIMAL MARWAHA alias BIMAL KUMAR MARWAH alias BIMAL KUMAR MARWAHA S/o JOGINDER PAL MARWAHA, R/o E-14-1402 /T, Gulmohar Estate, Samiah Lake City, Danpur, Udham Singh Nagar, Uttarakhand-263153, have changed my name and shall hereafter be known as BIMAL KUMAR MARWAHA, for all future purposes.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, MANOJ KUMAR S/O DAYA KISHAN R/O Gubhana (70), Gobhana, Jhajjar, Haryana- 124507 declare that name of mine and my wife have been wrongly written as MANOJ and NIRMLA in my minor daughter KARISHMA aged 17 years in her Educationanl Documents. The actual name of mine and my wife are MANOJ KUMAR and NIRMALA respectively which may be amended accordingly.

## ऑनलाइन ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म ग्रो का मार्केट कैप 1 लाख करोड़ के पार




**मुंबई** ऑनलाइन ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म ग्रो की पैरेंट कंपनी बिलियनब्रेन गैरेज वेंचर्स लिमिटेड ने बड़ा मुकाम हासिल किया। कंपनी का बाजार पूंजीकरण पहली बार 1 लाख करोड़ रुपए की सीमा पार कर गया। ग्रो के शेयरों में चौथे दिन भी तेजी रही और यह 14.37 फीसदी बढ़कर 169.87 रुपए तक पहुंचा। आईपीओ लिस्टिंग के बाद से ग्रो के शेयर अब तक लगभग 50 फीसदी ऊपर और अपने इश्यू प्राइस से 78 फीसदी से अधिक बढ़ चुके हैं। आईपीओ 4 से 7 नवंबर तक खुला और 95-100 रुपए प्रति शेयर की कीमत तय की गई थी। इसका कुल सब्सक्रिप्शन 17.6 गुना हुआ, जिसमें योग्य संस्थागत खरीदारों ने 22.02 गुना और गैर-संस्थागत निवेशकों ने 14.20 गुना रुचि दिखाई। विशेषज्ञों के अनुसार ग्रो का मजबूत बिजनेस मॉडल, आसान ऐप इंटरफेस और ग्राहक-केंद्रित सेवाएं इसकी सबसे बड़ी ताकत हैं। कंपनी लगातार नई सुविधाएं जोड़ रही है, जिससे उपयोगकर्ताओं की संख्या और कमाई तेजी से बढ़ रही है। ग्रो अब मार्जिन ट्रेडिंग, शेयरों के बदले लोन, पर्सनल लोन, वेल्थ मैनेजमेंट और इंश्योरेंस जैसी नई सेवाओं का विस्तार कर रही है। शुरुआती चरण में ही ये सेवाएं तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं, भविष्य में इसके और भी बढ़ने की संभावना है।

## फिजिक्सवाला के आईपीओ की शेयर बाजार में जोरदार शुरुआत

### 145 रुपए पर लिस्ट हुए शेयर, हर लॉट पर दिया 4932 रुपए का फायदा

**नई दिल्ली** एडटेक कंपनी फिजिक्सवाला का आईपीओ के शेयर मंगलवार को शेयर बाजार में जोरदार शुरुआत के साथ लिस्ट हो गए। कंपनी के शेयर एनएसई पर 145 रुपये के भाव पर लिस्ट हुए। यह आईपीओ प्राइस बैंड के अपर एंड 109 रुपये से 36 रुपये 33 फीसदी ज्यादा है। वहीं बीएसई पर कंपनी के शेयर 143 रुपये पर लिस्ट हुए, यह प्राइस बैंड की तुलना में 34 रुपये या 31 फीसदी ज्यादा है। फिजिक्सवाला आईपीओ की लिस्टिंग ग्रे मार्केट अनुमानों से काफी बेहतर रहो। लिस्ट होने से पहले ग्रे मार्केट में फिजिक्सवाला आईपीओ के शेयर 123 रुपये पर चल रहे थे। यह प्राइस बैंड से 14 रुपये का प्रीमियम था। इसी के साथ निवेशकों को तगड़ा लिस्टिंग गेन भी मिला है। फिजिक्सवाला आईपीओ के एक लॉट में 137 शेयर थे। इस तरह निवेशकों को हर लॉट पर 4,932 रुपये का फायदा हुआ है।

## रुपया बढ़त के साथ बंद



**मुंबई** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 2 पैसे की बढ़त के साथ ही 88.57 पर बंद हुआ। वहीं शुरुआती कारोबार में आठ पैसे कमजोर होकर 88.67 प्रति डॉलर पर आ गया। वैश्विक व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं से भारतीय मुद्रा पर दबाव बढ़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 88.67 प्रति डॉलर पर खुला और फिर 88.69 प्रति डॉलर पर लुढ़क गया। हालांकि बाद में संभलता हुआ 88.68 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.59 पर बंद हुआ। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.43 पर आ गया।

# भारत का जीसीसी वर्कफोर्स 2030 तक 3.46 मिलियन के आंकड़े को छूने का अनुमान

**नई दिल्ली**

58 प्रतिशत से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) अब एआई पायलेट से आगे बढ़कर काम कर रहे हैं, इसके साथ भारत में सेक्टर में वर्कफोर्स के 2030 तक 3.46 मिलियन के आंकड़े को छूने का अनुमान है। रिपोर्ट के अनुसार, इससे करीब 1.3 मिलियन नए जॉब रोल पेश करेगा। रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष 2025 में करीब 70 प्रतिशत जीसीसी पहले से ही जेनेरेटिव एआई (जेनएआई) में निवेश कर रहे हैं, जबकि 60 प्रतिशत जीसीसी 2026 तक एक डेडिकेटेड एआई सेफ्टी और गवर्नेंस टीम को सेट अप करने की योजना में हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस गवर्नेंस देश के जीसीसी में तेजी से संस्थागत हो रहे हैं।

अनुमान है कि इसका एक महत्वपूर्ण प्रभाव 2026 में नौकरियों पर दिखेगा, जहां अवसरों में 11 प्रतिशत की बढ़त दिखेगी और सेक्टर में लोगों की संख्या 24 लाख होगी। भारत अपनी जीसीसी 4.0 यात्रा को लेकर क्रिटिकल इंटरसेक्शन पर है, जहां देश स्केल, स्किल और टैलेंट का एक यूनिक तालमेल बना रहा है। आज के समय में जीसीसी न केवल एआई को एक्स्प्लोर कर रहे हैं बल्कि कई लोग डिप्लॉय कर चुके हैं और कई डिप्लॉय करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। 33 प्रतिशत जीसीसी ने सेंट्रल एआई कमेटी और सीओई तैयार कर लिए हैं। वहीं, 29 प्रतिशत जीसीसी ऑडिट और कंप्लायंस फ्रेमवर्क के तहत बिजनेस यूनिट के जरिए ओवरसाइट को मैनेज कर रहे हैं।




## श्रीलंका को एडीबी से 30 करोड़ डॉलर की वित्तीय मदद मिली

### राशि तीन किस्तों में वितरित की जाएगी

**कोलंबो** श्रीलंका ने मंगलवार को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता प्राप्त करने का समझौता किया। वित्त मंत्रालय के अनुसार, यह राशि तीन किस्तों में वितरित की जाएगी। इसका उद्देश्य देश की वित्तीय क्षेत्र की स्थिरता और सुधार को सुदृढ़ करना है, जिससे केंद्रीय बैंक की नियामक क्षमता मजबूत हो सके। इस कार्यक्रम के तहत आर्थिक और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन सुधारों का समर्थन भी किया जाएगा। इसका लक्ष्य श्रीलंका की अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक स्थिरता प्रदान करना है। एडीबी सहायता का एक हिस्सा त्रिंकोमाली के पूर्वी बंदरगाह क्षेत्र और सिगिरिया के आसपास पर्यटन क्षमता के विकास के लिए लगाया जाएगा। इसमें नीति-आधारित ऋण और निवेश ऋण दोनों शामिल होंगे, जिससे स्थानीय रोजगार और पर्यटन राजस्व में सुधार संभव हो। श्रीलंका 2022 के गंभीर वित्तीय संकट के बाद आईएमएफ समर्थित सुधारों को लागू कर रहा है।

## नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 25 दिसंबर से कमर्शियल ऑपरेशन शुरू

**मुंबई** नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनएमआईए) 25 दिसंबर से अपने कमर्शियल ऑपरेशन शुरू करेगा और पहले दिन करीब 23 विमान उड़ान भरने वाले है। इसकी जानकारी एयरपोर्ट की ओर से दी गई। एयरपोर्ट की ओर से बताया गया कि ऑपरेशन शुरू होने के पहले महीने में एनएमआईए 12 घंटे (सुबह 8 बजे से लेकर रात 8 बजे) तक सक्रिय रहेगा और करीब 23 शेड्यूल उड़ानों को प्रति दिन संभालेगा। इस अवधि के दौरान एयरपोर्ट अधिकतम 10 फ्लाइट मूवमेंट प्रतिघंटा संभालेगा। पहले दिन नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की शुरुआत बेंगलुरु से आने वाली उड़ान इंडिगो से होगी, जो कि एनएमआईए पर सुबह 8 बजे उतरेगी। इसके बाद इंडिगो की उड़ान हैदराबाद के लिए सुबह 8:40 पर उड़ान भरेगी, जो कि इस एयरपोर्ट से पहली कमर्शियल उड़ान होगी। नवी मुंबई एयरपोर्ट ने कहा कि कमर्शियल ऑपरेशन शुरू होने के पहले महीने से ही इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस और अकासा एयर मुंबई को देश के 16 शहरों के कनेक्ट करेंगी। फरवरी 2026 से एयरपोर्ट 24 घंटे ऑपरेट करना शुरू करेगा और करीब 34 उड़ानें प्रतिदिन देखने को मिलेंगी। एयरपोर्ट की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आधिकारिक तौर पर सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसएफ) की तैनाती 29 अक्टूबर, 2025 से हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 8 अक्टूबर को एनएमआईए का उद्घाटन किया गया था। एनएमआईए, अदाणी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) की सहायक कंपनी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) और सिटी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ महाराष्ट्र लिमिटेड(सिडको) के बीच एक पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) है।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

### सेंसेक्स 277, निफ्टी 103 अंक नीचे आया

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बीच ही मुनाफावसूली हावी होने से भी बाजार नीचे आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 277.93 अंक नीचे आकर 84,673.02 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 103.40 अंक की गिरावट के साथ ही 25,910.05 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में भारती एयरटेल,एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स,पावर ग्रिड, टाइटन और मारुति सुजुकी के शेयर लाभ में रहे जबकि टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, ट्रेंट, एचयूएल, एचसीएल टेक, बीईएल और एचडीएफसी बैंक के शेयर नुकसान में रहे। लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी बिकवाली रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 358.50 अंक की गिरावट के साथ 60,822 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 192.85 अंक की गिरावट के साथ 18,154.75 पर बंद हुआ। सेक्टोरल आधार पर आईटी, ऑटो, फार्मा, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा और कमोडिटीज के साथ करीब सभी इंडेक्स गिरावट पर बंद हुए। वैश्विक स्तर पर बिकवाली हावी होने से भारतीय बाजारों पर भी उसका प्रभाव पड़ा है। दबाव बना हुआ है। अमेरिका में दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की संभावना कम होने के कारण भी दुनिया भर के बाजारों पर दबाव बना हुआ है।

वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट पर खुले । वैश्विक बाजारों में गिरावट का असर घरेलू बाजारों पर भी देखने को मिल रहा है। सेंसेक्स 85,042 अंक पर खुला। लेकिन खुलते ही लाल निशान में फिसल गया। सुबह शुरुआत में यह 135.58 अंक की गिरावट लेकर 84,815.37 पर कारोबार कर रहा था। इसी निफ्टी-50 मामूली बढ़त के साथ 26,021 अंक पर खुला। हालांकि, खुलते ही इसमें गिरावट देखने को मिली।

अमेरिकी बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए। टेक्नोलॉजी शेयरों में कमजोरी ने ब्रोडर इंडेक्स पर दबाव डाला। डाउ जोंस 1.18 फीसदी, एसएंडपी 500 भी 0.92फीसदीकी गिरावट लेकर बंद हुआ और नैस्डैक 0.84फीसदीफिसला। वहीं एशियाई बाजारों में कमजोर कारोबार हुआ। जापान का निक्केई 2.06 फीसदी नीचे था। चीन का सीएसआई 300 इंडेक्स 0.15 फीसदी गिरा। हांगकांग का हैंग सेंग 0.85 फीसदीत टूट गया और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.33 फीसदी गिरा।





# आरजे कॉर्प आंध्र प्रदेश के नायडूपेटा में 1,743 करोड़ का सौर प्लांट लगाएगा

### राज्य सरकार ने 37 एकड़ भूमि रियायती दर पर दी

**नई दिल्ली**

कारोबारी समूह आरजे कॉर्प ने हरित ऊर्जा क्षेत्र में बड़ा निवेश करते हुए सौर विनिर्माण में कदम रख दिया है। समूह की इकाई वोल्टसन लैब्स आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले के नायडूपेटा में 1,743 करोड़ रुपये की लागत से सोलर सेल और मॉड्यूल निर्माण संयंत्र स्थापित करेगी। यह प्लांट नायडूपेटा एमपीएसईजेड में लगाया जाएगा, जिसके लिए राज्य सरकार ने परियोजना को तेज़ी से शुरू करने हेतु रियायती दर पर 37 एकड़ भूमि आवंटित की है। आरजे कॉर्प दुनिया की सबसे बड़ी पेप्सिको बॉटलर के रूप में जानी जाती है और भारत में केएफसी, पिज्जा हट और कोस्टा कॉफी जैसे प्रमुख क्यूएसआर ब्रांडों का संचालन करती है। समूह का पोर्टफोलियो डेयरी (जर्सी ब्रांड), खाद्य प्रसंस्करण, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, आतिथ्य और रियल एस्टेट तक फैला है, जिसका अनुमानित मूल्यांकन 90,000 करोड़ रुपये से अधिक है। राज्य सरकार के अनुसार, वोल्टसन का यह निवेश न केवल भारत के अक्षय ऊर्जा भविष्य में विश्वास दिखाता है, बल्कि आंध्र प्रदेश की नीतियों, प्रशासन और 'कारोबार करने की गति' में भरोसा भी दर्शाता है। कंपनी द्वारा विकसित की जा रही यह इकाई 2 गीगावॉट के एकीकृत सोलर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को जन्म देगी। परियोजना को दो चरणों में पूरा किया जाएगा, जहां प्रत्येक चरण में 1 गीगावॉट सौर सेल और 1 गीगावॉट मॉड्यूल क्षमता शामिल होगी। वोल्टसन लैब्स अत्याधुनिक टॉपकॉन मोनोक्रिस्टलाइन और बाइफेसियल तकनीकों का उपयोग करेगी, जिससे भारत में उच्च मूल्य के सौर उत्पादों के विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा।



## नई इनकम टैक्स एक्ट में होगा बदलाव, टैक्स फॉर्म होंगे आसान और पारदर्शी

**मुंबई** भारत में 1 अप्रैल 2026 से पुराने 1961 के इनकम टैक्स एक्ट की जगह इनकम टैक्स एक्ट, 2025 लागू होगा। संसद ने यह कानून 12 अगस्त 2025 को पास किया था। सीबीडीटी के एक प्रमुख अे धिकारी ने बताया कि नए कानून के तहत टैक्स रिटर्न फॉर्म और अन्य सभी फॉर्म को पूरी तरह से सरल बनाया जाएगा। सीबीडीटी ने कहा कि नए आईटीआर फॉर्म, टीडीएस की तिमाही रिटर्न और अन्य फॉर्म्स को नए सिरे से डिजाइन किया जा रहा है। डायरेक्टोरेट ऑफ सिस्टम्स और टैक्स पॉलिसी डिवीजन मिलकर काम कर रहे हैं। लक्ष्य है कि जनवरी 2026 तक सारे फॉर्म और नियम तैयार हो जाएं, ताकि टैक्सपेयर अपने सॉफ्टवेयर और प्रक्रिया बदलने के लिए पर्याप्त समय पा सकें। नए फॉर्म कानून विभाग से पास होने के बाद नोटिफाई किए जाएंगे और संसद के सामने रखे जाएंगे। पुराने एक्ट में 819 सेक्शन और 47 चैप्टर थे, जबकि नए कानून में यह घटकर 536 सेक्शन और 23 चैप्टर रह गए हैं। शब्दों की संख्या 5.12 लाख से घटकर 2.6 लाख हो गई है। नए कानून में 39 नई टेबल और 40 नए फॉर्मूला जोड़े गए हैं, जिससे लंबे पैराग्राफ पढ़ने की जरूरत नहीं रहेगी। नए कानून में कोई टैक्स दर नहीं बढ़ाई गई है, केवल भाषा और स्ट्रक्चर सरल किया गया है।

## ईसीएमएस के तहत सरकार ने 17 नए विनिर्माण प्रस्तावों को मंजूरी दी

श्र

**नई दिल्ली**

सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक पुर्जे विनिर्माण योजना (ईसीएमएस) के तहत मंगलवार को 17 नए आवेदनों को मंजूरी प्रदान की, जिससे योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। इन नई विनिर्माण इकाइयों में कैमरा मॉड्यूल उत्पादन के 3 संयंत्र, मल्टी-लेयर प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (एमएलपीसीबी) के 9 संयंत्र, ऑप्टिकल ट्रांसीवर विनिर्माण की 2 इकाइयां तथा मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में उपयोग होने वाले अहम पुर्जों के निर्माण वाली इकाइयां शामिल हैं। इन परियोजनाओं में कुल 7,172 करोड़ रुपये के निवेश का अनुमान है, जबकि इनसे 65,111 करोड़ रुपये के उत्पादन की संभावना जताई गई है। नए संयंत्र गोवा, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश सहित 9 राज्यों में स्थापित किए जाएंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और औद्योगिक ढांचे को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। प्रमुख स्वीकृत कंपनियों में एक्रस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, जैबिल सर्किट इंडिया, जेटवर्क की सहायक कंपनियां जेटफैब इंडिया और जेटकेम सप्लाई चेन सर्विसेज, यूनो मिंडा तथा सिरमा एसजीएस की सहायक सिरमा मोबिलिटी शामिल हैं। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि योजना में सभी घटकों को शामिल करने के बजाय सरकार ने एक रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाया और केवल उन पुर्जों पर ध्यान केंद्रित किया जो भारत के इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के दीर्घकालिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।




# अक्टूबर में भारत के व्यापार घाटे में बड़ी वृद्धि, निर्यात घटा और आयात बढ़ा

**▶▶ व्यापार घाटा 41.68 अरब डॉलर तक पहुंचा, निर्यात में 11.8 फीसदी की गिरावट**

**नई दिल्ली**

वाणिज्य मंत्रालय के ताज़ा आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर 2025 में भारत का कुल निर्यात 34.38 अरब डॉलर पर आ गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 11.8 फीसदी कम है। अमेरिका को होने वाले निर्यात में भी गिरावट देखी गई, जो 6.9 अरब डॉलर से घटकर 6.3 अरब डॉलर रह गया। वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और प्रमुख बाजारों में कमजोर मांग के कारण भारतीय उत्पादों की विदेशों में बिक्री प्रभावित हुई है। दूसरी ओर, अक्टूबर में आयात 76.06 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 16.63 फीसदी अधिक है। इसमें सबसे बड़ी हिस्सेदारी कीमती धातुओं, विशेषकर सोने और चांदी के आयात की रही। सोने का आयात 4.92 अरब डॉलर से बढ़कर 14.72 अरब डॉलर हो गया, जबकि चांदी के आयात में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इनकी वजह से कुल आयात पर दबाव बढ़ा और व्यापार घाटा बढ़कर 41.68 अरब डॉलर तक पहुंच गया। हालांकि चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-अक्टूबर) के आंकड़े थोड़े संतोषजनक हैं। इस अवधि में कुल निर्यात 0.63 फीसदी बढ़कर 254.25 अरब डॉलर और आयात 6.37 फीसदी बढ़कर 451.08 अरब डॉलर हो गया है।

## सितंबर तिमाही में तेज हुई प्रवर्तकों की हिस्सेदारी बेचने की रफ्तार




**▶▶ 932 सूचीबद्ध कंपनियों के अध्ययन में सामने आई प्रवृत्ति**

**नई दिल्ली**

सितंबर 2024 में समाप्त हुई तिमाही के दौरान प्रवर्तकों द्वारा अपनी हिस्सेदारी बेचने की रफ्तार दूसरी लगातार तिमाही में और तेज हो गई।

विश्लेषण के अनुसार, लगभग 4.6 फीसदी कंपनियों में प्रवर्तकों ने अपनी हिस्सेदारी एक फीसदी या उससे अधिक घटाई। यह बदलाव स्टॉक ऑप्शन जैसे नियमित लेन-देन से अलग उन मामलों को दर्शाता है जहां हिस्सेदारी में महत्वपूर्ण कटौती देखी गई है। यह अध्ययन 932 कंपनियों के दीर्घकालिक शेयरधारिता रिकॉर्ड पर आधारित है, जिनमें बीएसई 500, बीएसई मिडकैप और बीएसई स्मॉलकैप सूचकांकों की कंपनियाँ शामिल हैं। रिपोर्ट बताती है कि सितंबर तिमाही में बड़े पैमाने पर हिस्सेदारी बिक्री का अनुपात अप्रैल-जून तिमाही की तुलना में अधिक रहा और यह मार्च तिमाही के स्तर से दोगुने से भी ज्यादा पर पहुंच गया। महामारी के बाद आए बाजार उछाल के दौरान ऊंचे मूल्यांकन स्तरों पर की गई बिकवाली की प्रवृत्ति सितंबर 2024 में अपने चरम पर दिखाई दी। बाजार के जानकारों के अनुसार प्रवर्तक हिस्सेदारी में कमी को केवल मूल्यांकन के चरम से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई प्रवर्तकों की अधिकांश व्यक्तिगत संपत्ति उनकी ही कंपनियों में निवेशित रहती है, इसलिए वे अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाने के लिए हिस्सेदारी बेचते हैं। उद्योग से जुड़े लोगों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में प्रवर्तकों के व्यवहार में भी बदलाव आया है। पहले प्रवर्तक अक्सर गैर-पारदर्शी तरीकों से धन निकालते थे, जिससे अल्पांश शेयरधारकों पर असर पड़ता था। अब लाभप्रदता और पारदर्शिता को महत्व मिलने के कारण अधिक मूल्य सृजन हो रहा है, जबकि औपचारिक वेतन के अतिरिक्त नकदी प्राप्त करने की उनकी क्षमता सीमित हुई है।

## बायजू अल्फा से गायब करोड़ों! नई याचिका में रवींद्रन पर गंभीर आरोप




**ब्रिटेन की खरीद फर्म ओसीआई के साथ हुए एक समझौते से जुड़ा मामला**

**नई दिल्ली**

डेलावेयर दिवालिया अदालत में दायर एक नई याचिका में बड़ा दावा किया गया है कि बायजू अल्फा के लेखे से गायब हुए 53.3 करोड़ डॉलर का बड़ा हिस्सा कथित रूप से 'राउंड-ट्रिपिंग' के जरिए इसके संस्थापक बैजू रवींद्रन और उनके सहयोगियों के पास वापस पहुंचा। यह आरोप उस पहले दिए गए शपथ पत्र से मेल नहीं खाता, जिसमें कहा गया था कि धनराशि का उपयोग वैध कॉरपोरेट आवश्यकताओं के लिए किया गया था।

याचिका वादी बायजू अल्फा के ऋणदाता और हस्तक्षेपकर्ता ग्लास ट्रस्ट कंपनी ने बताया कि यह मामला ब्रिटेन की खरीद फर्म ओसीआई लिमिटेड के साथ हुए एक समझौते से जुड़ा है। इसी कंपनी को विवादित धन का बड़ा हिस्सा मिला था।

ज्ञात हो कि बायजू अल्फा एक विशेष प्रयोजन हेतु बनाई गई कर्ज लेने वाली इकाई, ने टर्म लोन-बी लिया था और वर्तमान में इसका नियंत्रण ऋणदाताओं के पास है। 53.3 करोड़ डॉलर की वसूली के प्रयास में, कंपनी ने ओसीआई लिमिटेड और इसके पूर्व प्रतिनिधि रूपिन बैंकर पर मुकदमा दायर किया है।

समझौते के तहत ओसीआई के संस्थापक ने शपथ पत्र दायर कर कहा कि उन्होंने अल्फा से मिली राशि का पूरा ब्योरा प्रस्तुत किया है। उनकी समीक्षा के अनुसार धनराशि कई चरणों में सिंगापुर स्थित एक कॉरपोरेट इकाई बायजू ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड को ट्रांसफर की गई, जिसका स्वामित्व कथित रूप से बैजू रवींद्रन से जुड़ा है।

याचिका में आरोप है कि यह लेनदेन दर्शाता है कि रवींद्रन कॉरपोरेट संपत्तियों का निजी उपयोग हेतु दुरुपयोग करने की साजिश में शामिल थे।

इसमें कहा गया कि अब जब ओसीआई आगे आ रहा है, तो गायब धन की सच्चाई सामने पड़ रही है यानी अधिकांश धन अंततः रवींद्रन और उनके सहयोगियों को लौटा दिया गया था।

# इंदिरा गांधी : नारी शक्ति का सबसे सशक्त राजनीतिक रूप



श्वेता गोयल

1966 में जब एक युवा और अपेक्षाकृत अनुभवहीन महिला प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने पद संभाला, तब विश्व की बड़ी शक्तियां भी हैरान थीं। कई लोगों ने उन्हें 'गूंगी गुड़िया' के रूप में कमतर आंका लेकिन यह वही इंदिरा थी, जिन्होंने कुछ वर्षों में ही अपनी ऐसी छवि बनाई कि दुनिया उन्हें 'आयरन लेडी ऑफ इंडिया' कहने लगी।

भारतीय राजनीति के व्यापक क्षितिज पर यदि किसी नेता का व्यक्तित्व अद्भुत दृढ़ता, निर्भीक निर्णय क्षमता और असाधारण नेतृत्व का प्रतीक बनकर उभरा तो वह निसंदेह इंदिरा गांधी थी। वह केवल एक राजनेता नहीं थी बल्कि भारतीय जनमानस में विश्वास, सुरक्षा और सामाजिक संतुलन की प्रतिमूर्ति के रूप में प्रतिष्ठित थी। उनके भीतर एक ऐसी ज्वाला थी, जो कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी उन्हें अडिग बनाए रखती थी। उनका पूरा जीवन इस बात की मिसाल है कि किसी राष्ट्र का नेतृत्व केवल राजनीतिक चातुर्य से नहीं बल्कि साहस, समर्पण और अदम्य इच्छाशक्ति से किया जाता है। इंदिरा गांधी का व्यक्तित्व जितना दृढ़ था, उतना ही संवेदनशील भी। अपने पारिवारिक जीवन से लेकर राष्ट्रीय राजनीति तक, उन्होंने उतने ही साहसिक निर्णय लिए, जितनी निर्भीकता से उन्होंने स्वयं को विपरीत परिस्थितियों में संभाला। भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में बचपन से ही जुड़ने वाली इंदिरा ने महज 13 वर्ष की आयु में ह्वानरसेनाह्न का गठन कर अपनी नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रप्रेम का परिचय दिया था। यह वही बालिका थी, जो आगे चलकर भारत की पहली और अभी तक की एकमात्र महिला प्रधानमंत्री बनी।

1966 में जब एक युवा और अपेक्षाकृत अनुभवहीन महिला प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने पद संभाला, तब विश्व की बड़ी शक्तियां भी हैरान थीं। कई लोगों ने उन्हें 'गूंगी गुड़िया' के रूप में कमतर आंका लेकिन यह वही इंदिरा थी, जिन्होंने कुछ वर्षों में ही अपनी ऐसी छवि बनाई कि दुनिया उन्हें 'आयरन लेडी ऑफ इंडिया' कहने लगी। अमेरिकी मीडिया ने जिस सम्मान और गंभीरता से उनकी पहली अमेरिका यात्रा को कवर किया, वह उस समय किसी भी भारतीय नेता के लिए अभूतपूर्व था। उनका आत्मविश्वास, तेजस्विता और राजनीतिक परिपक्वता शीघ्र ही भारत की राष्ट्रीय पहचान बन गई। इंदिरा गांधी के तीन निर्णय भारतीय राजनीति के इतिहास में स्थायी रूप से अंकित रहेंगे, 14 निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण, राजाओं के प्रिवीपर्स की समाप्ति और 1971 में पाकिस्तान पर निर्णायक विजय। इन तीन कदमों ने न केवल उनके अद्वितीय साहस का प्रमाण दिया बल्कि भारत को नए आर्थिक, सामाजिक और भू-राजनीतिक मार्ग पर आगे बढ़ाया। बैंकों के राष्ट्रीयकरण ने देश की अर्थव्यवस्था को आम लोगों के अधिकार में लाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की। प्रिवीपर्स की समाप्ति ने भारत के गणतांत्रिक चरित्र को मजबूत किया और 1971 का युद्ध भारत की सैन्य और कूटनीतिक क्षमता का वैश्विक ऐलान था। इंदिरा के नेतृत्व में जन्मा बांग्लादेश न केवल क्षेत्रीय भू-राजनीति का नया आयाम था बल्कि मानवता और जनचेतना का भी अन्यतम उदाहरण था।



उनकी राजनीतिक शैली की सबसे दिलचस्प बात यह थी कि वह विपक्ष या अंतर्राष्ट्रीय दबावों से कभी नहीं घबराती थी। संसद में उन्हें घेरना आसान नहीं था। इंदिरा ने जीवन के हर मोड़ पर संघर्ष को अपना साथी बनाया। उनका निजी जीवन भी राजनीतिक जीवन की भांति रोमांचक और जटिल था। फिरोज गांधी से विवाह पर पिता की नाराजगी झेलने से लेकर वैवाहिक मतभेदों के बीच अपनी पहचान बनाए रखने तक, इंदिरा ने हमेशा अपने निर्णय स्वयं लिए। फिरोज गांधी की 1960 में अचानक मृत्यु ने उन्हें भीतर तक तोड़ दिया लेकिन इस आघात के बावजूद उन्होंने खुद को संभाला और देश की राजनीति में अग्रसर रही। यह वही दौर था, जब केवल 41 वर्ष की आयु में वे कांग्रेस की अध्यक्ष बनी और आगे चलकर देश की सत्ता का सबसे बड़ा दायित्व अपने हाथों में लिया।

उनका जीवन केवल उपलब्धियों से भरा नहीं था, उसमें परीक्षाओं की लंबी श्रृंखला भी थी। 1975 का आपातकाल उनके राजनीतिक जीवन का सबसे विवादास्पद अध्याय रहा। जयप्रकाश नारायण के आंदोलन ने जब सत्ता को चुनौती दी, तब उन्होंने प्रेस पर सेंसरशिप लगाई, नागरिक अधिकार सीमित किए और कई विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार करवा दिया। यह निर्णय आज भी भारतीय लोकतंत्र में बहस का विषय है और इसे लोकतंत्र के काले अध्याय के रूप में स्मरण किया जाता है। 1977 में उन्हें चुनावों में करारी हार का सामना करना पड़ा लेकिन वह हार मानने वालों में से नहीं थी। तीन वर्ष बाद ही 1980 के चुनावों में उन्होंने अप्रत्याशित रूप से सत्ता में वापसी की और साबित कर दिया कि जनता का विश्वास पुनः अर्जित करना असंभव नहीं।

उनके जीवन का अंतिम अध्याय अत्यंत मार्मिक और दार्शनिक प्रतीत होता है। 30 अक्तूबर 1984 को भुवनेश्वर में उन्होंने जो भाषण दिया, वह मानो अपने भविष्य की पूर्वसूचना थी, ह्यमैं आज यहां हूं, कल शायद यहां न रहूं, मेरे खून का एक-एक कतरा भारत को मजबूत करेगाह्न यह वाक्य उनकी अटूट आस्था और बलिदान की भावना को दर्शाता है। इस भाषण को सुनकर वहां मौजूद लोग स्तब्ध रह गए थे। जैसे उनकी आत्मा उन्हें आने वाले अनिष्ट का संकेत दे रही थी। अगली ही सुबह 31 अक्तूबर 1984 को अपने निवास के बाहर उन्होंने जीवन की अंतिम यात्रा तय कर ली। ऑपरेशन ब्लू स्टार के प्रतिशोध में अपने ही अंगरक्षकों द्वारा चलाई गई गोलियों की बौछार ने उन्हें राष्ट्रमाता से अमरत्व की ओर पहुंचा दिया। उनकी मृत्यु केवल एक प्रधानमंत्री का अंत नहीं थी बल्कि एक युग का अवसान था। भारत ने उस दिन केवल एक नेता नहीं खोया बल्कि वह शक्ति खो दी, जिसने भारत को वैश्विक मंच पर दृढ़ता, संकल्प और गरिमा से परिचित कराया था।

इंदिरा गांधी के व्यक्तित्व का एक और महत्वपूर्ण पहलू था उनका विश्व दृष्टिकोण। उन्होंने तीसरी दुनिया के देशों की आवाज को मजबूती दी, गुटनिरपेक्ष आंदोलन को नई दिशा दी और वैश्विक मंचों पर भारत के आत्मसम्मान को सशक्त रूप से स्थापित किया। वह विकासशील देशों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती थी। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें जितना सम्मान मिला, उतना ही सम्मान भारत के आम नागरिकों के हृदय में भी वे अर्जित करती रही। उनके भीतर का दृढ़ राष्ट्रवाद, सामाजिक सामरसता के प्रति प्रतिबद्धता और महिलाओं के सशक्तिकरण की प्रेरणा लाखों लोगों में आज भी जीवित है। उनका जीवन यही संदेश देता है कि बड़े पद और शक्तियां भी मनुष्य को कमजोर बना सकती हैं परंतु दृढ़ संकल्प, निडरता और नैतिकता ही किसी नेतृत्व की सच्ची कसौटी होती है। इंदिरा गांधी इसी कसौटी पर पूरी तरह खरी उतरी। इसीलिए उन्हें केवल भारत की नहीं बल्कि विश्व राजनीति की महानतम नेताओं की श्रेणी में रखा जाता है। उनकी संपूर्ण जीवन यात्रा ने उन्हें भारत की लौह-स्तंभ बना दिया। इंदिरा गांधी का जीवन विरोधाभासों और अद्भुतताओं से भरी एक ऐसी महागाथा, जो संघर्ष से शुरू होकर शौर्य पर समाप्त होती है लेकिन अपने पीछे प्रेरणा की अमर छाप छोड़ जाती है। आज उनकी जयंती पर जब हम उन्हें स्मरण करते हैं तो उनकी राजनीतिक विरासत, उनकी दृढ़ता, उनका त्याग और राष्ट्र के लिए उनका अटूट समर्पण हमें पुनः याद दिलाता है कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो स्वयं को नहीं बल्कि अपने राष्ट्र को सर्वोपरि रखता है।

## संपादकीय

### न्यायसंगत आरक्षण

हाल ही में भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई द्वारा अनुसूचित जाति आरक्षण के लिए क्रीमी लेयर सिद्धांत का समर्थन करने से एक महत्वपूर्ण तार्किक चर्चा फिर से प्रारंभ हो गई है। जिसका मकसद है कि कैसे सकारात्मक पहल करके आरक्षण के उद्देश्य को अधिक न्यायसंगत, लक्षित और प्रभावी बनाया जा सकता है। वास्तव में उनकी पहल का मकसद संवैधानिक सुरक्षा को कमजोर करने का नहीं है। बल्कि यह सुनिश्चित करने का प्रयास है कि आरक्षण का लाभ उन लोगों तक पहुंचे, जिन्हें वास्तव में इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। यानी कि अनुसूचित जाति समुदाय के सबसे गरीब, सामाजिक रूप से सबसे अधिक वंचित और आरक्षण के लाभ में सबसे कम प्रतिनिधित्व करने वाले वर्ग को लाभ पहुंचाने का मकसद पूरा करना। बहुत संभव है कि मुख्य न्यायाधीश के इस विचार से असहमति के तर्क दिये जाएं। वास्तव में, देश में दशकों से आरक्षण की बहस कोटा बढ़ाने पर केंद्रित रही है, लेकिन उनके न्यायसंगत वितरण की दिशा में पर्याप्त पहल नहीं हो पायी है। निर्विवाद रूप से अनुसूचित जाति समुदाय के एक छोटे, अपेक्षाकृत बेहतर आर्थिक-सामाजिक स्थिति वाले वर्ग ने ही बार-बार शिक्षा और सरकारी रोजगार के अवसरों का लाभ उठाया है। वहीं दूसरी ओर पीढ़ी दर पीढ़ी अभावों के भंवर-जाल में फंसे परिवार- मसलन श्रमिक, सफाई कर्मचारी, भूमिहीन मजदूर परिवार लगातार हाशिये पर ही बने हुए हैं। यदि आरक्षण का मूल उद्देश्य संरचनात्मक असंतुलन को ही ठीक करना है तो इसके लाभ सीमित दायरे के लोगों को ही नहीं मिलना चाहिए। उल्लेखनीय है कि ओबीसी वर्ग के लिये यह प्रावधान सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है। इसमें दो राय नहीं कि क्रीमी लेयर का सिद्धांत आरक्षण लाभ में इस तरह के एकाधिकार को रोकने का एक सशक्त साधन है। इस प्रावधान का वंचित अनुसूचित जातियों तक विस्तार करना एक बुनियादी सच्चाई को स्वीकार करता है कि सामाजिक गतिशीलता, हालांकि सीमित स्तर पर कुछ ही लोगों के लिये संभव हुई है। साथ ही अवसरों के अधिक न्यायसंगत वितरण को सुनिश्चित करने के लिये नीति को अनुकूलित किया जाना वक्त की जरूरत है। वास्तव में वर्तमान स्थिति आरक्षण के न्यायसंगत लाभ वंचित वर्ग तक पहुंचाने में तार्किक नजर नहीं आती। जब किसी आईएएस अधिकारी या वरिष्ठ अधिकारी का बच्चा सामाजिक रूप से हाशिये पर गए वर्ग के किसी व्यक्ति के मुकाबले समान लाभों का दावा करना जारी रखता है तो इससे लक्षित उद्देश्य कमजोर हो जाता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि क्रीमी लेयर को बाहर करने पर उनके जातिगत भेदभाव होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन यह केवल यही दशार्ता है कि किसी भी ऐतिहासिक रूप से उत्पीड़ित समूह के भीतर, वंचितता की स्थिति अलग-अलग होती है। ऐसी अवस्था में, सबसे निचले स्तर के लोग राज्य के संरक्षण पाने के लिये प्राथमिकता के हकदार हैं। निश्चित रूप से स्पष्ट मानदंड, सामाजिक पिछड़ेपन का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करने और दुरुपयोग को रोकने के लिये कारगर सुरक्षा उपाय होने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की टिप्पणी इस बात की ही परिचायक है कि सामाजिक न्याय का विस्तार होना चाहिए। अनुसूचित जातियों के आरक्षण से क्रीमी लेयर को सोच-समझकर बाहर करने से समानता के संवैधानिक वायदे की पुष्टि हो सकती है। इस पहल के विरोध में यह तर्क दिया जा सकता है यदि अनुसूचित जाति वर्ग के आरक्षण के उपवर्गीकरण को मान्यता दी जाती है, तो पहले इससे लाभान्वित लोगों को सुरक्षा कवच न मिल सकेगा।

## चिंतन-मनन

### मूल्य भावना का

भगवान बुद्ध जेतवन में ठहरे हुए थे। हर सुबह वह भिक्षावृत्ति को निकलते तो उन्हें मार्ग में एक किसान अपने खेत में काम करता मिलता। अपने कार्य के प्रति उसकी निष्ठा देख बुद्ध के मन मं उसके लिए करुणा उमड़ी। वह प्रतिदिन वहां रुककर उस किसान को कुछ उपदेश देने लगे। जब उस किसान की फसल तैयार हुई तो उसने संकल्प किया कि वह अपनी फसल का एक हिस्सा भगवान बुद्ध को और भिक्षु संघ को भेंट करेगा। दुर्योगवश उसी रात मूसलाधार वर्षा हुई और उसकी सारी फसल चौपट हो गई। अगले दिन जब भगवान बुद्ध वहां से गुजरे तो उन्होंने किसान को वहां रोता हुआ पाया। पूछने पर किसान उनको सारी घटना सुना कर बोला, 'प्रभु! मुझे दुख अपने नुक्सान का नहीं, वरन इस बात का है कि मैं आपकी सेवा का यह अवसर चूक गया'

बुद्ध मुस्कराए और बोले, 'भंते! मूल्य वस्तुओं का नहीं, भावनाओं का होता है। तुम्हारे हृदय में उमड़ी भावनाएं तो मुझ तक कल ही पहुंच गई थीं। इनके कारण तुम उससे ज्यादा पुण्य के भागी बन गए हो, जितना तुम उस फसल को समर्पित करके बनते। मेरा आशीर्वाद सदा तुम्हारे साथ है' किसान की आंखें यह सुनकर नम हो उठीं।

# अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस : उपेक्षित संवेदनाओं और अनदेखें संघर्षों का सच




ललित गर्ग

महिला दिवस की तर्ज पर ही पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस भी मनाया जाने लगा है। पहला अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस 1999 में 19 नवंबर को डॉ. जेरोम टीलकसिंह ने त्रिनिदाद और टोबैगो में मनाया था। दुनिया के 30 से अधिक देशों में यह दिवस मनाया जा रहा है। यह केवल पुरुषों का उत्सव नहीं, बल्कि बदलते सामाजिक परिदृश्य में उनकी स्थिति, संघर्षों और मनोभावों को समझने का मौका है। जैसे स्त्रियाँ वर्षों से असमानता, उपेक्षा और अन्याय के बोझ से जूझती रही हैं, वैसे ही आज पुरुष भी कई स्तरों पर अपने शोषण एवं उत्पीडित होने की बात उठा रहे हैं। महिलाओं की ही भांति अब पुरुषों पर भी उपेक्षा, उत्पीड़न एवं अन्याय की घटनाएं पनपने की बात की जा रही है। वे भी दबाव, अवसाद और सामाजिक पूर्वाग्रहों का सामना कर रहे हैं। दुर्भाग्य यह है कि पुरुषों की पीड़ा, उनके संघर्ष और उनकी संवेदनाएँ उतनी चर्चा का विषय नहीं बनते, जितना कि वे बनना चाहिए। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि समाज केवल स्त्रियों से ही नहीं, पुरुषों से भी बनता है और किसी एक की उपेक्षा पूरे संतुलन को बिगाड़ देती है। 2025 के लिए इस दिवस की थीम 'पुरुषों और लड़कों का उत्सव' है।

आज का पुरुष बदलते समय के साथ एक दोहरी चुनौती से जूझ रहा है-एक ओर उससे पारंपरिक भूमिकाओं को निभाने की अपेक्षा की जाती है, दूसरी ओर नये सामाजिक ढाँचों में भावनात्मक रूप से अधिक संवेदनशील, सहयोगी और सहचर होने का दबाव है। संघर्ष यह है कि इस परिवर्तन में उसकी पीड़ा, द्वंद्व और टूटन को गंभीरता से नहीं सुना जाता। उसे मजबूत, कठोर और समस्यारहित मान लेने का भ्रम उसकी वास्तविक जरूरतों को छिपा देता है। यही कारण है कि आधुनिक पुरुष स्वयं को कई बार दोयम दर्जे की स्थिति में पाता है-एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसे समाज जिम्मेदारी तो देता है, पर अधिकार और संवेदना नहीं। पुरुषों पर हो रहे अत्याचारों की अनदेखी भी चिंताजनक है। घरेलू हिंसा, झूठे मुकदमे, अभिभावकत्व के अधिकारों से वंचित होना, मानसिक प्रताड़ना, कार्यस्थलों पर उत्पीड़न-ये सब वास्तविक समस्याएँ हैं, जिन्हें अक्सर मजाक या अतिशयोक्ति कहकर टाल दिया जाता है। पुरुष के दर्द को 'मर्द को दर्द नहीं होता' जैसी रूढ़ि निगल जाती है। जबकि सच यह है कि भारत में पुरुष भी आत्महत्या, अवसाद और मानसिक दबाव के शिकार बन रहे हैं। कई रिपोर्टों में यह तथ्य सामने आया है कि अवसाद और आत्महत्या के मामलों में पुरुषों की संख्या महिलाओं की तुलना में अधिक है, पर इस पर चर्चा समाज की प्राथमिकता नहीं बनती। यह उपेक्षा न केवल अमानवीय है, बल्कि समाज के संतुलन को खतरे में डालने वाली भी है। कुछ वर्ष पूर्व भारत में सक्रिय अखिल भारतीय पुरुष एशोसिएशन ने भारत सरकार से एक खास मांग की कि महिला विकास मंत्रालय की भांति पुरुष विकास मंत्रालय का भी गठन किया जाये। इसी तरह यूपी में भारतीय जनता पार्टी के कुछ सांसदों ने यह मांग उठाई थी कि राष्ट्रीय महिला आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय पुरुष आयोग जैसी भी एक संवैधानिक संस्था बननी चाहिए। इन सांसदों ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था। पत्र लिखने वाले एक सांसद हरिनारायण राजभर ने उस वक्त यह दावा किया था कि पत्नी प्रताड़ित कई पुरुष जेलों में बंद हैं, लेकिन कानून के एकतरफा रुख और समाज में हंसी के डर से वे खुद के ऊपर होने वाले घरेलू अत्याचारों के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं। प्रश्न है कि आखिर पुरुष इस तरह की अपेक्षाएं क्यों महसूस कर रहे हैं? लगता है पुरुष अब अपने ऊपर आघातों एवं उपेक्षाओं से निजात चाहता है। तरह-तरह के कानूनों ने उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाया है। जबकि आज बदलते वक्त के साथ पुरुष अब अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील हो चुका है। कई युवा पुरुष समाज-निर्माण की बड़ी जिम्मेदारियों को उठा रहे हैं और अपनी काबिलीयत व जुनून से यह साबित भी कर रहे हैं।

समाज हमेशा पुरुष से अपेक्षा करता है कि वह परिवार की रीढ़ बने, आर्थिक व भावनात्मक उत्तरदायित्व निभाए, कठिनाई में ढाल की तरह खड़ा रहे। लेकिन जब वही पुरुष कमजोर पड़ता है, टूटता है, या न्याय चाहता है, तो वह उपेक्षित कर दिया जाता है। पुरुष को यह अधिकार मिलना ही चाहिए कि वह अपनी पीड़ा कह सके, अपने अधिकारों की रक्षा कर सके और गलत आरोपों से मुक्त हो सके। जैसे महिलाओं के लिए सुरक्षा और न्याय के तंत्र बनाए गए, वैसे ही पुरुषों के लिए भी कुछ संवेदनशील और न्यायपूर्ण व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता है। यह समझना आवश्यक है कि पुरुष समाज के निर्माण का अभिन्न हिस्सा है-वह पिता है, पति है, पुत्र है, भाई है, मित्र है। उसकी उपस्थिति के बिना किसी भी परिवार या समाज की कल्पना अधूरी है। वह जिम्मेदारियों से भरा हुआ व्यक्ति है, लेकिन इसी वजह से वह सबसे अधिक दबाव और अपेक्षाओं का भार उठाता है। यह भी सच है कि पुरुष ही समाज के विकास, विज्ञान, कला, परिश्रम और संरचना के बड़े हिस्से का वाहक रहा है। लेकिन इस योगदान के बावजूद, आज पुरुषों की समस्याओं के प्रति संवेदना बढ़ाने की आवश्यकता है। अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस का संदेश यही है कि महिलाओं के समान ही पुरुषों की भी गरिमा, सुरक्षा, सम्मान और संवेदनाओं की रक्षा की जानी चाहिए। लैंगिक समानता का अर्थ केवल महिलाओं को सशक्त बनाना नहीं, बल्कि पुरुषों पर बने अनुचित पूर्वाग्रहों को भी तोड़ना है। एक स्वस्थ, संतुलित समाज वही है जिसमें दोनों लिंगों की समस्याओं को समान रूप से सुना और समझा जाए। पुरुषों को कठोरता की बेड़ियों से मुक्त कर, उनके भावनात्मक अस्तित्व को स्वीकार करना समय की मांग है। पुरुष दिवस हमें जागरूक करता है कि सह-अस्तित्व, सहयोग, संवाद और करुणा ही पुरुष-स्त्री के संबंधों का वास्तविक आधार हैं। पुरुष और स्त्री एक-दूसरे के विरोधी नहीं, पूरक हैं। इसलिए उनकी समस्याओं, अधिकारों और जिम्मेदारियों को भी पूरक दृष्टि से ही देखा जाना चाहिए। जब समाज पुरुष की पीड़ा को भी उतनी ही गंभीरता से सुनेगा, जितनी वह स्त्री के आर्तनाद पर देता है, तभी हम सच्चे अर्थों में संतुलित और मानवीय समाज का निर्माण कर पाएँगे। महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को रोकने के लिए कठोर कानून भी बने हैं, लेकिन पुरुष भी घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं। भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थान इस दिशा में जरूर काम कर रहे हैं। 'सेव इंडियन फैमिली फाउंडेशन' और 'माई नेशन' नाम की गैर सरकारी संस्थाओं के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि भारत में नब्बे फीसद से ज्यादा पति तीन साल की रिलेशनशिप में कम से कम एक बार घरेलू हिंसा का सामना कर चुके होते हैं। वे भी अपने अस्तित्व की सुरक्षा एवं सम्मान के लिये आवाज उठाना चाहते हैं।

# बिखरा हुआ विपक्ष, अहंकार में डूबे क्षेत्रीय दल, भाजपा का अमृतकाल



सनत जैन

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन के सहयोगी दलों को 202 सीटों पर विजय प्राप्त हुई है, जो किसी चमत्कार से कम नहीं है। यह जीत भी तब मिली जब इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों ने एसआईआर और वोट चोरी के मुद्दे पर पूरे बिहार में रैली निकालकर जन जागरण का काम किया। चुनाव-प्रचार के दौरान सरकार के खिलाफ भारी विरोध जनता के बीच में देखने को मिला। उसके बाद भी एनडीए गठबंधन की यह जीत सभी को आश्चर्यचकित कर रही है। यह चमत्कार कैसे हुआ? मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली और अब बिहार में जिस तरह की जीत मोदी और शाह की जोड़ी ने हासिल की है, उसे देखते हुए यह स्पष्ट प्रतीत होने लगा है कि राज्यों में भाजपा अपनी ही सरकार बनाकर 2047 तक का जो सपना उन्होंने देखा है उसे साकार करने में लग गई है। केंद्र एवं राज्य में भाजपा की ही सरकार हो इसके लिए जो रणनीति 2017 से भाजपा और संघ बना रहा था वह पूरी तरीके से परवान चढ़ चुकी है। लोकसभा 2024 के चुनाव में भाजपा से एक गलती हुई थी, कि उसने यह मान लिया था कि 300 सीटों पर उसका कब्जा है। उसने उन 100 सीटों पर ध्यान दिया था, जहां से वह 400 सीट का लक्ष्य प्राप्त करना चाहते थे, लेकिन सत्ता पक्ष के खिलाफ जो वातावरण बन गया था उसमें 300 सीटों को वह बचा के नहीं रख पाए। वहीं पर उन्हें सबसे ज्यादा नुकसान हुआ और 240 सीटों पर आकर भाजपा रुक गई। इस गलती से भाजपा ने सबक लिया और अब उसने चुनाव आयोग के माध्यम से जीत की जो नई इबारत लिखना शुरू की है उसका विपक्ष के पास कोई तोड़ नहीं है। विपक्षी दलों के बीच में यह कहा जा रहा है कि वो जाएं तो कहां जाएं, केंद्रीय चुनाव आयोग में जो आयुक्त हैं वह सरकार द्वारा नियुक्त किए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट में उसके खिलाफ जो याचिका लगी हैं उस पर आज तक सुनवाई नहीं हुई। संसद के 141 सदस्यों को बर्खास्त कर सरकार ने संसद से चुनाव कानून पास कराया था। चुनाव आयुक्तों के ऊपर कोई भी आपराधिक मामला दर्ज नहीं हो सकता है। सरकार ने कानून बनाकर उसे असीमित शक्तियां दे दी हैं। ऐसे में कहा जा रहा, कि न्याय पालिका से अब जो भी न्याय मिल रहा है वह सरकार को मिल रहा है। न्याय पालिका विपक्ष के ऊपर आक्रामक है। ईडी, सीबीआई और अन्य जांच एजेंसियां जिस तरीके से विपक्ष को निशाने पर लेती हैं, न्यायपालिका से उन्हें संरक्षण मिलता है। ऐसी स्थिति में एक-एक करके समस्त विपक्षी दलों के नेता और क्षेत्रीय दलों के नेता भाजपा के निशाने पर हैं। एक-एक करके उन राज्यों में भी भाजपा बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाती जा रही है जहां पर भाजपा का पहुंच पाना संभव ही नहीं था। इस मामले में चुनाव आयोग की भूमिका अति महत्वपूर्ण हो गई है। चुनाव आयोग कई ऐसे सॉफ्टवेयर उपयोग में ला रहा है जो चुनाव में मनमाफिक चुनाव परिणाम मशीन की सहायता से ला सकते हैं। चुनाव आयोग ने पूरी चुनाव व्यवस्था का केंद्रीय कारण कर लिया है। चुनाव आयोग में जो भी डिजिटाइजेशन है उस पर चुनाव आयोग का ही नियंत्रण है। ईवीएम मशीन, वीवीपेट, मतदाता सूची और मतगणना सभी पर केंद्रीय चुनाव आयोग का नियंत्रण है। चुनाव आयोग से संबंधित कार्यों के लिए जो ईवीएम मशीन और वीवीपेट वगैरा इस्तेमाल किए जा रहे हैं, उनकी जो सॉफ्टवेयर कंपनियां हैं उनमें भाजपा के ही पदाधिकारी सदस्य बनकर काम कर रहे हैं। मतदान, मतगणना और मतदाता सूची में गड़बड़ियों को लेकर राहुल गांधी तथ्यों के साथ पत्रकार वार्ता करके जो गड़बड़ियां की गई हैं उन्हें उजागर कर चुके हैं। एड़ीआर ने भी 2024 के लोकसभा चुनाव में लगभग 80 लोकसभा सीटों पर मतदान और मतगणना के परसेंटेज और चुनाव परिणाम को लेकर चुनाव आयोग को जो आपत्ति दर्ज कराई थी उसे भी चुनाव आयोग ने ठंडे बस्ते में डाल रखा है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में भी जब ये मामले जाते हैं तब इन मामलों पर तारीख पर तारीख मिलती है। सुनवाई और फैसला किसी मामले में नहीं होता है। इस स्थिति में विपक्ष और क्षेत्रीय दलों की मूर्खता और सत्ता लोलुपता के कारण भाजपा को दिन प्रतिदिन शक्तिशाली बनाती चली जा रही है। उड़ीसा जैसे राज्य में जिस तरह से भाजपा ने सत्ता हासिल की है, पंजाब, हरियाणा और महाराष्ट्र में अपने ही सहयोगी दलों को एक तरह से खत्म कर दिया है। बिहार के भी जो चुनाव परिणाम आए हैं उसमें भले नीतीश बाबू की पार्टी दूसरे नंबर की हो लेकिन जिस तरह से उनकी पार्टी के अंदर भाजपा ने सेंध लगा दी है उसमें नीतीश बाबू भी फड़फड़ा रहे हैं। अब उनके पास भी उनका और उनकी पार्टी का कोई स्वतंत्र आधार नहीं रहा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा अच्छी तरह से जानती हैं जब तक कांग्रेस की बागडोर गांधी परिवार के हाथ में है तब तक उसका मुकाबला नहीं किया जा सकता है। 75 वर्षों के बाद भी कांग्रेस आज 300 से ज्यादा लोकसभा सीटों में प्रभावशाली है। भाजपा को चुनौती केवल कांग्रेस से है। 2014 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और संघ के निशाने पर केवल कांग्रेस है। जो क्षेत्रीय दल आज देश में विभिन्न राज्यों में देखने को मिल रहे हैं वह कांग्रेस की विरासत पर ही राज कर रहे हैं। भाजपा इसको अच्छे तरीके से जानती है। कांग्रेस और उन्हें एकजुट नहीं होने देना चाहती है। यदि विपक्ष और क्षेत्रीय दल संविधान और लोकतंत्र की इस लड़ाई में कांग्रेस के साथ एकजुट हो गए तो फिर सत्ता में बने रहना भाजपा के लिए मुश्किल ही नहीं असंभव हो जाएगा। पिछले एक दशक में एक-एक करके क्षेत्रीय दल समाप्त होते चले जा रहे हैं। मायावती जैसी नेता और उनकी पार्टी बसपा आम आदमी पार्टी जो भाजपा के ही गर्भ से निकली थी उसे भी भाजपा ने पनपने नहीं दिया। केजरीवाल अपने आपको प्रधानमंत्री मोदी के मुकाबले में खड़ा करने लगे थे, उन्हें भी ठिकाने लगाने में ज्यादा देर नहीं लगी। यदि यही क्रम 2 साल और चल गया तो भारत के सभी राज्यों में भाजपा की ही सरकार होगी, इससे कोई इनकार नहीं कर सकता है। जिस तरह से रावण के पास नौ ग्रह कैद थे, इसी तरह से केंद्र सरकार के अधीन जितनी भी संवैधानिक संस्थाएं हैं या जितनी भी व्यवस्थाएं कार्यरत हैं उन सब में भाजपा और संघ के लोग पिछले 10 साल में बैठ चुके हैं। ऐसी स्थिति में 2047 तक का जो लक्ष्य भाजपा ने निर्धारित किया है कि वह केंद्र और राज्यों की सत्ता में बने रहेंगे, वह पूर्ण होने से कोई रोक नहीं सकेगा। केंद्रीय चुनाव आयोग पूर्णतः सरकार के नियंत्रण में है। न्यायपालिका भी उसके काम में कोई हस्तक्षेप नहीं कर पा रही है। राजनीतिक दलों और राजनेताओं के प्रति कोई जवाब देही चुनाव आयोग की नहीं है। मतदाताओं के अधिकार भी लाखों की संख्या में चुनाव आयोग एसआईआर के माध्यम से राज्यों में खत्म करके मनचाहे चुनाव परिणाम, डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दे रहा है। उसका मुकाबला करना बिखरे हुए विपक्ष और क्षेत्रीय दलों के बस की बात अब नहीं रही, यही कहा जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान : विवादित पीटीआई नेता मूनिस के खिलाफ मामला बंद

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** इंटरपोल ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी व विवादित पीटीआई नेता मूनिस इलाही के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट के पाकिस्तान के अनुरोध से संबंधित मामला बंद कर दिया है। पाकिस्तान सरकार ने पूर्व संघीय मंत्री को पकड़ने के लिए इंटरपोल से सहायता मांगी थी। लगभग तीन साल पहले इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई के बाद मूनिस स्पेन चले गए थे।

### चिली में कम्युनिस्ट बनाम धुर दक्षिणपंथ के बीच मुकाबला

**सैंटियागो, एजेंसी।** चिलीवासियों ने रविवार को नए राष्ट्रपति व संसद के लिए मतदान किया। इसमें कम्युनिस्ट बनाम धुर दक्षिणपंथ के बीच मुकाबला है। यह दक्षिण अमेरिकी देश में राष्ट्रपति चुनाव के संभावित दो चरणों में से पहला चरण है। सर्वेक्षणों से पता चलता है कि कोई भी उम्मीदवार 14 दिसंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान से बचने के लिए आवश्यक 50 प्रतिशत मतों की सीमा को पार नहीं कर पाया है।

### पाकिस्तान में एक लाख से ज्यादा अफगान गिरफ्तार : संयुक्त राष्ट्र

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने इस साल अब तक एक लाख से अधिक अफगानियों को गिरफ्तार किया है। डॉन ने संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया है कि बलूचिस्तान में चगाई व क्वेटा और पंजाब में अटक देश भर में शीर्ष तीन जिले हैं, जहां इस साल सबसे अधिक अफगान नागरिक कार्ड एसीसी धारक अफगान नागरिकों को दस महीने से अधिक समय तक गिरफ्तार रखा गया।

### फिलीपीन में भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन

**मनीला, एजेंसी।** फिलीपीन की राजधानी मनीला में रविवार को करीब 27 हजार से अधिक लोगों ने प्रदर्शन किया। सभी प्रदर्शनकारी रिजाल पार्क में इकट्ठा हुए थे। उनके हाथों में सफेद कपड़ों पर भ्रष्टाचार खत्म करो जैसे संदेश वाले पोस्टर थे। प्रदर्शन के दौरान पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई। लोगों ने पुलिस पर पत्थर, बोतलें व फायर बम फेंके। 200 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इग्लेसिया नी क्रिस्टो नामक धार्मिक संस्था की ओर से आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शन में बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं में हुए करोड़ों डॉलर के भ्रष्टाचार को लेकर जवाबदेही की मांग की गई। प्रदर्शनकारी ने दोषियों को जेल भेजने और अपने पैसे लौटाने की मांग की। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने जुलाई में इस घोटाले का खुलासा किया और एक जांच आयोग गठित किया। मार्कोस जूनियर ने कहा कि इस घोटाले की जांच में कोई नहीं बचेगा। घोटाले के खुलासे के बाद मार्कोस के चचेरे भाई सीनेट अध्यक्ष फ्रांसिस एस्कुडेरो व हाउस स्पीकर मार्टिन रोमुअल्डेज इस्तीफा दे चुके हैं।

### सीरिया के स्वेदा में सांप्रदायिक हिंसा पर सुरक्षा बलों और सैन्य अधिकारियों की गिरफ्तारी

**दमिश्क, एजेंसी।** सीरिया के दक्षिणी प्रांत स्वेदा में जुलाई में हुई सांप्रदायिक हिंसा की जांच के सिलसिले में सीरिया के सुरक्षा और सैन्य सेवाओं के सदस्यों को हिरासत में लिया गया है, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए थे, जांचकर्ताओं ने रविवार को यह जानकारी दी। स्वेदा में हिंसा की जांच कर रही एक सीरियाई समिति के प्रमुख ने राजधानी दमिश्क में एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें प्रगति पर चर्चा की गई, लेकिन उन्होंने मृतकों की संख्या जारी नहीं की, यह कहते हुए कि यह अंतिम रिपोर्ट में बताई जाएगी, जो वर्ष के अंत तक आने की उम्मीद है। बता दें कि जुलाई के मध्य में द्रुज आध्यात्मिक नेता शेख हिकमत अल-हिजरी से जुड़े सशस्त्र समूहों ने स्थानीय बेडौइन कबीलों के साथ संघर्ष किया, जिसके बाद सरकारी बलों ने हस्तक्षेप किया, जिन्होंने प्रभावी रूप से बेडौइनों का पक्ष लिया। सैकड़ों नागरिक, जिनमें से अधिकांश द्रुज थे।

### संविधान संशोधन के खिलाफ लाहौर में हड़ताल करेंगे वकील

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के लाहौर शहर में वकीलों ने उच्चतम न्यायालय की शक्तियों को कम करने वाले विवादास्पद 27वें संविधान संशोधन के खिलाफ रविवार को हड़ताल की घोषणा की और न्यायाधीशों से अपना विरोध दर्ज कराने के लिए इस्तीफा देने का भी आग्रह किया। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने बृहस्पतिवार को 27वें संविधान संशोधन पर हस्ताक्षर कर उसे कानून बना दिया, जिसमें रक्षा बलों के प्रमुख के एक नए पद और एक संवैधानिक न्यायालय के सृजन का प्रावधान है।

# ड्रग ले जा रही बोट पर अमेरिका का हवाई अटैक: 75 दिनों में 21वां हमला

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका ने शनिवार को पूर्वी प्रशांत महासागर में एक ड्रग तस्करी करने वाली नाव पर हवाई हमला किया, जिसमें तीन लोग मारे गए। अमेरिकी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। यह सितंबर की शुरुआत से अब तक अमेरिकी सेना का ड्रग नावों पर किया गया 21वां हमला है। आंकड़ों के अनुसार, इन हमलों में अब तक 83 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के मुताबिक ये हमले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के आदेश पर हो रहे हैं। ट्रम्प प्रशासन ने इन हमलों को अमेरिका में ड्रग्स सप्लाई रोकने के लिए जरूरी कदम बताया। न्याय विभाग ने इन हमलों को सही ठहराया है और कहा गया है कि इन ऑपरेशनों में शामिल अमेरिकी सैनिकों को मुकदमा चलाने से छूट मिलेगी।



**अमेरिकी सेना ने हमले का वीडियो जारी किया :** अमेरिकी दक्षिणी कमान ने रविवार को हमले का वीडियो भी सोशल मीडिया x पर जारी किया। वीडियो में विस्फोट दिख रहा है, जिससे नाव के परखच्चे उड़ गए। हमले के तुरंत बाद बोट में आग लग गई। मारे गए लोगों की राष्ट्रीयता या पहचान की जानकारी नहीं दी गई।

**ट्रम्प बोले- ड्रग तस्करी करने वाले पर स्ट्राइक की :** इससे पहले ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा था, 'मेरे आदेश पर अमेरिकी सेना ने ड्रग तस्करी करने वाले कार्टेल और नार्को टेररिस्ट पर स्ट्राइक की। ये लोग वेनेजुएला से नशीले पदार्थ अमेरिका की ओर ले जा रहे थे।' अमेरिका ने 10 नवंबर को भी पूर्वी प्रशांत महासागर में दो संदिग्ध नावों पर हवाई हमला किया। अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने बताया कि ये नाव ड्रग्स लेकर जा रहे थे। इसमें 6 लोग मारे गए थए। हेगसेथ ने एक्स पर पोस्ट किया कि ये नावें आतंकवादी संगठनों से जुड़ी थीं और कोकीन तस्करी कर रही थीं।

वेनेजुएला की ड्रग संगठन 'कार्टेल डे लोस सोल्स' आतंकवादी संगठन घोषित अमेरिकी कांग्रेस के सांसदों, मानवाधिकार संगठनों और सहयोगी देशों ने इन हमलों की वैधता पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि युद्ध क्षेत्र से बाहर हमले करने का कानूनी आधार साफ नहीं है। ट्रम्प प्रशासन का कहना है कि उसके पास पूर्ण कानूनी अधिकार है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने रविवार को वेनेजुएला की ड्रग संगठन 'कार्टेल डे लोस सोल्स' को 'विदेशी आतंकवादी संगठन' घोषित किया।


इससे अमेरिका में इस ग्रुप को किसी भी तरह की मदद देने वाला अपराधी माना जाएगा। अमेरिकी अधिकारियों ने आरोप लगाया है कि यह संगठन 'ट्रेन डे अरागुआ' नामक अपराधी समूह के साथ मिलकर अमेरिका में नशीले पदार्थ भेजता है। ट्रम्प प्रशासन का दावा है कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो इस कार्टेल के नेता हैं, हालांकि मादुरो हमेशा इससे इनकार करते आए हैं। अमेरिकी अधिकारी मादुरो सरकार के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करने पर विचार कर रहे हैं।

### कैलिफोर्निया के ज्वेलरी शॉप से 1.4 करोड़ रुपए के गहने चोरी, दुकान मालिक ने बचाव में गोलीबारी की

**कैलिफोर्निया, एजेंसी।** कैलिफोर्निया में एक ज्वेलरी दुकान पर गुरुवार शाम मास्क पहने पांच लुटेरों ने धावा बोल दिया। उन्होंने करीब 1.4 करोड़ रुपए की ज्वेलरी लूट ली। हालांकि, दुकान मालिक के गोली चलाने के बाद सभी भाग निकले। घटना शाम 7 बजे के बाद हुई जब दुकान 'ओलिविया फाइन ज्वेलरी' से ग्राहक निकल चुके थे। काले कपड़े और मास्क पहने लुटेरे अचानक अंदर घुसे। कुछ के हाथ में कांच तोड़ने के औजार थे, जबकि एक दरवाजे पर पहरेदार बना रहा।

लुटेरे काउंटर पार कर ज्वेलरी निकालने लगे। तभी पीछे के कमरे से दुकान मालिक निकले और हैंडगन से 3-5 गोलियां चलाईं। लुटेरे एक-दूसरे पर गिरते हुए बाहर भागे। मालिक ने दरवाजे पर पहुंचकर और चेतावनी की गोलियां चलाईं। कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन लुटेरे ज्वेलरी लेकर फरार हो गए। पुलिस को लुटेरों की गाड़ी शहर के बाहर मिली। जांच में पता चला कि डकैती से पहले वे इलाके में चक्कर लगा रहे थे। सीसीटीवी फुटेज की जांच जारी है। लुटेरों की पहचान नहीं हो सकी क्योंकि वे मास्क और काले कपड़ों में थे।

### हमें युद्धबंदियों के अदला-बदली शुरू किये जाने का भरोसा है: जेलेंस्की



**कीव, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन का युद्ध लगातार लंबा खिंचता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी इस मुद्दे पर अब कम ही बात करते हुए नजर आते हैं। ऐसे में अब रूस और यूक्रेन मिलकर कुछ हद तक माहौल को हल्का बनाते हुए नजर आ रहे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि उनका देश रूस के साथ कैदियों की अदला-बदली फिर शुरू करने की कोशिश कर रहा है, जिससे लगभग 1,200 यूक्रेनी कैदी वापस आ सकते हैं।

यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, 'हमें ...युद्धबंदियों के अदला-बदली शुरू किये जाने का भरोसा है। इसे सुनिश्चित करने के लिए वर्तमान में कई बैठकें एवं वार्ताएं हो रही हैं।'

गौरतलब है कि इस मुद्दे पर यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा परिषद के सचिव रुस्तम उमेरोव ने एक दिन पहले वार्ता में प्रगति की घोषणा की थी। उमेरोव ने शनिवार को कहा था कि उन्होंने कैदियों का आदान-प्रदान पुनः शुरू करने के लिए तुर्किए और संयुक्त अरब अमीरात की मध्यस्थता में बात की जा रही है। दोनों देश इस्तांबुल की मध्यस्थता में 1,200 यूक्रेनवासियों की हिरा करने के लिए कैदियों के आदान-प्रदान के लिए सहमत हुए हैं। यूक्रेन की तरफ से भले ही इस पर सहमति जता दी गई हो, लेकिन रूस की तरफ से फिलहाल कोई बयान सामने नहीं आया है। आपको बता दें रूस और यूक्रेन दोनों ही इस्तांबुल समझौते 2022 के तहत कैदियों के आदान-प्रदान का सम्मान करते हैं। इसके तहत ही पिछले तीन सालों में दोनों देश हजारों सैनिकों का आदान-प्रदान कर चुके हैं। यूक्रेन लगातार हो रहे रूसी हवाई हमलों से बचने के लिए जी-जान से प्रयास कर रहा है, जिसके कारण सर्दियों के शुरू होते ही समूचे यूक्रेन में बिजली गुल हो गई है। यूक्रेन की वायु सेना ने रविवार को बताया कि रूस ने रातभर में कुल 176 ड्रोन और एक मिसाइल दागी तथा यूक्रेनी सेना ने 139 ड्रोनों को मार गिराया या निष्क्रिय कर दिया। अग्रिम मोर्चे पर, रूस के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि उसकी सेनाओं ने यूक्रेन के दक्षिणी जापोरिज्जिया क्षेत्र में दो बस्तियों पर कब्जा कर लिया है।

## नेतन्याहू ने खाई कसम, कहा- अलग देश नहीं बन पाएगा फिलिस्तीन, अमेरिका को भी दो टूक

**येरुशलम, एजेंसी।** गाजा में युद्धविराम के बाद अब अमेरिका संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में फिलिस्तीन राष्ट्र को लेकर अपना प्रस्ताव पेश करने जा रहा है। इसपर वोटिंग से पहले ही इजरायली राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू ने कसम खा ली है कि वह किसी भी कीमत पर फिलिस्तीन राष्ट्र का समर्थन नहीं करने वाले हैं। नेतन्याहू लंबे समय से यह कहते रहे हैं कि फलस्तीनी राष्ट्र बनाने से हमास को लाभ होगा और इजराइल की सीमाओं पर अंततः हमास द्वारा संचालित एक और भी बड़ा राष्ट्र बनेगा। हालांकि, गाजा में युद्धविराम के प्रस्ताव को आगे बढ़ाने की अमेरिका की कोशिशों के बीच नेतन्याहू को लचीलापन दिखाने के लिए भारी अंतरराष्ट्रीय दबाव का सामना करना पड़ रहा है।


सुरक्षा परिषद द्वारा अमेरिका के प्रस्ताव पर मतदान किए जाने की संभावना है, जिसके तहत रूस, चीन और कुछ अरब देशों के विरोध के बावजूद गाजा में एक अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल की स्थापना की जाएगी। हमास और फलस्तीनी गुटों ने रविवार को अमेरिकी प्रस्ताव के खिलाफ चेतावनी दी और इसे गाजा पर एक ऐसा अंतरराष्ट्रीय शासनादेश थोपने का प्रयास बताया जो इजराइल के प्रति पक्षपाती है और फलस्तीनियों को अपने मामलों का प्रबंधन करने के अधिकार से वंचित करता है। इन गुटों ने एक बयान में कहा कि इस बल में इजराइल शामिल नहीं होना चाहिए और यह सीधे संयुक्त राष्ट्र की निगरानी में होना चाहिए।

बयान में अमेरिकी प्रस्ताव में गाजा को निरस्त्र करने के हर संदर्भ को खारिज कर दिया गया। नेतन्याहू ने रविवार को इस प्रस्ताव का उल्लेख किया जिसमें गाजा को सेना से मुक्त करने और हमास को निरस्त्र करने का आह्वान किया गया है। उन्होंने अपने मंत्रिमंडल से कहा, ''यह या तो आसान तरीके से होगा, या कठिन तरीके से।'' नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि फलस्तीनी राष्ट्र की स्थापना के प्रति इजराइल के विरोध में ''जरा भी बदलाव नहीं आया है'' और उसे बाहरी या आंतरिक दबाव से बदला नहीं जा सकता। उन्होंने कहा, 'मुझे किसी की पुष्टि, किसी के ट्वीट या किसी के भाषण की जरूरत नहीं है।

## कांगो में खदान ढहने से 80 की मौत, कई लोगों के फंसे होने की आशंका

**ब्राज़ाविल, एजेंसी।** दक्षिण-पूर्वी कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में शनिवार को एक खदान ढह गया। हादसे में कम से कम 80 लोगों की मौत हो गई। कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। एक अधिकारी ने रविवार को घटना की जानकारी दी। यह हादसा लुआलाबा प्रांत के मुलोंडो में कलांडो खदान में हुई।

प्रांत के गृह मंत्री रॉय कौम्बा मायोंडे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि भारी बारिश और लैंडस्लाइड के खतरे के कारण खदान में जाने पर बैन लगा था। इसके बावजूद अवैध माइनिंग करने वाले खदान में जबरन खदान में घुस गए थे। डीआरसी की सरकारी एजेंसी एसएईएमएपीई की रिपोर्ट में कहा गया है कि घटनास्थल पर सैनिकों की फायरिंग से माइनिंग करने वालो में



दहशत फैल गई और वे खदान के ऊपर पुल की ओर दौड़ पड़े, जिससे पुल ढह गया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें खदान के नीचे कई लोग खड़े दिखे। अचानक खदान का बड़ा हिस्सा ढह गया और उसके मलबे में कई लोग दब गए। कई लोग भागने के दौरान एक-दूसरे के ऊपर गिर गए, जिससे उनकी जान गई। बता दें कि डीआरसी दुनिया में कोबाल्ट का सबसे बड़ा उत्पादक है। कोबाल्ट इलेक्ट्रिक वाहनों और दूसरे प्रोजेक्ट के लिए, लिथियम-आयन बैटरी बनाने में इस्तेमाल होता है। इस मध्य अफ्रीकी देश में उत्पादन का 80% हिस्सा चीनी कंपनियों के कंट्रोल में है। देश की खनन इंडस्ट्री लंबे समय से बाल मजदूरी, असुरक्षित परिस्थितियों और भ्रष्टाचार के आरोपों से जूझ रही है।

**इक्वाडोर का ड्रग गिरोह का सरगना स्पेन में पकड़ा गया : विक्टो, एजेंसी।** इक्वाडोर के सबसे वांछित ड्रग तस्करों में से एक को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। कई साल पहले वो अपनी मौत का नाटक करके स्पेन भाग गया था। इक्वाडोर के राष्ट्रपति डैनियल नोबोआ ने कहा कि विल्मर चावरिया, जिसे 'पिपो' के नाम से भी जाना जाता है, को स्पेनिश पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में स्पेन के शहर मलागा में पकड़ लिया गया। चावरिया को लॉस लोबोस का सरगना माना जाता है, जो लगभग 8,000 लड़कों वाला एक ड्रग तस्करी समूह है और जिसे हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा एक आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है। लॉस लोबोस का नाम इक्वाडोर में राजनीतिक हत्याओं से जुड़ा रहा है और उस पर मैक्सिको के जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल के साथ मिलकर काम करने का भी आरोप है।

## 16 साल तक रचा खुद की मौत का नाटक, आखिरकार पकड़ा गया बुजुर्ग यौन अपराधी

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यह पुलिस ने एक ऐसे यौन अपराधी को गिरफ्तार किया है, जिसे वह पिछले 16 साल से मरा हुआ मान रही थी। आरोपी ने अपनी मौत का झूठा नाटक इतनी संजीदगी के साथ रचा था कि उसे स्वयं भी इस बात का भरोसा था कि पकड़े जाने से पहले ही वह मर जाएगा। स्थानीय पुलिस के मुताबिक फ्लोरिडा के इस शातिर अपराधी को इसी हफ्ते इंडियाना से गिरफ्तार किया गया।



मार्शल्स ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार होने के समय पर भी वह कह रहा था कि उसे उम्मीद थी गिरफ्तार होने के पहले वह मर चुका होगा।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 2010 में अपनी मौत की झूठी कहानी रचने के बाद से फरार आरोपी गैरी बेन हार्वर्ड को यूएस

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक गैरी नामक इस बुजुर्ग को 2007 में पिनेलेस काउंडी में चाइल्ड पोर्नोग्राफी रखने समेत 22 मामलों में दोषी पाया गया था। इसके बाद इसे आजीवन यौन अपराधी घोषित कर दिया गया था। हालांकि, 2010 में सभी लोगों को धोखा देते हुए गैरी फ्लारिडा से भागकर इंडियाना चला गया। अधिकारियों के मुताबिक उसने साजिश के तहत केंटकी की एक लेक में अपनी किराए की कार को ऐसी हालत में पार्क किया, जिसमें इस बात का पता चले कि उसने आत्महत्या कर ली है।

इस घटनाक्रम का पता पुलिस को तब चला जब गैरी ने 2011 में खुद को यौन अपराधी के रूप में रजिस्टर नहीं कराया। इसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। इसके बाद यह मामला आया गया हो गया। पुलिस को इस बात का यकीन हो गया कि गैरी ने आत्महत्या कर ली है। हालांकि हाल ही में पुलिस को जानकारी मिली की गैरी जिंदा है। इसके बाद अदालत ने एक बार फिर से आदेश जारी करके कहा कि गैरी को फ्लोरिडा लाया जाए, जिससे वह अपने अपराधों का सामना कर पाए। टाइम्स के मुताबिक इसके बाद पुलिस कर्मियों ने जानकारी निकाली कि इंडियाना में गैरी के काफी जान पहचान वाले रहते हैं। इसके बाद मार्शल्स ने इंडियाना में गश्त बढ़ा दी और अंत में गैरी को गिरफ्तार कर लिया गया। वर्तमान में उसे बैंडबर्ग काउंटी जेल में भेजा गया है।

## न्यूयॉर्क के नवनिर्वाचित मेयर ममदानी जल्द मुलाकात कर सकते हैं ट्रंप

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को संकेत दिया कि वे न्यूयॉर्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी से मुलाकात करने के इच्छुक हैं। ट्रंप ने कहा कि वे 'कुछन कुछ रास्ता निकाल लेंगे', राष्ट्रपति ट्रंप का यह बयान दोनों नेताओं के बीच चल रही सियासी बयानबाजी के बीच आया है।



**ममदानी को देश से निकालने की ट्रंप ने की थी बात :** ट्रंप पिछले कई महीनों से ममदानी पर तीखे हमले कर रहे थे। वे उन्हें गलत तरीके से 'कम्युनिस्ट' बताते रहे और दावा करते रहे कि अगर ममदानी जीते तो न्यूयॉर्क बर्बाद हो जाएगा। इतना ही नहीं, उन्होंने ममदानी, जो युगांडा में जन्मे और बाद में अमेरिकी नागरिक बने, को देश से निकालने और शहर से संघीय फंडिंग रोकने की धमकी भी दी थी। ट्रंप के कठोर प्रवासी-विरोधी रुख के खिलाफ ममदानी का अभियान लेकिन न्यूयॉर्क की राजनीति ने अलग कहानी लिखी। 34 वर्षीय जोहरान ममदानी, जो कभी अपेक्षाकृत अंजान राज्य विधायक थे, सोशल मीडिया के सितारे बने और ट्रंप की नीतियों के मुखर विरोधी चेहरों में से एक बनकर उभरे। उन्होंने प्रगतिशील नीतियों और ट्रंप के कठोर प्रवासी-विरोधी रुख के खिलाफ अभियान चलाया। मेयर चुनाव में उन्होंने पूर्व राज्यपाल एंड्रयू कुओमो को करीब 9 प्रतिशत अंकों से हराकर बड़ी जीत हासिल की। अपनी जीत के भाषण में जोहरान ममदानी ने कहा था कि न्यूयॉर्क देश को दिखाएगा कि ट्रंप की नीतियों का मुकाबला कैसे किया जाता है। लेकिन अगले ही दिन उन्होंने यह भी कहा कि वे शहर के हित के लिए किसी से भी काम करने को तैयार हैं, चाहे वह राष्ट्रपति ही क्यों न हों।

**दोनों के बीच पिघल रही जमी बर्फ :** जोहरान ममदानी की टीम ने रविवार को ट्रंप की टिप्पणी पर सीधा जवाब नहीं दिया, लेकिन यह दोहराया कि नवनिर्वाचित मेयर पहले ही संकेत दे चुके हैं कि वे व्हाइट हाउस से संपर्क करेंगे, क्योंकि 'यह संबंध शहर की सफलता के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा।' ट्रंप ने भी रविवार को इसी सोच को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा, ''न्यूयॉर्क के मेयर हमसे मिलना चाहते हैं। हम कुछ न कुछ कर लेंगे।'

**अभी बैठक की तारीख तय नहीं हुई- लेविट :** व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने बाद में स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति ममदानी की बात कर रहे थे। अभी बैठक की तारीख तय नहीं हुई है। ट्रंप ने कहा, 'हम चाहते हैं कि न्यूयॉर्क के लिए सब कुछ अच्छा हो।

## रूस से व्यापार करने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाने का कानून ला रही ट्रंप सरकार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका का ट्रंप प्रशासन जल्द ही एक नया कानून बनाने जा रहा है, जिसके तहत रूस से व्यापार करने वाले देशों पर कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इसे समर्थन दे दिया है। रविवार को मीडिया से बात करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने बताया कि उनकी पार्टी एक विधेयक लाने जा रही है, जिसके तहत रूस से व्यापार करना किसी भी देश के लिए बेहद मुश्किल हो जाएगा।

विधेयक को लेकर ट्रंप क्या बोले

ट्रंप ने कहा कि 'रूस के व्यापारिक साझेदार देश यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने के लिए जिम्मेदार हैं, खासकर रूस से कच्चा तेल और गैस खरीदने वाले देश। ट्रंप ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऐसा विधेयक लाने जा रही है, जिसमें रूस से व्यापार करने वाले देशों पर काफी कड़े प्रतिबंधों का प्रावधान है।'

**भारत के लिए हो सकती है परेशानी**



: रूस से व्यापार करने वाले देशों में भारत और चीन शामिल हैं। ऐसे में अमेरिका के इस नए कानून से भारत की परेशानी बढ़ सकती है। अमेरिका पहले ही भारत पर रूस से तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त टैरिफ लगा चुका है। अमेरिका का मानना है कि रूस के यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने में भारत और चीन का प्रमुख योगदान है। नए कानून के तहत भारत और चीन के अलावा ईरान की भी परेशानी बढ़ सकती है।

**भारत-रूस में बढ़ रहा द्विपक्षीय व्यापार :** एक तरफ अमेरिका रूस से व्यापार करने वाले देशों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ भारत और रूस के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा है। साल 2030 तक दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 100 अरब डॉलर करने का लक्ष्य तय किया है। भारत और रूस के बीच इंडिया-यूरेशियन इकॉनोमिक यूनियन मुक्त व्यापार समझौता हो सकता है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगर अमेरिका का यह विधेयक पारित हो जाता है, तो ट्रंप उन देशों से आयात पर 500 प्रतिशत तक शुल्क लगा सकेंगे जो रूस से कच्चा तेल या गैस खरीदते हैं।

### पाकिस्तान: सिंध में अवैध पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, 7 की मौत :

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक अवैध पटाखा फैक्टरी में विस्फोट हो गया। इसमें कम से कम सात लोग मारे गए और कई घायल हो गए। बचाव अधिकारियों ने बताया कि हैदराबाद शहर के लतीफाबाद इलाके में शनिवार रात एक गैरलाइसेंसी पटाखा निर्माण इकाई में विस्फोट हुआ।

अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट के बाद शनिवार रात मकान का एक हिस्सा ढह गया। कुछ लोगों के अब भी मलबे में फंसे होने की आशंका है। बचाव दल के प्रवक्ता ने बताया कि बचाव अभियान पूरा होने के बाद ही विस्फोट के वास्तविक कारण का पता चल सकेगा। लतीफाबाद के सहायक आयुक्त सऊद लुंड ने घटनास्थल पर मीडिया से बातचीत में इस बात की पुष्टि की कि पटाखे अवैध रूप से बनाए जा रहे थे। उन्होंने यह भी बताया कि फैक्टरी का मालिक असद जई फरार है।

## जानकारी

# गर्भावस्था के दौरान इन 5 खतरों से रहें सावधान

गर्भावस्था के नौ महीने महिलाओं के लिए बड़े उतार-चढ़ाव वाले होते हैं, इस दौरान महिलाओं को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। तनाव, वजन बढ़ना, सिर में दर्द होना, मॉर्निंग सिकनेस, भूख न लगना, अनिद्रा जैसी कई परेशानी से माहिलाओं का सामना होता है। लेकिन इन सामान्य समस्याओं के साथ गर्भावस्था के इन नौ महीनों में कुछ खतरे भी होते हैं जिनके बारे में गर्भवती महिला को जानना बहुत जरूरी है, जिससे वह गर्भपात की संभावना को रोक सके। विस्तार से जानें खतरों के बारे में।

### गर्भावस्था के खतरों को पहचानें

- यह जरूरी है कि गर्भावस्था के साथ ही आप गर्भावस्था के खतरों को पहचान लें।



हालांकि चिकित्सक आपको कुछ संकेत बता देंगे जिससे कि आप गर्भावस्था के खतरों को पहचान सकेंगे और इन स्थितियों के खतरे को कम कर सकते हैं।

- लेकिन एक सवाल जो कि हर गर्भवती महिला करती है वो यह है कि तत्काल चिकित्सा के लक्षण और डाक्टर से मिलने तक की प्रत्याशा को अलग कैसे किया जाए। विशेषज्ञ ऐसी सलाह देते हैं कि कुछ ऐसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।
- गर्भ के तीसरे महीने के दौरान असहनीय सरदर्द, कभी-कभी आंखों से साफ न दिखना, पेट में सूजन और आंतों में दर्द।
- इस प्रकार के लक्षण ब्लड प्रेशर के बने से या यूरीन में प्रोटीन की अधिक मात्रा से हो सकते हैं और यह लक्षण अक्सर गर्भावस्था के 20वें हफ्ते में होती है।

### फीटल किक पर ध्यान दें

- विशेषज्ञ ऐसी सलाह देते हैं कि अगर बच्चा गर्भ में अधिक घूम नहीं रहा है तो इसका अर्थ है कि उसे प्लेसेन्टा से पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन नहीं मिल रहा है।
- फीटल किक को गिनकर भी आप बच्चे की गति का अंदाज लगा सकते हैं, लेकिन ऐसी कोई निश्चित गिनती नहीं है कि बच्चे को कितनी फीटल किक करना चाहिए। मोटे तौर पर आपको सिर्फ बच्चे की गति पर ध्यान देना चाहए। बच्चे की गति में किसी अजीब परिवर्तन की स्थिति में चिकित्सक की सलाह लेना जरूरी हो जाता है।

### गर्भावस्था में अधिक पानी आना

- कभी-कभी ऐसा एहसास होता है जैसे यूरीन की जगह पानी आ रहा है, लेकिन यह सिर्फ यूटेरस के सूजे होने और ब्लैडर के भारीपन से होता है। वास्तव में यह अलग-अलग स्थितियों पर निर्भर करता है। कभी-कभी यह भाप की तरह निकलता है।

**फ्लू के सामान्य लक्षण**
**डायरिया, गले में दर्द ,सर्दी खांसी ,और सर्दी, कमजोरी, नाक का बहना, उल्टियां आना**

- अगर पानी अधिक समय तक निकलता है तो शायद आपकी पानी की थैली फट गई और ऐसे में आपको तुरंत अस्पताल जाना चाहिए।
- गर्भावस्था के दौरान अधिक उल्टियों का ऐसा आना कि आप कोई भी काम ना कर सकें खतरनाक हो सकता है । आप कुपोषण के शिकार हो सकते हैं। इससे आगे चल कर पानी कि कमी हो सकती है और बच्चे के जन्म के दौरान परेशानियां भी हो सकती हैं।


### गर्भावस्था में फ्लू के संकेत

- ऐसा माना गया है कि प्रेग्नेंट महिलाओं में फ्लू का खतरा सामान्य लोगों की तुलना में अधिक रहता है। इसका सामान्य कारण है प्रेग्नेंसी से शरीर का इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाती है। ऐसे में फ्लू से होने वाली परेशानियां भी ब जाती हैं।

### गर्भावस्था में रक्त की कमी

विशेषज्ञ ऐसी सलाह देते हैं कि गर्भावस्था के दौरान खून अलग-अलग समय पर अलग परिभाषा देता है। अगर आपको मासिक धर्म के समय दर्द होता है या पेट में बहुत तेज दर्द

गर्भ तब होता है जब अण्डे यूटरस के बाहर निषेचित हो जाते हैं और इससे शुरुआत के 3 महीनों के दौरान सुस्ती का अनुभव होता है। अगर आप बहुत ही असहज महसूस कर रहे हैं तो ऐसे में अपनी आंतरिक भावनाओं को समझें और अपने चिकित्सक से सम्पर्क करें।




# अवॉइडेंट पर्सनैलिटी डिसऑर्डर

आपका बच्चा अगर अपने बेडरूम और स्टडी में ज्यादा समय बिताने लगा है और लोगों से मिलने-जुलने से दूर भागता है, तो उसे 'अवॉइडेंट पर्सनैलिटी डिसऑर्डर' हो सकता है। इस डिसऑजर के कारण बच्चे लगातार अपने रिश्तेदारों, पड़ोसियों और ज्यादा दोस्त बनाने से बचते हैं। अक्सर लोग ऐसे बच्चों को पहले शर्मीला समझते थे और सोचते थी कि ऐसे बच्चे ज्यादा बात करना नहीं पसंद करते। पर ऐसा न हो कि आप अपने बच्चे को लेकर यही सोचते रहें और उसमें अवॉइडेंट पर्सनैलिटी डिसऑर्डर बढ़ता चला जाए। 1980 के दशक के अंत और 1990 के दशक की शुरुआत में किए गए चार सामान्य जनसंख्या अध्ययन ने पर्सनैलिटी डिसऑर्डर के लिए विशिष्ट मूल्यांकन उपकरणों का उपयोग किया था और तब लगभग 5 प्रतिशत लोगों में ही पर्सनैलिटी डिसऑर्डर के कुछ लक्षण पाए गए थे। पर अब इस तरह के पर्सनैलिटी डिसऑर्डर भारत में 13.5 प्रतिशत पर पहुंच गया है। अब ऐसे में जरूरी है कि हम अपने बच्चों के स्वभाव पर हमेशा गौर करें और ध्यान देते रहें।

### अवॉइडेंट पर्सनैलिटी डिसऑर्डर कितना आम है?



यह अनुमान है कि भारत में लगभग 2.5 प्रतिशत लोगों को अवॉइडेंट पर्सनैलिटी डिसऑर्डर है। यह पुरुषों और महिलाओं को समान रूप से प्रभावित करता है पर अब ये बच्चों में बड़ी तेजी से फैल रहा है। यह आमतौर पर बचपन में ही शुरू होता है, जो बड़े होने के साथ बढ़ता ही जाता है। 18 वर्ष की आयु से कम उम्र के बच्चों में ये बीमारी अब गंभीर रूप ले

सटीक कारण पता नहीं चला है। हालांकि, यह माना जाता है कि आनुवांशिकी, पर्यावरण और उनका बचपन कैसा बीता है, इन सभी कारकों पर इस पर असर पड़ सकता है।

### अवॉइडेंट पर्सनैलिटी डिसऑर्डर के लक्षण क्या हैं?

इस विकार वाले लोगों के लिए, अस्वीकृति का डर इतना मजबूत है कि वे रिश्ते में जोखिम को अस्वीकार करने के बजाय अलगाव का चयन करते हैं। इस विकार वाले लोगों में व्यवहार का पैटर्न भिन्न हो सकता है। अपमान और अस्वीकृति के उनके डर के अलावा, इस विकार वाले लोगों के अन्य सामान्य लक्षणों में निम्नलिखित शामिल हैं।


- बचपन से अकेले रहना या मां-बाप का उनपर कम ध्यान देना भी बच्चों को इस डिसऑर्डर का शिकार बनाता है।
- वे आलोचनात्मक या अस्वीकृति से आसानी से आहत होते हैं।
- करीबी दोस्त और कुछ परिवार वालों के अलावा सबसे अलग हो कर रहना।
- नए लोगों व रिश्तेदारों से घबराना।
- लोगों से मिलने में अत्यधिक चिंता (घबराहट) और सामाजिक सिटिंग्स में भय का अनुभव करना।
- सामाजिक स्थितियों में शर्मीले, अजीब व आत्म-जागरूक होना।
- नया करने या चांस लेने से डरना।
- एपीडी का इलाज क्या है?
- एपीडी के इलाज के लिए, आप उपचार के निम्नलिखित तरीकों का विकल्प चुन सकते हैं।

**मनोचिकित्सा:** संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी एपीडी के लिए एक उपचार विकल्प है, जिसमें डॉक्टर इस बात पर विचार करते हैं कि किसी की सोच पैटर्न और विचार प्रक्रिया को कैसे बदला जाए, इस प्रकार बच्चे के कार्यों व सोच को प्रभावित किया जा सकता है।

**साइकोडायनामिक मनोचिकित्सा:** साइकोडायनामिक थेरेपी में आपके अचेतन विचारों से अवगत कराना शामिल है। यह आपको यह पता लगाने में मदद करता है कि आपके अतीत के अनुभव आपके व्यवहार को कैसे तय करते हैं। आपके पिछले भावनात्मक दर्द इस तकनीक से हल किए जा सकते हैं ताकि आप अपने जीवन को आगे बढ़ा सकें। इसमें मां-बाप, भाई-बहन, दोस्त और अन्य परिवार वालों की मदद ली जाती है।

**दवाएं:** अवसाद और चिंता के इलाज के लिए

के इलाज के लिए इस्तेमाल की जा सकती हैं।



## सेहत

# सीने में जकड़न या छाती में दर्द 'सिवियर अस्थमा' के हैं लक्षण

अस्थमा एक पुरानी फेफड़े की स्थिति है जिसमें वायुमार्ग में सूजन हो जाती है या सांस लेने में कठिनाई होती है। पांच से दस प्रतिशत अस्थमा रोगियों में गंभीर अस्थमा का निदान किया जाता है। कुछ लोग अस्थमा और सिवियर अस्थमा को एक ही समझते हैं, जबकि इन दोनों में थोड़ा अंतर है। डॉक्टर सतीश कौल के मुताबिक, अस्थमा और सिवियर अस्थमा के बीच सबसे महत्वपूर्ण अंतर सूजन की प्रकृति है, जो मुख्य रूप से अस्थमा में ईसिनोफिलिक और सीडी 4-संचालित है, और गंभीर अस्थमा में न्यूट्रोफिलिक और सीडी 8-चालित है। सिवियर अस्थमा फेफड़े से संबंधित एक गंभीर रोग है, जिसमें कई लक्षण दिखाई देते हैं। गंभीर या सिवियर अस्थमा एक पुरानी फेफड़े की स्थिति है जिसमें वायुमार्ग में सूजन हो जाती है या सांस लेने में कठिनाई होती है। पांच से दस प्रतिशत अस्थमा रोगियों में गंभीर अस्थमा का निदान किया जाता है।

### सिवियर या गंभीर अस्थमा के लक्षण

- बार-बार खांसी आना, जो रात में, खेलते समय, या हँसते या रोते समय हो सकता है।
- एक पुरानी खांसी (जो एकमात्र लक्षण हो सकती है)
- खेलने के दौरान कम ऊर्जा।
- तेजी से सांस लेना (समय-समय पर)
- सीने में जकड़न या छाती में दर्द की शिकायत।



### सिवियर अस्थमा से बचाव कैसे करते हैं

बच्चे एक स्पेसर के साथ एक इनहेलर का उपयोग करके दोनों दवाएं ले सकते हैं, या एक होल्डिंग चैंबर नामक एक उपकरण, जो यह सुनिश्चित करने में मदद करता है कि सभी दवा फेफड़े तक पहुंचती है। एक अन्य विकल्प एक नेबुलाइज़र है- एक मशीन जिसमें कंप्रेसर ट्यूबिंग और दवा देने में मदद करने के लिए एक मुखौटा शामिल है। यह नर्स या फार्मासिस्ट आपको सिखा सकता है कि दोनों का उपयोग कैसे करें, इसलिए आप यह निर्धारित कर सकते हैं कि आपके बच्चे के लिए सबसे अच्छा क्या काम करता है।

ये दवाएं- जिन्हें लघु-अभिनय ब्रोन्कोडायलेटर्स कहा जाता है- अस्थमा के लक्षणों और तुरंत चार से छह घंटे तक राहत प्रदान करते हैं। एल्ब्युटेरोल (प्रायर एचएफए, वेंटोलिन एचएफए, अन्य) अस्थमा के लिए सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला लघु-अभिनय ब्रोन्कोडायलेटर है। लेवलब्यूटेरोल एक और है। हालाँकि ये दवाएं जल्दी काम करती हैं, लेकिन ये आपके बच्चे के लक्षणों को वापस आने से रोक नहीं सकते हैं। यदि आपके बच्चे में बार-बार या गंभीर लक्षण होते हैं, तो उसे एक लंबे समय तक नियंत्रण वाली दवा लेने की आवश्यकता होगी जैसे कि एक सांस की कॉर्टिकोस्टेरॉइड।

वहीं जयपुर के अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. वीरेन्द्र सिंह कहते हैं कि ब्रोन्कोस्कोप की मदद से मरीज की सांस नली में एक पतला कैथेरेटर डाला जाता है, यह एक हीट एनर्जी देने वाला इंस्ट्रूमेंट आया है। बढ़े हुए कोमल मांसपेशियों को कम करने के लिए इस कैथेटर को सांस नली के आखिरी छोर तक पहुंचाया जाता है। इस क्षेत्र को धीरे-धीरे गर्म करने और मांसपेशियों को सिकोड़ने के लिए, हर 10 सेकंड के बाद इसे सांस नली से बाहर

आसान होता है, अस्थमा का अटैक कम हो जाता है। 'बीटी' सौ प्रतिशत इलाज नहीं है , लेकिन यह प्रक्रिया दवाओं पर मरीजों की निर्भरता को कम कर देता है।

# टाइम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-5-6-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। आत्मचिंतन कर। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। यात्रा का योग बनेगा। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-5-7-8

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। स्वविवेक से कार्य कर। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-7-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-4-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर वाले मदद करेंगे। शुभांक-5-7-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दे शुभांक-2-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय होगा और प्रसन्नताएं बढ़ेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-6-7


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-4-6-8

## काकुरो पहेली - 2651




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

**काकुरो - 2650 का हल**



## हंसी के फूव्वारें

दो प्रेस फोटोग्राफर अपने दिन भर के अनुभवों के बारे में बात कर रहे थे. एक ने कहा- 'आज सुबह मैंने चिथड़े में लिपटी हुई एक ऐसी भूखी-प्यासी औरत को देखा जो जीवन के प्रति निराश हो चुकी थी.'
'फिर तुमने उसके लिये क्या किया?'
'कल के समाचार पत्र के लिए मैंने उसका फोटो खींच लिया है.'

□ □ □


पत्नी ने पति को सम्बोधित किया- 'अजी ! सुनते हो, घर में बेटी जवान हो गई. मगर तुम्हें इसकी बिल्कुल भी चिन्ता नहीं है.'
'इस बात की चिन्ता तुमसे अधिक मुझे है, पर ढ़ंग का कोई लड़का भी तो मिले. जो मिलता है, गधा ही मिलता है.' पति ने उत्तर दिया.
'अगर मेरे बाप भी यही सोचते रहते तो मैं भी अभी तक कुंवारी बैठी रहती.' पत्नी तुनककर बोली.

□ □ □

प्रेमिका बोली: ''प्रिय ! तुम मुझे बहुत प्यार करते हो.''
प्रेमी बोला: 'हां.'
प्रेमिका बोली: 'प्रिय, शाहजहां ने मुमताज के मरने के बाद ताजमहल बनवाया था, तुम मेरे लिए क्या बनवाओगे ?'
प्रेमी बोला: 'प्लॉट खरीद लिया है बस तुम्हारी तरफ से ही देर हो रही है.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 2651



**बायें से दायें:-**

१. शाहिद कपूर, अमृता राव की फिल्म-३
३. शाहिद कपूर और अमृता राव की जोड़ी वाली पहली फिल्म कौन सी थी-२,२
६. सनी, प्रीति की 'तुझे देखा तो दिल मेरा डोल गया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'वो लड़की जो सबसे अलग है' गीत वाली फिल्म-४
९. शत्रुघ्न सिन्हा, शर्मिला की फिल्म-३
११. 'तू प्यार का सागर है तेरी' गीत वाली बलराज, नूतन की फिल्म-२
१२.अजय, जॉन, लारा, ईशा की फिल्म-२
१३. 'इससे पहले कि याद' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-४
१६. भारतभूषण, नूतन की फिल्म-३
१९. फिल्म 'ईना मीना डीका' में जूही का नाम क्या है-२
२०. मिथुन, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की 'तेरे बिन मैं कुछ' गीतवाली फिल्म-३
२१. 'बाबुल का ये घर बहना' गीत वाली फिल्म-२
२२. दिलीपकुमार, निम्मी की 'खेलो रंग हमारे संग' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'ऐ बादल झूम के चल' गीत वाली नवीन निश्चल, आशा की फिल्म-३
२५. सनी, अनिल कपूर, श्रीदेवी, मीनाक्षी की फिल्म-३
२७. 'मैं नाचूँ बिन पायल' गीत वाली ऋतिक, करिश्मा, नेहा की फिल्म-२
२८. विनोद मेहरा, रीना राय की 'दो परदेसी अनजाने' गीतवाली फिल्म-३
३०. 'अंखियां ये अंखियां' गीत वाली दिलीप कुमार, रेखा की फिल्म-२
३१. दिलीपकुमार, मीना की फिल्म-३
३३. अमिताभ-जीनत अमान की हिट फिल्म की शहरूख, प्रियंका स्टारर रीमेक-२
३४. 'ये दौलत भी लेलो' गीतवाली कुमार गौरव, अनामिका की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'लगे रहो मुन्ना भाई' में संजयदत्त के साथ नायिका कौन है-२,३
२. सैफ अली खान, काजोल की फिल्म-३
३. 'देखो देखो जानम' गीत वाली फिल्म-२
४. दिलीपकुमार, संजयदत्त, पद्मिनी की 'हाथों की चंद' गीत वाली फिल्म-३
५. अजय देवगन, आयशाटकिया की फिल्म-३
८. 'मेहंदी लाया साजन' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'इश्क पे मत इल्जाम लगाना' गीत वाली ऋषिकपूर, फरहा की फिल्म-३
१४. अजय देवगन अभिषेक, बिपाशा की 'तेरे संग एक' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'विक्टोरिया नं. २०३' में प्राण का नाम-२
१६. देवानंद, मधुबाला की 'सावन के महीने में एक' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'रेशम जैसा रंग देखो' गीत वाली गोविंदा, सोनम की फिल्म-२
१८. राजेंद्रकुमार, कामिनी की फिल्म-३
२१. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानवी की फिल्म-२
२२. बॉबी, करिश्मा की 'तुम क्या जानो दिल करता' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'घातक' में सनी का नाम क्या था-२
२४. अजय देवगन, जूही चावला की 'तुझे प्यार करते करते' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'हम तो दिल से' गीत वाली फिल्म-२
२६. विनोद खन्ना, डिम्पल की फिल्म-३
२९. 'धीमी धीमी सी' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'ओ डार्लिंग ये है इंडिया' में 'मिस इंडिया' कौन बनी है-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 2650**



## सूडोकु -2651


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -2650 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

## शब्द पहेली - 2651




**बाएँ से दाएँ**

1.मूर्ख,बुद्धिहीन-4
3.रुई की फसल-3
5.वंश,खानदान-2
6.आह,पीड़ा भरी ध्वनि-3
7.जी,इच्छा,चित्त-2
9.पहनना-3
11.दास,नौकर,सेवक-5
14.अग्नि,आग-3
16.चयनित,स्वीकृत-4
17.जाति,संप्रदाय-2
18.उस समय-2
19.आदत,व्यवहार-4
23.माला का मोती-3
24.लालन-पालन-5
27.पूर्णिमा-3
28.वश,अधीन-2
30.खबर देने वाला-3
31.खदान,माइन-2
32.आश्रय,पनाह-3
33.संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1.घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2.धारा के बीच में,अधर में-2,2
3.आफत,आपदा-3
4.एक समान-2
5.गृहपति,चांसलर-4
6.दाना-2
8.प्रतिकृति,प्रतिरूप-3
10.रोकर धनराशि-3
12.प्रेम ,आसक्ति-3
13.नीर,जल-2
15.भाग्य,तकदीर-3
17.जंबुल,जांब-3
18.टेंशन,परेशानी-3
20.काया,बदन-2
21.उष्णता-3
22.नाश होने योग्य-4
23.साम्राज्ञी,रानी-3
25.रमण करने योग्य-4
26.अदा,चोंचला-3
27.पूड़ी,गोलगप्पा-2
29.पिता की बहन-2
31.उर्वरक,गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली -2650 का हल**



## राजद ने एक बार फिर ईवीएम पर फोड़ा हार का ठीकरा, नेताओं में असंतोष

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता चुनावी परिणाम पर मंथन कर रहे हैं। राजद नेता परिणाम को अप्रत्याशित बता रहे हैं। उनका कहना है कि बिना किसी हेराफेरी के एनडीए की इतनी भारी जीत संभव नहीं है। इस क्रम में राजद ने एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक बुलाई। इस बैठक में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, सभी विजयी विधायक और हारे हुए उम्मीदवार शामिल हुए। सूत्रों के अनुसार, पार्टी अभी भी एनडीए की व्यापक जीत को पूरी तरह से स्वीकार नहीं कर पाई है और कानूनी रास्ते से नतीजों को चुनौती देने की संभावना तलाश रही है। परवत्ता के पूर्व विधायक संजीव कुमार ने बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कड़ा असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने दावा किया कि परिणाम निश्चित रूप से आश्चर्यजनक हैं। किसी तरह की हेराफेरी के बिना यह असंभव है। उन्होंने इस बात को खारिज कर दिया कि एनडीए की जीत पूरी तरह से विकास कार्यों के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि लोग कह रहे हैं कि यह नीतीश कुमार के विकास की जीत है। यह पिछले कई सालों से विकास कर रहे थे, लेकिन उन्हें ऐसा परिणाम नहीं मिला। मैंने भी अपने क्षेत्र में विकास कार्य किए, फिर भी मैं हार गया। संजीव ने ईवीएम में हेराफेरी के आरोपों को दोहराया। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले ही 65 सीटों की सूची तैयार कर ली गई थी।

## दो दशकों के बाद गुरुदेव श्री श्री रविशंकर का श्रीगंगानगर में आगमन

**श्रीगंगानगर।** 20 वर्षों के बाद वैश्विक आध्यात्मिक गुरु और मानवतावादी नेता गुरुदेव श्री श्री रविशंकर का आगमन श्रीगंगानगर में हुआ। शहरवासियों के लिए इस सौभाग्यशाली अवसर पर शहर के आर्ट ऑफ लिविंग स्वयंसेवकों ने भक्ति, आनंद, संगीत और गहन ज्ञान की लहरों से भरी एक ऐतिहासिक शाम का 'शिवोत्सव' का आयोजन किया। जहां जैसे-जैसे शाम ढलती गई, संपूर्ण वातावरण प्रेम और भक्ति से भर गया। ब्लूमिंग डेल्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित शिवोत्सव महासत्संग में हजारों लोग गुरुदेव के दर्शन और ज्ञान सुनने के लिए उपस्थित हुए। गुरुदेव का स्वागत करने के लिए संस्कृत विद्वान श्री कल्याण स्वरूप, बालाजी भजन मंडल के प्रेम अग्रवाल और नरेश गोयल, आयुर्वेद विशेषज्ञ तांसुख शर्मा, पूर्व मंत्री गुरमीत सिंह कुन्नर... नेता बलदेव सिंह ब्रार, और अनंता मेडिकेयर के सीएफओ व निदेशक राजेश जैन मंच पर उपस्थित थे। सत्संग के आरंभ में गुरुदेव ने सरल आत्मीय शब्दों में कहा, 'आप पिछले 20 वर्षों से मुझे श्रीगंगानगर बुला रहे थे। आज अंततः मैं यहाँ हूँ।' सत्संग के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, 'सत्संग वह स्थान है, जहाँ हम हृदय से रहते हैं, जहाँ औपचारिकता की आवश्यकता नहीं होती। हम प्रतिदिन 'सॉरी' और 'थैंक यू' कहते हैं, किंतु अधिकतर इन शब्दों में हृदय का सच्चा भाव नहीं होता।'

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों के लिए एआर/वीआर शो की रूपरेखा तैयार करने के दिये निर्देश

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में प्रमुख शासन सचिव पर्यटन राजेश यादव, पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियाड़ की उपस्थिति में शासन सचिवालय में पर्यटन विभाग एवं कला, साहित्य एवं संस्कृति विभाग से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं तथा महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पर्यटन और कला, साहित्य एवं संस्कृति विभाग से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए साथ ही समय बद्धता से लक्ष्यों को प्राप्त करने के निर्देश दिए। दिया कुमारी ने महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट, शेखावाटी हवेलियां, ट्राइबल सर्किट, जवाहर कला केन्द्र, शिल्पग्राम जैसे विकास कार्यों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने समीक्षा बैठक में पर्यटन विभाग के मार्केटिंग शाखा द्वारा एआर/वीआर शो की रूपरेखा के संबंध में चर्चा की। उन्होंने महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों के लिए एआर/वीआर शो की रूपरेखा तैयार करने के भी निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री ने साहित्यकार शैलेश मटियानी को मरणोपरांत दिया 'उत्तराखंड गौरव सम्मान'

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित एक सादगीपूर्ण एवं गरिमामय समारोह में प्रख्यात हिन्दी साहित्यकार स्वर्गीय शैलेश मटियानी को मरणोपरांत 'उत्तराखंड गौरव सम्मान' दिया। यह पुरस्कार उनके पुत्र राकेश मटियानी ने प्राप्त किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि शैलेश मटियानी केवल एक साहित्यकार नहीं, बल्कि संवेदनाओं के कुशल शिल्पी थे। आधुनिक हिन्दी कहानी आंदोलन में उनका योगदान अविस्मरणीय है। यह सम्मान स्व.मटियानी की साहित्यिक उपलब्धियों, हिन्दी कहानी जगत में उनके अमूल्य योगदान और उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को सशक्त पहचान दिलाने के लिए दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शैलेश मटियानी जनमानस की पीड़ा, संघर्ष और जीवन-सत्य को जिस प्रभावशाली शैली में प्रस्तुत किया, वह उन्हें भारतीय साहित्य के श्रेष्ठ रचनाकारों की पंक्ति में स्थापित करता है। उत्तराखंड सरकार राज्य के उन महान प्रतिभाओं के योगदान को हमेशा सम्मान देती है, जिन्होंने अपनी लेखनी, कर्म और रचनात्मकता से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. मटियानी के 'बोरीवली से बोरीबन्दर', 'मुठभेड़', 'अर्धांगिनी', 'चील' सहित अनेक कथा-कृतियां आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं और हिन्दी साहित्य में उनका महत्वपूर्ण स्थान है।

# दिल्ली पुलिस पवेलियन का उद्घाटन, नए आपराधिक कानूनों से लेकर साइबर सुरक्षा तक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत मंडपम में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में आज दिल्ली पुलिस की उपस्थिति विशेष रही। दोपहर दिल्ली पुलिस पवेलियन का उद्घाटन पुलिस आयुक्त सतीश गोल्चा ने किया। पवेलियन का उद्देश्य नागरिकों को नए आपराधिक कानूनों, साइबर सुरक्षा, नशा-रोधी प्रयासों और पुलिस कल्याण गतिविधियों के बारे में जागरूक करना है। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पवेलियन में बनाए गए चार प्रमुख स्टॉलों के जरिए दिल्ली पुलिस ने अपने आधुनिक और नागरिक-केंद्रित कार्यों को प्रदर्शित किया। उद्घाटन के बाद, पुलिस आयुक्तसतीश गोल्चा ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि नए आपराधिक कानूनों, साइबर अपराध, और नशे के खतरे के बारे में जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने ऐसे नागरिक-केंद्रित कार्यक्रमों को पूरे



दिल्ली में जारी रखने पर बल दिया। यहां आगंतुकों को नए क्रिमिनल लॉ के महत्वपूर्ण प्रावधानों, बदलावों और उनके नागरिकों पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। इस स्टॉल पर युवाओं को ड्रग्स के दुष्परिणामों, नशा तस्करी के नेटवर्क और इस खतरे से निपटने के पुलिस प्रयासों के बारे में शिक्षित किया जा रहा है। इसके साथ ही यहां साइबर धोखाधड़ी के तरीकों, रिपोर्टिंग प्रक्रिया और खुद को सुरक्षित रखने के उपायों का लाइव प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके अलावा पुलिस फैमिली वेलफेयर सोसाइटी के उत्पादों और सेवाओं की बिक्री के लिए समर्पित यह स्टॉल विशेष रूप से महिला आगंतुकों का ध्यान खींच रहा है। आगंतुकों के लिए दिल्ली पुलिस ने कई लाइव और सहभागितापूर्ण गतिविधियों की योजना बनाई है। इसमें सीईआईआर की लाइव डेमो-चोरी/गुम मोबाइल की वास्तविक समय में जांच। इसके अलावा साइबर क्विज और 'स्पॉट द स्कैम' चैलेंज, बच्चों के लिए 'दिल्ली पुलिस अंकल' मैस्कॉट से मुलाकात, महिला सुरक्षा, ट्रैफिक और साइबर क्राइम से जुड़े सवालों के समाधान, दिल्ली पुलिस सेल्फी स्टेशन, सोशल मीडिया एंगेजमेंट काउंटर, सीपीआर की लाइव डेमो, महिला सुरक्षा और आत्मरक्षा सत्र, डिजिटल सर्विसेज कियोस्क- एफआईआर रजिस्ट्रेशन, लॉस्ट रिपोर्ट, वेरिफिकेशन और चालान भुगतान शामिल है।

## दिल्ली के उपमहापौर ने वार्ड 29 पूठ खुर्द एवं वार्ड 28 शाहबाद डेयरी का किया निरीक्षण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपमहापौर जय भगवान यादव ने नरेला क्षेत्र के वार्ड नंबर 29 पूठ खुर्द एवं वार्ड नंबर 28 शाहबाद डेयरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शाहबाद गांव स्थित सामुदायिक भवन के पुनर्निर्माण के निर्देश दिए एवं दिल्ली सरकार के एक अन्य सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार के लिए डीडीए के अधिकारियों से बात करने के निर्देश दिए। उप महापौर ने शाहबाद डेयरी में स्थित शौचालय परिसर में नया बिजली कनेक्शन लेने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही वार्डों में व्याप्त जलभराव को जल्द से जल्द ठीक करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वार्डों की साफ सफाई सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों को मिलकर काम करना होगा। साथ ही वार्डों की टूटी सड़कों, गलियों एवं पुलियाओं का निर्माण कार्य जल्द से जल्द आरम्भ किया जाए ताकि स्थानीय निवासियों को असुविधा न हो। जय भगवान यादव ने इस अवसर पर आरडब्ल्यू के पदाधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर उनकी शिकायतें एवं समस्याएं सुनी और वहां मौजूद अधिकारियों को इनका त्वरित निराकरण करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार के सभी मंत्री एवं दिल्ली नगर निगम के पदाधिकारी फील्ड में उतरकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्लीवासियों की सुविधा के लिए नगर निगम कोई भी कसर नहीं छोड़ेगा। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद अंजू देवी, मनोनीत पार्षद एवं भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद सहरावत, नरेला क्षेत्र के उपायुक्त राजीव सिंह, दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान आर डब्लू ए के पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

# सीएम सिद्धारमैया ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा, जल संसाधन परियोजना मंजूर करने की मांग

एजेंसी

**बेंगलूरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर राज्य के जल संसाधन क्षेत्र से संबंधित लंबित मुद्दों पर केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। पत्र में मुख्यमंत्री ने कर्नाटक की जल आपूर्ति और सिंचाई परियोजनाओं की त्वरित मंजूरी का आग्रह किया, जो राज्य की कृषि व्यवस्था और किसानों की आय में सुधार के लिए महत्वपूर्ण हैं। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले कावेरी नदी पर मेकेदातु परियोजना के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने 13 नवम्बर 2025 को तमिलनाडु राज्य के विभिन्न आवेदनों को खारिज करते हुए कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) और केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) से परियोजना की अनुमति पर निर्णय लेने को कहा था।



जाए ताकि इसे मंजूरी मिल सके। इसके बाद, मुख्यमंत्री ने कृष्णा जल आवंटन से संबंधित लंबित मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि कृष्णा जल विवाद न्यायाधिकरण का निर्णय एक दशक पहले आ चुका है, लेकिन केंद्र सरकार ने इसे अभी तक राजपत्र में अधिसूचित नहीं किया है। इस देरी के कारण कर्नाटक राज्य ने जो भारी निवेश किया है, उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस मामले में शीघ्रता बरतने का अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त, अपर भद्रा परियोजना के लिए केंद्रीय सहायता की मांग की गई, जिसके लिए केंद्रीय बजट 2023-24 में 5300 करोड़ रुपए की घोषणा की गई थी, लेकिन तीन साल बाद भी यह सहायता जारी नहीं की गई है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय हस्तक्षेप की उम्मीद जताई, जिससे कर्नाटक के सूखाग्रस्त मध्य भाग को इसका लाभ मिल सके। महादयी बेसिन की परियोजनाओं को लेकर भी मुख्यमंत्री ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं को केंद्रीय जल आयोग से मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन पर्यावरण मंत्रालय से वन और वन्यजीव मंजूरी अब तक नहीं मिली है, जिससे परियोजनाओं का कार्यान्वयन अटक गया है। मुख्यमंत्री ने अंत में नदियों को आपस में जोड़ने के राष्ट्रीय जल विकास प्राधिकरण के प्रस्तावों में कर्नाटक को न्यायसंगत हिस्सा दिए जाने की अपील की, ताकि राज्य के जल संसाधनों का सही उपयोग हो सके।

सुक्खू ने केंद्र से अनुरोध किया कि सीडब्ल्यूसी को शीघ्र परियोजना का मूल्यांकन करने का निर्देश दिया

## सऊदी बस हादसे को लेकर तेलंगाना सरकार ने की बैठक, हैदराबाद और नई दिल्ली में स्थापित होगी हेल्पलाइन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** तेलंगाना सरकार ने सऊदी अरब में हुई एक दुखद बस दुर्घटना को गंभीरता से लिया है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने गहरी चिंता व्यक्त की और अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। राज्य सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तेलंगाना भवन में एक आपातकालीन समीक्षा बैठक की। रेजिडेंट कमिश्नर डॉ. शशांक गोयल की अध्यक्षता में अधिकारियों ने प्रारंभिक जानकारी का आकलन किया और निरंतर समन्वय बनाए रखने के लिए एक समर्पित संपर्क अधिकारी को विदेश मंत्रालय में तैनात किया गया। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को विदेश मंत्रालय, रियाद स्थित भारतीय दूतावास और सऊदी अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने का आदेश दिया। इसके अलावा, हैदराबाद और नई दिल्ली में हेल्पलाइन स्थापित कर दी गई हैं ताकि प्रभावित परिवारों को सहायता मिल सके और संचार में कोई रुकावट न आए। वहीं, राज्य कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल को सऊदी अरब भेजा जाएगा, जिसमें मंत्री अजहरुद्दीन सहित



अन्य अधिकारी शामिल होंगे। सरकार ने शोक संतप्त परिवारों के दो सदस्यों को सऊदी अरब भेजने की व्यवस्था भी की है, ताकि वे अंतिम संस्कार में शामिल हो सकें। भारतीय नागरिकों की सऊदी अरब में मदीना के पास एक तेल टैंकर से टक्कर के बाद आग लगने से मौत हो गई।

हैदराबाद के पुलिस कमिश्नर वीसी सज्जनार ने मीडियाकर्मियों को बताया कि जानकारी के अनुसार, मोहम्मद अब्दुल शोएब बच गया है और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि हैदराबाद से 54 लोगों का एक समूह 9 नवंबर को जेद्दा के लिए रवाना हुआ था और 23 नवंबर को लौटने वाला था। पीड़ितों में 17 पुरुष, 18 महिलाएं और 10 बच्चे शामिल हैं। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद अजहरुद्दीन ने कहा कि पीड़ितों के परिवारों को जानकारी देने के लिए हज हाउस में एक नियंत्रण कक्ष खोला गया है। शव इतने जल चुके हैं कि उनकी पहचान नहीं हो पा रही है। पीड़ितों की पहचान के लिए डीएनए परीक्षण भी कराए जाने की संभावना है। इस घटना पर जमात-ए-इस्लामी हिंद (जेआईएच) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद सादतुल्लाह हुसैनी ने गहरा दुख व्यक्त किया। सैयद सादतुल्लाह हुसैनी ने मीडिया को जारी बयान में कहा, 'हम इस त्रासदी से बेहद व्यथित हैं।

# राजद की समीक्षा बैठक में तेजस्वी यादव को चुना गया विधायक दल का नेता, हार पर हुई चर्चा

एजेंसी

**पटना।** बिहार चुनाव में मिली करारी हार के बाद महागठबंधन में शामिल मुख्य घटक दल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में चुनाव में मिली हार की समीक्षा की गई और यह माना गया कि पार्टी लोगों तक अपनी बातों को सही ढंग से पहुंचाने में असफल रही। बैठक के बाद राजद नेता संजीव कुमार ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि इस मीटिंग में तेजस्वी यादव को विधानमंडल दल का नेता चुना गया और सभी विधायकों ने इसका समर्थन किया। संजीव कुमार ने कहा कि यह परिणाम नहीं होना था। बिना किसी गड़बड़ी के ऐसा परिणाम नहीं आ सकता है। उन्होंने कहा कि कोर्ट जाने को लेकर भी योजना बनाई जा रही है। बैठक में फिर से संगठन के लिए जुटने का



और संगठन को फिर से मजबूत करने का दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि यह चौंकाने वाला परिणाम है। इधर, राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने कहा कि चुनाव परिणाम में गड़बड़ी हुई है। बैठक में इसे लेकर समीक्षा की गई। लोकतंत्र व्यापार नहीं हो सकता है। किसी को ऐसा अंदाजा नहीं था कि पार्टी की ऐसी हालत होगी। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव को फिर से विधायक दल का नेता चुना गया। इस बैठक में राजद के नेता तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे। इस बैठक में विजयी और हारे उम्मीदवार उपस्थित रहे। बैठक में राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और मीसा भारती सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को करारी हार का सामना करना पड़ा। राजद को 25 सीटों पर संतोष करना पड़ा, तो वहीं सहयोगी दल कांग्रेस को छह सीटें मिली हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) लिबरेशन को दो सीटें मिलीं। इंडियन इन्क्लूसिव पार्टी और माकपा को एक-एक सीट मिली है। विकासशील इंसान पार्टी का सूपड़ा साफ हो गया।

## अरविंद केजरीवाल ने सऊदी अरब में हुए हादसा पर संवेदनाएं व्यक्त की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सऊदी अरब में हुए दर्दनाक हादसे पर संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस हादसे में जिन 42 भारतीयों ने अपनी जान गंवाई, उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा है कि सऊदी अरब में हुआ यह दर्दनाक हादसा दिल दहला देने वाला है। इस हादसे में जिन 42 भारतीयों ने अपनी जान गंवाई, उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। केजरीवाल ने सरकार को तुरंत सऊदी सरकार से बातचीत कर सभी मृतकों और



घायलों की पूरी जानकारी लेने और हर संभव मदद उनके परिवारों तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में सरकार का हर कदम तेज, संवेदनशील और जिम्मेदार होना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि सऊदी अरब में सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। यहां पर एक बस के डीजल टैंकर से टकराने के कारण 42 भारतीयों की मौत हो गई। बस मक्का से मदीना जा रही थी। हादसे से बस में आग लग गई।

# डीआईजी भुल्लर के परिवार पर आर्थिक संकट, सीबीआई द्वारा फ्रीज किए गए खातों को डी-फ्रीज करने की मांग

एजेंसी

**चंडीगढ़।** रिश्वतखोरी के मामले में गिरफ्तार किए गए रोपड़ रेंज के निलंबित डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर और उनके परिवार को अब आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन (सीबीआई) द्वारा उनके साथ-साथ उनके बेटे और पिता के बैंक खातों को भी फ्रीज किए जाने के बाद रोजमर्रा का घर खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। इसी सिलसिले में डीआईजी भुल्लर की ओर से जिला अदालत में बैंक खातों को डी-फ्रीज करने की मांग करते हुए एक अर्जी दाखिल की गई। अदालत ने इस पर सीबीआई को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है, जिस पर 20 नवंबर को सुनवाई होगी। भुल्लर के वकील ने दलील दी कि जबकि सीबीआई उनके खिलाफ आय से अधिक



संपत्ति की जांच जारी रखे, लेकिन उनके परिवार के खाते फ्रीज होने से दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। उनके अनुसार, खेती-बाड़ी सहित घर के खर्चे और अन्य स्त्रोतों से प्राप्त आय तक पहुंच न होने से परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहा है। खाते फ्रीज होने से बढ़ी परेशानीसीबीआई ने न केवल भुल्लर का सैलरी अकाउंट बल्कि उनके बेटे का वेतन खाता और पिता का पेंशन खाता भी फ्रीज कर दिया है। उनके बेटे के पंजाब में असिस्टेंट एडवोकेट जनरल होने के बावजूद वह अपनी सैलरी का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, भुल्लर के परिवार को किराए और खेती से होने वाली आमदनी भी अब बैंक खाते फ्रीज होने के कारण नहीं मिल पा रही है, जिससे रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है।

रिश्वतखोरी और जांच की पृष्ठभूमिगौरतलब है कि सीबीआई ने पिछले महीने डीआईजी भुल्लर और उनके सहयोगी कृष्णु शारदा को मंडी गोबिंदगढ़ के स्क्रैप व्यापारी आकाश बत्ता से 8 लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन पर आय से अधिक संपत्ति का केस भी दर्ज किया गया। सूत्रों के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच शुरू कर दी है।एक महीने पहले जिस घर से नोटों के ढेर बरामद किए गए थे, वहीं अब परिवार रोजमर्रा की जरूरतों के लिए जूझ रहा है। अदालत में सुनवाई के साथ यह मामला अब और गंभीर मोड़ लेता दिख रहा है।

## जमात-ए-इस्लामी हिन्द ने मदीना बस दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** जमात-ए- इस्लामी हिन्द के अध्यक्ष सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने मदीना के पास बस दुर्घटना में 42 भारतीय उमराह तीर्थयात्रियों की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद है। उमराह के लिए गए इन तीर्थयात्रियों में अधिकतर हैदराबाद के थे। इस कठिन समय में मेरी हार्दिक संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। यह तीर्थयात्री एक पवित्र यात्रा पर थे और इबादत का एक महान कार्य पूरा कर रहे थे। उन्होंने मीडिया को जारी एक बयान में कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का कथन है कि हज और उमराह करने वाले अल्लाह के मेहमान हैं। हमें उम्मीद है कि उमराह करते हुए जिन लोगों की मृत्यु हुई, अल्लाह उन्हें शहादत का दर्जा देगा और हम दुआ करते हैं कि अल्लाह उन्हें जन्नत में सर्वोच्च स्थान प्रदान करेगा। उन्होंने भारत सरकार से अनुरोध किया कि वह मृतकों को शीघ्र स्वदेश लाने का प्रबंध करे, घायलों को व्यापक चिकित्सा सुविधा प्रदान करे तथा प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता दी जाए।

# मंत्री आशीष सूद ने पंजाबी बाग क्षेत्र में स्वच्छता और कूड़ा प्रबंधन की व्यवस्था का किया निरीक्षण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने वार्ड 92 (पंजाबी बाग) शिवाजी एन्क्लेव, नियर एनिमल हॉस्पिटल, आर ब्लॉक झुग्गियां, राजीव गांधी कैंप आदि क्षेत्रों में स्वच्छता और कूड़ा प्रबंधन का निरीक्षण किया। निरीक्षण में मंत्री के साथ क्षेत्रीय विधायक कैलाश गंगवाल, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली लोक निर्माण विभाग, दिल्ली जल बोर्ड और दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के अधिकारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से संवाद कर इलाके की समस्याओं की जानकारी भी ली। मौके पर ही सूद ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए ताकि क्षेत्र में स्वच्छता के प्रयासों को और गति मिल सके। सूद ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आआपा) के दस वर्ष के कार्यकाल और पिछले ढाई वर्षों में नगर निगम के गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार के कारण दिल्ली को पंगु स्थिति में पहुंचा दिया है। समस्याओं के समाधान में निगम की कोई रुचि नहीं थी जिसके कारण अनेक



चुनौतियां वर्तमान सरकार को विरासत में मिली हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हम दिल्ली की सभी विकट समस्याओं जैसे दिल्ली में साफ सफाई, प्रदूषण की रोकथाम आदि के समाधान का वैज्ञानिक तरीके से अध्ययन कर रहे हैं और चरणबद्ध रूप से समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा की सरकार रातों-रात जादू की छड़ी से विरासत में मिली दशकों पुरानी समस्याओं को एक दम समाप्त तो नहीं कर सकती परंतु हमारी सरकार पूरी सम्वेदनशीलता, संकल्प और पारदर्शिता के साथ काम कर रही है। शहरी विकास मंत्री ने बताया कि वोट बैंक की राजनीति के चलते आआपा ने दिल्ली के कई इलाकों में 60 फुट की सड़कों पर अतिक्रमण करवाकर उसे 20 फुट तक सीमित कर दिया था जिससे आवागमन और सफाई दोनों प्रभावित हुए। वर्षों से जर्जर पड़े टॉयलेट कॉम्प्लेक्स और झुग्गिवासियों को मूलभूत सुविधाओं की कमी को भी पिछले शासन की उदासीनता ओर लापरवाही का ही परिणाम है। झुग्गी और मलिन बस्तियों में बुनियादी सुविधाओं की कमी की नाराजगी हमें झेलनी पड़ रही है जबकि जूठे वायदे उन लोगों ने किए थे। सूद ने एनिमल हॉस्पिटल शिवाजी एन्क्लेव के सामने कई जगह कूड़े के ढेरों को देखकर निगम और सफाई कर्मचारियों के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को कहा की जिस जगह पर कूड़े के ढलाव की सबसे ज्यादा जरूरत है। उस स्थान को चिन्हित कर वहां पर ढलाव को बनवाया जाए। इसके साथ ही कूड़े को उठाने के लिए यदि ज्यादा ट्रक और छोटे टिप्परों की जरूरत पड़ती है तो उसकी भी खरीद तुरंत की जाए। उन्होंने एमसीडी के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए की कूड़े को ओखला की जगह भलस्वा लैंडफिल साइट भेजा जाए ताकि कूड़े के ट्रक ज्यादा चक्कर लगा सकें और कूड़ा तेजी से उठ सके।

# हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही - मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास

एजेंसी

**जयपुर।** राज्य के नवनियुक्त मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शासन सचिवालय में पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान मुख्य सचिव सुधांश पंत ने उन्हें मुख्य सचिव कार्यालय में कार्यभार सौंपा और शुभकामनाएं दीं। इससे पूर्व दोनों ने सचिवालय में मुख्य भवन के प्रवेश द्वार पर गणेश मंदिर में पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास का राजस्थान आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन ने स्वागत किया तथा पूर्व मुख्य सचिव सुधांश पंत को भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्रीनिवास ने कहा कि उनका प्रशासनिक सेवा का कार्यकाल राजस्थान से ही प्रारम्भ हुआ था। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि वर्षों बाद उन्हें एक बार फिर अपनी कर्मभूमि में लौटकर सेवा का अवसर प्राप्त हो रहा है। श्रीनिवास ने कहा कि वे प्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेंगे और मुख्य सचिव के रूप में उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों को पूरी मेहनत, ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विकसित राजस्थान@ 2047 के विजन को साकार करने के लिए सभी अधिकारी मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान ने हाल के वर्षों में तकनीक आधारित सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए हैं। डेटा एनालिटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से शासन में पारदर्शिता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि किसान, श्रमिक, महिला और युवाओं को विकास में सहभागी बनाकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2047 तक 4.3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए किये जा रहे प्रयासों को और गति देंगे। उन्होंने कहा कि 'मिनिमम गवर्नमेंट - मैक्सिमम गवर्नेंस' के विजन के साथ प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं की सफल क्रियान्विति सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही, प्रदेश में अधिकतम निवेश आकर्षित करने तथा राजस्थान को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शामिल करने के लिए सभी सार्थक प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव तथा विभिन्न पदों पर कार्यरत भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी उपस्थित रहे। जिले में कार्यरत अधिकारियों ने वीसी के माध्यम से कार्यक्रम में भाग लिया।

# बीसीसीआई का बड़ा फैसला, राजनीतिक तनाव के चलते भारत-बांग्लादेश महिला क्रिकेट सीरीज रद्द

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और बांग्लादेश की महिला टीमों के बीच अगले महीने होने वाली सीमित ओवरों की घरेलू सीरीज को बीसीसीआई ने फिलहाल स्थगित कर दिया है। बोर्ड अब दिसंबर में टीम इंडिया के लिए एक वैकल्पिक सीरीज कराने के विकल्प तलाश रहा है।

आईसीसी के भविष्य दौरा कार्यक्रम (FTP) के तहत यह सीरीज कुल 6 मैचों- 3 वनडे और 3 टी20 की थी, जिन्हें कोलकाता और कटक में आयोजित किया जाना था।

### सीरीज क्यों टली?

बीसीसीआई ने आधिकारिक तौर पर कारण नहीं बताया है, लेकिन सूत्रों के अनुसार, भारत-बांग्लादेश के बीच चल रहे राजनीतिक तनाव इस फैसले की बड़ी वजह हैं। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को उनके देश में एक अदालत द्वारा मौत की सजा सुनाए जाने के बाद से वहां हालात बेहद तनावपूर्ण हैं। इसी राजनीतिक उथल-पुथल से दोनों देशों के संबंध भी प्रभावित हुए हैं।

ढाका की अंतरिम सरकार ने हसीना को भारत से सौंपने की मांग भी की है, जिसके चलते माहौल और गंभीर हो गया है।

### बीसीसीआई और बीसीबी की प्रतिक्रिया

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया: 'हम दिसंबर में वैकल्पिक सीरीज आयोजित करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन फिलहाल इस पर काम जारी है।'

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने भी पुष्टि की कि उन्हें सीरीज स्थगित होने की जानकारी बीसीसीआई से मिल चुकी है और वे नई तारीखों का इंतजार कर रहे हैं।

### पहले भी टल चुका है भारत का बांग्लादेश दौरा

इससे पहले, अगस्त 2025 में होने वाला भारतीय पुरुष टीम का सफेद गेंद का दौरा भी सितंबर 2026 तक टाल दिया गया था क्योंकि बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के चलते हसीना सरकार गिर गई थी।

### भारत के लिए बड़ी बाधा

यह महिला टीम के लिए विश्व कप जीत के बाद पहली अंतरराष्ट्रीय सीरीज होनी थी। यह सीरीज महिला ओडीआई चैंपियनशिप के नए चक्र की शुरुआत भी करती।



# भारत में 17 दिसंबर से होगी विश्व टेनिस लीग, मेदवेदेव और बोपन्ना सहित कई स्टार खिलाड़ी लेंगे हिस्सा



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन दानिल मेदवेदेव और 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रयबाकिना सहित कई शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी यहां 17 दिसंबर से होने वाले विश्व टेनिस लीग (WTL) में भारतीय प्रशंसकों के सामने अपना जलवा दिखाएंगे।

इस प्रतियोगिता की शुरुआत 2022 में की गई थी और पहली बार भारत में इसका आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले इस चार दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात में किया जाता रहा है। मेदवेदेव और रयबाकिना के अलावा आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी निक किर्गियोस, फ्रांसीसी स्टार गेल मोनफिल्स और पाउला बडोसा भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। हाल ही में शीर्ष स्तर के टेनिस से संन्यास लेने वाले रोहन बोपन्ना, सुमित नागल, युकी भांबरी, अंकिता रैना, श्रीवल्ली भामिदीपती और माया रेवती लीग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

रयबाकिना ने कहा, 'मैंने भारत में टेनिस संस्कृति के बारे में बहुत कुछ सुना है और मैं डब्ल्यूटीएल के साथ यहां अपनी शुरुआत करने के लिए रोमांचित हूं। मैं अपनी टीम के साथ कोर्ट पर हर पल का आनंद लेने के लिए तैयार हूं।' WTL में चार टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेलेंगी। प्रत्येक मुकाबले में पुरुष एकल, महिला एकल और दो युगल मैच खेले जाएंगे। राउंड रोबिन के बाद शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें फाइनल में पहुंचेंगी।

# एशेज सीरीज 2-2 से बराबरी पर रहेगी : वॉन



**लंदन (एजेंसी)।** इसी माह 21 नवंबर से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच होने जा रही एशेज सीरीज के परिणामों को लेकर कई दिग्गज क्रिकेटरों ने अपनी-अपनी अपनी राय रखनी शुरु कर दी है। इसी कड़ी में अब इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का भी बयान आया है। इसमें वॉन ने कहा है कि दोनो ही टीमें सीरीज में सीरीज 2-2 से बराबरी पर रहेगी। पांच मैचों की इस सीरीज का पहला मैच पर्थ में खेला है। वॉन ने भविष्यवाणी की है कि एशेज सीरीज में दोनो ही टीमें दो-दो मैच जीतेंगी जबकि एक मैच बराबरी पर रहेगा। वॉन के अनुसार मेहमान टीम इंग्लैंड पर्थ में सीरीज के पहले मैच में जीत दर्ज करेगी, क्योंकि इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड नहीं खेलेंगेहै। वॉन ने सोशल मीडिया में लिखा, अगर स्टोक्स फिट रहते हैं, तो मुझे लगता है कि यह सीरीज 2-2 से बराबर रहेगी। इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में जीत हासिल कर सकती है। वहीं अगर सीरीज से पहले कोई खिलाड़ी चोटिल नहीं होता, तो यही भविष्यवाणी बनी रहेगी।

कमिंस अभी पीठ की चोट से उबर रहे हैं, जबकि तेज गेंदबाज हेजलवुड को शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई। वहीं इससे पहले वॉन ने कहा था कि हेजलवुड के बाहर होने के बाद इंग्लैंड की स्थिति पहले से बेहतर है।

वॉन ने तब कहा था, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हेजलवुड और कमिंस पहले टेस्ट से बाहर हैं। इससे इस सीरीज में इंग्लैंड का पलड़ा भारी हो गया है। ऐसे में पर्थ में उनके लिए एक अंक आगे जाने का बड़ा अवसर है। इस वक्त ऑस्ट्रेलियाई टीम में केवल मिचेल स्टार्क ही पूरी तरस से फिट पहली पसंद के तेज गेंदबाज हैं, जबकि स्कॉट बोलैंड बैकअप खिलाड़ी हैं। हेजलवुड के चोटिल होने की वजह से ऑस्ट्रेलिया दोनों ऑलराउंडरों कैमरन ग्रीन और ब्यू वेबस्टर को तेज गेंदबाज के रूप में अवसर दे सकता है। वहीं अनकैप्ड तेज गेंदबाज ब्रेंडन डोगेट पर्थ में अपना टेस्ट डेब्यू कर सकते हैं।

# गावस्कर ने कहा कोलकाता टेस्ट में पिच को दोष देना गलत

### -कोच गंभीर को भी बचाव किया

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि कोलकाता टेस्ट में पिच का बचाव करने का मुख्य कोच गौतम गंभीर का फैसला बिलकुल सही है। गावस्कर ने कहा कि पिच को बिना कारणों के दोष दिया जा रहा है। पिच खतरनाक नहीं थी। रही भारतीय बल्लेबाज़ों के विकेट खोने की बात तो वे टेम्परामेंट और तकनीक की कमी के कारण असफल रहे।


कोलकाता टेस्ट तीन दिन भी नहीं चला। इस मैच में भारतीय टीम 124 के लक्ष्य का पीछा करते हुए केवल 93 रन ही बना पायी। .

इस मैदान की पिच पहले ओवर से ही अनियमित उछाल और टर्न का सामना कर रही थी। गंभीर ने कहा कि पिच में कमी नहीं थी। उन्होंने सीधा दोष बल्लेबाज़ों पर रखा और कहा कि उनसे इससे कहीं बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी।

गावस्कर ने कहा, मैं गंभीर से पूरी तरह सहमत हूं। 124 रन इस पिच पर हासिल किये जा सकते थे। इसमें कोई सवाल ही नहीं है। बहुत लोग कह रहे हैं कि पिच क्या कर रही थी पर अगर आपने देखा हो कि साइमन हार्मर एक ओवर में कितनी गेंदें टर्न करा रहे थे? वह गेंदों में बहुत बदलाव कर रहे थे। वह सीधी गेंद फेंक रहे थे और कभी-कभी एक गेंद को टर्न करा देते थे। .

गावस्कर ने भारतीय बल्लेबाज़ों के स्वभाव पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे बहुत जल्दी बड़े शॉट खेलने के प्रयास कर रहे थे। दन्होंने कहा, यह कोई खतरनाक टर्निंग पिच नहीं थी. यह ऐसी पिच थी जिस पर आपको पांच दिन का टेस्ट खेल रहे हों, ऐसा बल्लेबाज़ी करनी थी, न कि 50 ओवर या टी20 की तरह कि तीन डॉट गेंदों के बाद आप बड़ा शॉट खेलने लग जाएं। यही मुख्य समस्या है। 124 रन भारत की इस बल्लेबाज़ी लाइन-अप के साथ कम से कम पांच विकेट रहते हासिल कर लिए जाने चाहिए थे।

गावस्कर ने कहा, मैं गौतम गंभीर से पूरी तरह सहमत हूं कि पिच में कुछ भी गलत नहीं था। तीसरे दिन एक-दो गेंद का टर्न होना सामान्य है। महाराज की कितनी गेंदें टर्न हुईं? जडेजा या अक्षर की कितनी गेंदें टर्न हुईं? लोग इसे स्पिनिंग पिच कह रहे हैं, जबकि इसमें कुछ भी खतरनाक नहीं था।खराब



तकनीक और खराब टेम्परामेंट के कारण भारतीय टीम इस मैच में हारी।

वहीं इससे पहले कई पूर्व क्रिकेटरों चेतेश्वर पुजारा, हरभजन सिंह आदि ने पिच की आलोचना करते हुए कहा था कि इसपर बल्लेबाजी करना संभव नहीं था।

# दूसरे टेस्ट में शुभमन का खेलना तय नहीं, नितीश किये जा सकते हैं शामिल

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी में होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट में खेलने की संभावना कम है। ऐसे में इस मैच में ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी को शामिल किया जा सकता है। शुभमन की गर्दन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में बल्लेबाजी के दौरान जकड़न आ गयी थी। इस कारण वह अस्पताल में भी भर्ती थे हालांकि अब वह होटल वापस आ गये हैं पर अभी तक पूरी तरह फिट नहीं हुए है। ऐसे में माना जा रहा है कि उनका दूसरे टेस्ट में गुवाहाटी में खेलना तय नहीं है। वहीं रेड्डी को ईडन गार्डन्स टेस्ट से पहले टीम से रिलीज कर दिया गया था पर अब उनकी वापसी होने की संभावना है।

नितीश कोलकाता टेस्ट मैच से पहले बीसीसीआई ने रिलीज कर भारत ए के के लिए खेलने के लिए कहा था। वहीं शुभमन के फिट नहीं होने के कारण बोर्ड ने उन्हें दूसरे टेस्ट के लिए शामिल किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार वह 18 नवंबर को ईडन गार्डन्स में वैकल्पिक सत्र में अभ्यास भी करेंगे.

रेड्डी ने भारत ए की ओर से दो लिस्ट ए मैच खेले और जबकि उन्हें दूसरे मैच में बल्लेबाजी और गेंदबाजी का अवसर नहीं मिला था। उन्होंने पहले मैच में 37 रन बनाए थे 18 रन देकर एक विकेट लिया था। टेस्ट टीम में फिर से शामिल पर वह 19 नवंबर को होने वाले भारत ए के तीसरे मैच में नहीं खेलेंगे।

वहीं शुभमन के बाहर होने से टीम की बल्लेबाजी कमजोर हुई है और इसी कारण रेड्डी जोड़ा जा रहा है। शुभमन अभी गर्दन के दर्द से उबर रहे हैं। बोर्ड उनके कार्याभार प्रबंधन पर भी ध्यान रखे हुए है। भारतीय टीम के पास अन्य विकल्प के तौर पर बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल और साई सुदर्शन भी हैं प रेड्डी को अंतिम ग्यारह में शामिल करने से निचले क्रम में बल्लेबाजी



को मजबूती मिलने की संभावना है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बल्लेबाजी कमजोर पड़ने से पहला टेस्ट तीन दिनों के अंदर ही समाप्त हो गया था।

# भारत-दक्षिण अफीका दूसरे टेस्ट के समय में नजर आयेंगे बदलाव

## लंच ब्रेक से पहले होगा टी ब्रेक

गुवाहाटी । भारत और इंग्लैंड के बीच 22 नवंबर से गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में समय के साथ ही अन्य कुछ बदलाव भी नजर आयेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने यहां के मौसम को देखते हुए समय में ये बदलाव किया गया है। इसके तहत ही ये मैच सुबह 9 बजे शुरु होगा जबकि आमतौर पर भारत में मैच 9.30 पर शुरु होते हैं। पूर्वोत्तर भारत में सूर्योदय और सूर्यास्त जल्दी होने के कारण समय में बदलाव किया है। इसी के तहत ही गुवाहाटी में टॉस सुबह 8-30 बजे कराया जाएगा और फिर पहली गेंद 9 बजे फेंकी जाएगी। पांचों दिन पहला सत्र 9 से 11 बजे तक होगा। इसके बाद 20 मिनट का चाय का ब्रेक होगा। दूसर सत्र 11.20 बजे से 1.20 बजे तक चलेगा। दूसरे सत्र की समाप्ति के बाद 40 मिनट का लंच ब्रेक रहेगा। फिर दोपहर 2 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक अंतिम सत्र होगा। यदि तय समय में पूरे ओवर नहीं होते हैं तो खेल को आधा घंटा आगे बढ़ाया जाएगा। इस प्रकार मुकाबला शाम 4.30 बजे तक आगे बढ़ सकता है. ये पहली बार होगा जब किसी टेस्ट में पहले टी ब्रेक और फिर लंच ब्रेक होगा। इसी को लेकर बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, यह व्यावहारिक फैसला है। सर्दियों के समय पूर्वोत्तर भारत में सूर्योदय और सूर्यास्त बहुत जल्दी हो जाते हैं। शाम 4 बजे तक रोशनी काफी कम हो जाती है और उसके बाद ज्यादा खेलनो संभव नहीं हो पाता है। इसी चलते हमने इस टेस्ट मैच को जल्दी शुरू करने का फ़ैसला लिया है। इस सीरीज का पहला टेस्ट दक्षिण अफीका ने 30 रनों से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त ली है। ऐसे में भारतीय टीम का लक्ष्य इस मैच को जीतना रहेगा।

# अर्जुन तेंदुलकर ने सीनियर क्रिकेट में अपने 100 विकेट पूरे किये

मुम्बई । गोवा की ओर से रणजी ट्रॉफी में खेलते हुए ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर ने सौराष्ट्र के खिलाफ मैच में एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। अर्जुन ने इस मैच में सौराष्ट्र के हरविक देसाई को 45 रन पर आउट करने के साथ ही सीनियर क्रिकेट में अपने विकेटों का शतक पूरा किया। उन्होंने सीनियर क्रिकेट में अपना पहला विकेट जनवरी 2021 में हरियाणा के खिलाफ अपनी पुरानी टीम मुंबई की ओर से डेब्यू मैच में लिया था। अर्जुन ने मुंबई की ओर से केवल एक सीनियर मैच खेला हैं। इसके बाद वह गोवा चले गये थे। उन्होंने दिसंबर 2022 में राजस्थान के खिलाफ मैच में गोवा की ओर से रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया। अर्जुन ने रणजी ट्रॉफी में अपने पिता सचिन तेंदुलकर की तरह ही डेब्यू में शतक लगाया था। अर्जुन ने रणजी डेब्यू से एक महीने पहले आंध्र प्रदेश के खिलाफ लिस्ट ए में डेब्यू किया था। अर्जुन के नाम फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में 48 विकेट हैं। उन्होंने एकदिवसीय क्रिकेट में 25 बल्लेबाजों को आउट किया है। अर्जुन के नाक टी20 में 27 विकेट हैं। अर्जुन आईपीएल 2021 की मिनी-नीलामी में अपने बेस प्राइस 20 लाख रुपये में मुंबई इंडियंस पहुंचे थे। उन्होंने आईपीएल 2025 की बड़ी नीलामी में भी उन्हें उसी कीमत पर फिर से लिया था। अर्जुन ने 2023 में आईपीएल में डेब्यू किया और उस सीजन में 4 मैचों में 3 विकेट लि। उन्होंने आईपीएल 2024 में केवल एक मैच खेला था।



# आईपीएल 2026 सत्र में टीम के भरोसे को सही साबित करना रहेगा मार्कराम का लक्ष्य

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज एडेन मार्कराम ने कहा है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से बेहतर प्रदर्शन का पूरा प्रयास करेंगे। मार्कराम 2025 सत्र में भी सुपर जायंट्स के साथ थे और उनका कहना है कि फ्रैंचाइजी के उन्होंने टीम में बनाये रहने से वह बेहद खुश हैं। मार्कराम ने गत सत्र में 13 मैचों में 34.23 की औसत और 148.83 के स्ट्राइक रेट से 445 रन बनाए थे जिसमें 5 अर्धशतक भी शामिल थे। इसके अलावा उन्होंने चार विकेट भी लिए थे। इसी कारण उन्हें टीम ने अपने साथ रखा है। ।

मार्करम ने कहा, मैंने पिछले साल लखनऊ फ्रैंचाइजी के साथ अपने समय का भरपूर आनंद लिया। मैंने साथी खिलाड़ियों से बहुत अच्छी दोस्ती की और टीम के साथ कुछ महीने बिताए।



इसलिए मुझे रिटेन किए जाने पर बहुत खुशी है और निश्चित रूप से उनके साथ एक और सत्र खेलने के लिए उत्साहित हूं।

उनसे यह भी पूछा गया कि टूर्नामेंट के इस सत्र वह किस प्रकार का प्रदर्शन करना चाहेंगे। जिस पर उन्होंने कहा, आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए आपको एक टीम के रूप में वास्तव में अच्छा होना होगा। मुझे नहीं लगता कि हम पिछले सत्र में बहुत पीछे थे। यहां-वहां कुछ पल और कुछ परिणाम अलग दिखते। इससे पहले कि आप कुछ समझ पाते, आप नॉकआउट के लिए क्वालीफाई कर चुके होते हैं। इसलिए निश्चित रूप से किसी भी चीज को ज़्यादा कठिन नहीं बनाना चाहिए। मुझे लगता है कि हमने जो चीजें अच्छी कीं, उन्हें फिर से करने की कोशिश करें और कुछ और महत्वपूर्ण क्षण जीतें। इससे पहले कि आप जानते हैं, मुझे लगता है कि प्रतियोगिता हमारे लिए वास्तव में आशाजनक है। आईपीएल में हालांकि टीम को उम्मीद के अनुसार परिणाम नहीं मिले। ऋषभ पंत ने कप्तान के रूप में पद संभाला, जहीर खान टीम के संरक्षक थे। फिर भी, टीम प्लेऑफ से चूक गई, अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही। अब टीम का लक्ष्य इस सत्र में वापसी करना रहेगा।

# टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले मुरलीधर का रिकार्ड अभी टूटना संभव नहीं



### -कोई भी गेंदबाज नहीं है करीब

**मुम्बई (एजेंसी)।** आजकल सीमित ओवरों के प्रारुप का चलन बढ़ गया है पर टेस्ट क्रिकेट का महत्व अब भी अपनी जगह पर बना हुआ है। टेस्ट प्रारुप में विकेट लेने के लिए गेंदबाज में कौशल के साथ ही धैर्य होना भी जरुरी होता है कयोंकि इस प्रारुप में बल्लेबाज संभल कर खेलते हैं और टी20 प्रारुप की तरह हर गेंद पर शॉट लगाने का प्रयास नहीं करते हैं। टेस्ट प्रारुप में सबसे अधिक विकेट का रिकार्ड श्रीलंका के दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के नाम हैं। मुरली ने अपने करियर में अब तक कुल 800 विकेट लिए हैं जो अभी टूटना संभव नहीं हैं क्योंकि वर्तमान समय का कोई भी गेंदबाज उनके करीब नहीं है केवल इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन के नाम ही 704 विकेट हैं पर उन्होंने भी संन्यास ले लिया है।

। मुरलीधरन ने 133 टेस्ट में 67 बार पांच विकेट और 22 बार दस विकेट लिए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर दूसरे स्थान पर हैं ऑस्ट्रेलिया के महान लेग स्पिनर शेन वॉर्न हैं। वार्न ने 145 मैचों में अपने 708 विकेट लिए। वहीं इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन, 704 विकेट लेकर तीसरे नंबर पर है। सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की इस सूची में भारत टीम के दिग्गज स्पिर अनिल कुंबले 619 विकेट के साथ चौथे स्थान पर हैं। वहीं पांचवे नंबर पर इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड, ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्ग्रा और ऑस्ट्रेलिया के नैथन लियोन हैं। इन सभी के नाम 500 से ज्यादा विकेट हैं। भारत के आर अश्विन भी 537 विकेट के साथ ही इस सूची में शामिल हैं।

# हर टूर्नामेंट में पदक हासिल करना संभव नहीं, मैं हमेशा भारत का समर्थन करती हूं : मनु भाकर

नई दिल्ली । दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने ISSF विश्व चैंपियनशिप में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को बरकरार न रख पाने को झटका करार देते हुए हमवतन खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। भाकर ने कहा कि वह 'हर दिन नहीं जीत सकतीं'। हाल ही में संपन्न हुए इस टूर्नामेंट में 13 भारतीय पदक विजेताओं में मनु भाकर का शामिल न होना निशानेबाज़ी जगत के कई लोगों के लिए थोड़ा आश्चर्य की बात है। भाकर ने कहा, 'मैं विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही थी। मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा लेकिन मैं शीर्ष तीन में जगह नहीं बना पाई। मेरी टीम की साथी ईशा सिंह ने पदक जीता। आप खेल में हर दिन जीत नहीं सकते। कभी कभी हार का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए यह जरूरी है कि भारत को पदक जीतना चाहिए और यह मेरे या किसी और के जीतने से जुड़ा नहीं होना चाहिए। जब तक भारत कोई भी पदक जीत रहा है, मैं उसका हौसला बढ़ाते रहूंगी चाहे वह किसी भी खेल में हो।' इस 23 साल की पिस्टल निशानेबाज 'ASMITA (महिलाओं को प्रेरित करके खेल जगत में उपलब्धि हासिल करना) के सोशल मीडिया हैंडल के लॉन्च पर बोल रही थी। भाकर ने पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन इस साल कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई हैं। इस साल अगस्त में एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतना उनकी बड़ी उपलब्धियों में से एक है। भाकर ने 'ASMITA' पहल के बारे में कहा कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के खेल से जुड़ने को लेकर लोगों की सोच को बदलने में मददगार होगा।



# जर्मनी और नीदरलैंड ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर फीफा विश्व कप 2026 के लिए प्रवेश हासिल किया



म्यूनिख । जर्मनी और नीदरलैंड ने अपने अपने क्वालीफाइंग मुकाबले जीतकर फीफा विश्व कप फुटबॉल 2026 के लिए प्रवेश हासिल कर लिया है। जर्मनी ने स्लोवाकिया को 6-0 से हराया जबकि नीदरलैंड्स ने लिथुआनिया को 4-0 से हराते हुए ग्रुप जी में पहला स्थान हासिल किया। जर्मनी की जीत में लेरॉय की अहम भूमिका रही। उन्होंने स्लोवाकिया के खिलाफ दो गोल किये। जर्मनी की ओर से पहला गोल 18 वें मिनट में निक वोल्टेमाडे ने किया। वहीहं सर्ज ग्नब्री ने 29वें मिनट में एक गोल कर अपनी टीम की बढ़त को और बढ़ा दिया। फ्लोरियन विर्ट्ज ने 36वें और 41वें मिनट में दो गोल करते हुए जर्मनी को 4-0 से बढ़त दिला दी। ब्रेक के बाद रिडल बाकू ने 67वें मिनट में गोल दागा। मुकाबले के 79वें मिनट में असन ओउएड्रागो ने साने के शानदार शॉट के बाद गोल दागकर टीम को 6-0 से आगे कर दिया। इस प्रकार ये मुकाबला एकतरफा रहा। वहीं दूसरी ओर, ग्रुप-जी के मुकाबले में नीदरलैंड्स और लिथुआनिया के मैच में 16वें मिनट में तिजानी रेंइंडर्स ने डच टीम की ओर से पहला गोल किया। इसके बाद 58वें मिनट में कोडी गाकपो ने गोल कर बढ़त को बढ़ा दिया। वहीं जावी सिमंस ने 60वें मिनट में एक गोल किया। इसके 2 मिनट बाद ही डोनियल मालेन के गोल से नीदरलैंड्स की टीम 4-0 से आगे हो गयी।

# हिंसा के बीच ढाका हवाई अड्डे पर 10 घंटे तक फंसे रहे भारतीय तीरंदाज, 7 महिलाएं भी शामिल थी

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय तीरंदाजों को उस समय बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा जब वे एशियाई चैंपियनशिप के बाद ढाका से देश लौटने के दौरान उड़ान रद्द होने के कारण लगभग 10 घंटे तक हवाई अड्डे पर फंसे रहे। यही नहीं उन्हें हिंसा प्रभावित बांग्लादेश की राजधानी में बिना सुरक्षा के एक स्थानीय बस में बिठा दिया गया और बाद में उन्हें एक घटिया आश्रय स्थल में रुकना पड़ा।

भारत के 23 सदस्यीय दल के 11 सदस्य उड़ान में बार-बार हो रही देरी के कारण काफी परेशान रहे। इनमें दो नाबालिग सदस्य भी शामिल थे। इस बीच उन्होंने जिस एयरलाइंस से टिकट बुक किया था उसका भी उन्हें कोई खास सहयोग नहीं मिला। इस दल में सीनियर खिलाड़ी अभिषेक वर्मा, ज्योति सुरेखा और ओलंपियन धीरज बोम्मादेवरा भी शामिल थे। वे शनिवार को दिल्ली के लिए रात 9.30 बजे की उड़ान के लिए ढाका हवाई अड्डे पर पहुंचे थे, लेकिन विमान में सवार होने के बाद उन्हें बताया गया कि विमान में तकनीकी खराबी आ गई है और वह उड़ान नहीं भर पाएगा।

यह वह समय था जब ढाका में सड़कों पर हिंसा देखी गई थी, क्योंकि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ विशेष न्यायाधिकरण के फैसले का इंतजार हो रहा था। भारत के इस दल में 7 महिलाएं भी शामिल थी। उड़ान को लेकर कोई स्पष्ट सूचना नहीं मिलने के कारण वे रात दो बजे तक टर्मिनल के अंदर ही रहे। इसके बाद उड़ान रद्द होने की घोषणा की गई और बताया गया कि उस रात कोई वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था नहीं की जाएगी। जैसे ही टीम हवाई अड्डे से बाहर निकली, उनकी परेशानी बढ़ गई।

देश के सबसे प्रतिष्ठित कम्पाउंड पुरुष तीरंदाज वर्मा ने आरोप लगाया कि उन्हें एक ''बिना खिड़की वाली स्थानीय बस'' में भर दिया गया और लगभग आधे घंटे की दूरी पर एक अस्थायी लॉज में ले जाया गया, जो एक 'धर्मशाला' जैसा था। इस 36 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि जिस स्थान पर टीम को ले जाया गया था, वह 'एक उचित होटल भी नहीं था', जिसमे महिलाओं के लिए एक कमरे में छह बिस्तरों वाला एक कमरा था और उसमें केवल एक शौचालय था जो बहुत गंदा था।

उन्होंने बताया, 'गेस्ट हाउस के नाम पर हमें जिस धर्मशाला में ठहराया गया उसकी स्थिति बेहद खराब थी। एक कमरे में छह बिस्तर लगाए गए थे और जो शौचालय था उसकी हालत बहुत खराब थी। मुझे नहीं लगता कि उसमें कोई स्नान कर सकता था।' अंतरराष्ट्रीय लेनदेन की सुविधा नहीं होने के कारण वैकल्पिक व्यवस्था करने के उनके प्रयास भी सफल नहीं हो सके।

वर्मा ने कहा, 'अगर हमें पता भी होता कि हमें सुबह 11 बजे तक टिकट मिल जाएगा, तो भी हम हवाई अड्डे पर ही रुक जाते। क्योंकि उन्होंने (एयरलाइन ने) कुछ भी पुष्टि नहीं की थी।' अगली



सुबह सात बजे दल हवाई अड्डे के लिए रवाना हुआ, लेकिन दिल्ली पहुंचने पर उन्हें और अधिक देरी का सामना करना पड़ा। कई तीरंदाज हैदराबाद और विजयवाड़ा जाने वाली अपनी उड़ान नहीं पकड़ पाए, जिसके कारण उन्हें महंगी बुकिंग करानी पड़ी।

वर्मा ने कठिन परिस्थिति में राष्ट्रीय टीम का समर्थन न करने के लिए एयरलाइन को जिम्मेदार ठहराने में कोई संकोच नहीं किया। उन्होंने कहा, 'आपका विमान खराब हो गया और आपको पता है कि बाहर दंगे हो रहे हैं तो उन्होंने हमें स्थानीय बस में कैसे बिठाया। अगर हमारे साथ कुछ हो जाता तो उसका जिम्मेदार कौन होता।'



# 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के क्लाइमैक्स सीन को लेकर मोना सिंह ने किया बड़ा खुलासा

आर्यन खान द्वारा निर्देशित पहली सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड ने दर्शकों को आकर्षित करने का काम किया था। अब इस सीरीज में काम कर चुकीं एक्ट्रेस मोना सिंह ने बताया कि उन्होंने और बॉबी देओल ने इस सीरीज से जुड़े राज को कई साल तक छुपा कर रखा था।

## दो साल तक उस राज को छुपाए रखा

अभिनेत्री मोना सिंह ने कहा, 'सिर्फ बॉबी देओल और मुझे ही क्लाइमेक्स के बारे में पता था, सिर्फ हम दोनों को। आर्यन यह बात किसी और को नहीं बताना चाहता थे। यहां तक कि शो का शीर्षक भी, बॉबी सर और मुझे ही पता था। मैं चुप रही और उस बोझ को ढोती रही, दो साल तक उस राज को छुपाए रखा, जो मेरे लिए नामुमकिन है। लेकिन यह सब सार्थक रहा। मुझे बहुत मजा आया। मैं इसका हिस्सा बनकर खुद को खुशकिस्मत मानती हूं। मैं सचमुच बहुत खुश हूं।'

## जब मोना सिंह को आया आर्यन खान का फोन

आगे बातचीत में अभिनेत्री ने बताया, 'मैं पंजाब में किसी और चीज की शूटिंग कर रही थी और उन्होंने (आर्यन खान) ने मुझे जनवरी के महीने में फोन किया। उन्होंने कहा, हमें सभी रिकॉर्डिंग देने हैं, इसलिए हमें अभी इस गाने की शूटिंग करनी है और आपका समय आ गया है।' मैंने कहा कि ठीक है। इसलिए, मैं एक दिन के लिए बॉम्बे आई और फिर आर्यन ने मुझे सब बताया।'

### द बैड्स ऑफ बॉलीवुड के बारे में

द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में लक्ष्य लालवानी, सहर बाम्बा, बॉबी देओल, राघव जुयाल, आन्या सिंह, मनीष चौधरी, मोना सिंह, विजयंत कोहली, मनोज पाहवा, गौतमी कपूर और रजत बेदी जैसे कलाकार नजर आए हैं। कहानी आसमान सिंह (लक्ष्य) नाम के एक ऐसे नौजवान की है जो फिल्मों की दुनिया में बड़ा नाम कमाने का सपना लेकर आता है। उसके साथ उसका दोस्त परवेज (राघव जुयाल) और मैनेजर सान्या (आन्या सिंह) उसका साथ देते हैं। यह कहानी न सिर्फ ग्लैमर की दुनिया की चमक दिखाती है बल्कि उसके पीछे की अंधेरी सच्चाइयों को भी उजागर करती है।



# इंग्लिश हॉरर फिल्म लिली रोज में दिखेंगी टिया बाजपेयी

**मल्टी-टैलेंटेड सिंगर और एक्ट्रेस टिया बाजपेयी बॉलीवुड और ग्लोबल म्यूजिक में अपनी अलग पहचान रखती हैं। 'सारेगामापा से करियर की शुरुआत करने वाली टिया ने '1920' और 'हॉन्टेड' जैसी हॉरर फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। एक खास बातचीत में उन्होंने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स, ग्लोबल विजन समेत कई बातों पर चर्चा की...**

**इन दिनों आप किस प्रोजेक्ट में बिजी हैं। आगामी प्रोजेक्ट्स क्या हैं?**
मेरा सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट एक इंग्लिश हॉरर फिल्म है जिसका नाम 'लिली रोज है। साथ ही, एक प्रॉपर म्यूजिक एलबम भी जल्द ही रिलीज होने वाला है।

**इन प्रोजेक्ट्स में आपकी एक्टिंग और सिंगिंग दोनों देखने को मिलेगी?**
हां, दोनों देखने को मिलेंगी। मैं अपनी फिल्मों में भी गाने गाती हूं। हॉरर फिल्म इसलिए चुनी क्योंकि दर्शक चाहते थे कि मैं हॉरर करूं।

**बतौर सिंगर और सॉन्ग राइटर आपका ग्लोबल विजन क्या है?**
मैं चाहती हूं कि मेरी कला पूरी दुनिया तक पहुंचे। मैं खुद को एक कलाकार (आर्टिस्ट) के तौर पर देखती हूं और चाहती हूं कि लोग मेरी कला की इज्जत करें। अच्छी आवाज ऊपर वाले का गिफ्ट है और मैं चाहती हूं कि यह मेहनत पूरी दुनिया तक पहुंचे।


**इंडस्ट्री के दिग्गजों के साथ काम करने का अनुभव और सीख क्या रही हैं?**
सबसे अहम सीख है टेम्परमेंट (स्वभाव) बनाए रखना, खासकर दबाव में। दूसरा, सेट पर अपनी ज़िम्मेदारी समझना और काम को पूरा करना (जैसे '1920 की शूटिंग में बर्फीले पानी में काम करना)। सह-कलाकारों के साथ काम करना अच्छा रहा, खासकर उनके सहयोग और अपनी लाइन्स को समय पर खुद देने की आदत के कारण।

**क्या कभी एक्टिंग या सिंगिंग में से किसी एक पर फोकस करने का विचार आया?**
नहीं, क्योंकि दोनों ही मेरे लिए समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। सिंगिंग बचपन से कर रही हूं लेकिन एक्टिंग ने मुझे खुद चुना। दोनों कला के रूप हैं। मैं दोनों में से किसी को भी चुनने की ज़रूरत महसूस नहीं करती, जैसे आप लेफ्ट या राइट हैंड में से किसी एक को नहीं चुनते।

**'सारेगामापा से शुरू हुई आपकी अब तक की जर्नी कैसी रही है?**
मैं खुद को बहुत किस्मतवाली समझती हूं कि इतनी कम उम्र में इतना कुछ देखा और किया। यह जर्नी बहुत खूबसूरत रही है। इसमें उतार-चढ़ाव आए लेकिन मेरे प्रशंसक हमेशा साथ रहे, जो मेरे लिए सबसे बड़ी चीज़ है। स्ट्रगल हर फील्ड में है क्योंकि कंपटीशन बहुत ज़्यादा है। यह इंडस्ट्री एक बहुत बड़ा बिजनेस भी है, जिसमें अरबों का पैसा लगता है। सिर्फ अच्छा गाना या दिखना काफी नहीं है। आपको ऑडियंस को समझना, लुक, किस तरह के गाने गाने हैं। ये सब मिलाकर एक कंप्लीट पैकेज बनना पड़ता है। परदे के पीछे की बिजनेस स्टोरी समझना भी बहुत जरूरी है।

### बतौर एक्ट्रेस आगे आप किस तरह के रोल करना चाहती हैं?

इतने सालों के काम से मुझमें ठहराव आ गया है और मैं चूजी हो गई हूं। अब मेरा फोकस क्वालिटी पर है, न कि क्वांटिटी पर। मैं अब ऐसे परफॉर्मेंस-ओरिएंटेड और अच्छे रोल करना चाहती हूं जो एक लेगेसी छोड़कर जाएं, सिर्फ पैसे के लिए फिल्में नहीं करनी हैं।




# सैयारा ने येलोस्टोन फिल्म फेस्टिवल में जीता अवॉर्ड

मशहूर फिल्ममेकर मोहित सूरी के लिए साल 2025 किसी सपने के सच होने जैसा बन गया है। उनकी फिल्म सैयारा देश-विदेश में अपनी सफलता का परचम लहरा रही है। इस बीच फिल्म ने येलोस्टोन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 (वाईआईएफएफ) में पॉपुलर चॉइस अवॉर्ड जीता। इस मौके पर निर्देशक मोहित सूरी ने कहा कि इस फिल्म की सफलता के पीछे की ताकत यश राज फिल्म्स की ओर से दी जाने वाली आजादी रही है। शुक्रवार को मुंबई में आयोजित वाईआईएफएफ के इवेंट में यश राज फिल्म्स के सीईओ अक्षय विधानी और निर्देशक मोहित सूरी ने फिल्म सैयारा के लिए अवॉर्ड ग्रहण किया। अवॉर्ड मिलने के बाद मोहित सूरी ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए बेहद भावुक करने वाला है। वे पिछले बीस सालों से इंडस्ट्री का हिस्सा हैं, लेकिन यह उनकी पहली ट्रॉफी है। उन्होंने कहा, इस फिल्म में सब कुछ जैसे पहली बार हुआ, जैसे फिल्म में एक्टर्स पहली बार बड़े पर्दे पर उतरे, वे पहली बार यश राज फिल्म्स के साथ काम कर रहे थे, और अक्षय पहली बार किसी फिल्म का निर्माण कर रहे थे। ये सब पहली बार के अनुभव मेरे लिए यादगार बन गए। मोहित सूरी ने अपने बचपन की उन यादों को भी साझा किया, जब वह थिएटर में दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे देखने गए थे। उन्होंने बताया, उसी पल मैंने सोच लिया था कि मुझे फिल्मों से जुड़ना है। यही सपना धीरे-धीरे बढ़ा और आज मेरी फिल्म को अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मान मिला।

फिल्म के निर्माता आदित्य चोपड़ा का धन्यवाद करते हुए मोहित ने बताया कि आज के समय में जब बहुत लोग मानते हैं कि रोमांटिक फिल्मों का दौर खत्म हो चुका है, तब आदित्य चोपड़ा ने कहानी पर भरोसा किया। उन्होंने कहा, जहां बाकी इंडस्ट्री एक्शन और बड़े-बड़े स्टंट्स में बिजी है, वहीं आदित्य ने मुझे एक सरल प्रेम कहानी बनाने की पूरी आजादी दी। यह भरोसा किसी भी निर्देशक के लिए सबसे कीमती चीज है। यह अवॉर्ड जितना मेरा है, उतना यशराज फिल्म्स का भी है। पहली फिल्म में सुरक्षित रास्ता चुनना आसान होता है, खासकर तब जब आपके पास बड़े नामों को लेने का अवसर हो, लेकिन अक्षय विधानी ने दो नए कलाकारों, अहान पांडे और अनीत पड्डा, पर भरोसा किया, जिसने फिल्म को नया रूप दिया। मोहित ने आगे बताया, जब मैंने फिल्म की स्क्रिप्ट आदित्य चोपड़ा और अक्षय विधानी को दी, तो दोनों ने तुरंत दिलचस्पी दिखाई। उन्होंने उस वक्त मुझे सिर्फ एक ही बात कही, कि वे चाहते हैं कि मैं अपनी जिंदगी की सबसे अच्छी फिल्म बनाऊं। उन्होंने कभी भी मुझसे ये नहीं कहा कि फिल्म को हिट होना चाहिए या बॉक्स ऑफिस पर धमाका करना चाहिए। उन्होंने सिर्फ फिल्म की आत्मा और संगीत पर ध्यान देने को कहा। इस भरोसे की वजह से मुझे रचनात्मक आजादी मिली, जिसकी हर फिल्ममेकर चाहत रखता है। यही आजादी ही सैयारा की बड़ी ताकत रही।



# फिल्म दुनियादारी से बड़े परदे पर दमदार वापसी करेंगे गोविंदा

**अभिनेता गोविंदा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। वजह है उनकी सेहत। अचानक तबीयत खराब होने के बाद उन्हें मुंबई के जुहू स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक्टर को अब छुट्टी मिल गई है। उनका कहना है कि वे अब ठीक हैं। इस बीच चीची की सेहत को लेकर चिंतित फैंस को एक खुशखबरी भी मिली है। गोविंदा बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं।**

## एक्टर ने फिल्म को लेकर दिया यह अपडेट

गोविंदा ने फिल्म पर अपडेट देते हुए कहा, मैं अभी जो फिल्म शुरू कर रहा हूं, उसका नाम दुनियादारी है। मैं चाहता हूं कि लोग, खासकर मेरे फैंस, मुझे गोविंदा के बेस्ट फॉर्म में देखें। ठीक वैसे ही, जैसे उन्होंने मुझे पहले देखा है। मैं कहना चाहता हूं कि जब कोई व्यक्ति वफादार और ईमानदार होने के बावजूद विश्वासघात का सामना करता है, तभी उसे दुनिया के तौर-तरीके सही मायने में समझ आते हैं।

अभिनेता गोविंदा दुनियादारी नाम की फिल्म के साथ बड़े परदे पर वापसी कर रहे हैं। इसमें उन्हें गोविंदा का अब तक का बेस्ट अवतार देखने को मिलेगा। बातचीत में गोविंदा ने कहा कि वे चाहते हैं कि उनके प्रशंसक उन्हें इस फिल्म के जरिए एक बार फिर उनके बेस्ट फॉर्म में देखें। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म किस बारे में होगी और दर्शक इससे क्या उम्मीद कर सकते हैं। लंबे अरसे बाद गोविंदा को परदे पर देखना फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं होगा।

### कॉमेडी, डांस और गाना, फिल्म में होगा सबकुछ

गोविंदा ने आगे कहा, मेरी फिल्मों में कॉमेडी, गाने और डांस जैसी वो सारी चीजें होंगी, जो लोगों को पसंद हैं, लेकिन मैं चाहता हूं कि भारत और विदेश में लोग दुनियादारी देखें और समझें कि हमारा देश असल में क्या है। जब लोग यह फिल्म देखेंगे, तो वे मुझे मेरे बेस्ट फॉर्म में देखेंगे। फिल्म को बेहतर बनाने की मैं अपनी तरफ से पूरी कोशिश करूंगा।





# यशराज की फिल्म में ग्रे किरदार में नजर आएंगे बॉबी, अगले साल शुरू होगा शूट

**बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल अपनी दूसरी पारी में लगातार नए-नए किरदार निभा रहे हैं। अब वे यशराज फिल्म्स की एक और बड़ी एक्शन फिल्म में अहान पांडे और शरवरी वाघ के साथ नजर आने वाले हैं। बॉबी ऑलरेडी यशराज की एक और फिल्म अल्फा भी कर ही रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ आलिया भट्ट भी लीड रोल में नजर आएंगी। वहीं शरवरी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।**

## इस फिल्म में अहान पांडे के पिता का किरदार प्ले करेंगे बॉबी

फिल्म इंडस्ट्री में इन दिनों एक नए तरह की कास्टिंग देखने को मिल रही है, जहां जेन-जी को पसंद आने वाले युवा कलाकारों को अनुभवी सितारों के साथ जोड़ा जा रहा है। इसी सिलसिले में यशराज फिल्म्स की आगामी एक्शन ड्रामा में अहान पांडे के पिता के रूप में बॉबी देओल नजर आएंगे। रिपोर्ट में बताया गया है कि अली अब्बास और निर्माता आदित्य चोपड़ा पहले से स्पष्ट थे कि फिल्म में बॉबी का किरदार, उनके पिछले सभी किरदारों से अलग रखा जाएगा। निर्देशक ने इस बात को ध्यान में रखते हुए अभिनेता के किरदार को तैयार किया है, जो फिल्म में दमदार छाप छोड़ेगा। खबर है कि बॉबी ने एक हफ्ते पहले ही अली अब्बास के आगामी प्रोजेक्ट में काम करना शुरू किया है। इस फिल्म के अलावा बॉबी जल्द ही थलापति विजय की तमिल फिल्म जन नायगन में भी नजर आएंगे। यह विजय की आखिरी फिल्म भी हो सकती है।

## इंग्लैंड में लोकेशंस की रेकी करेंगे डायरेक्टर अली अब्बास जफर

सूत्रों के अनुसार... अली अब्बास जफर इस बड़े बजट की एक्शन ड्रामा फिल्म की शूटिंग अगले साल यानी 2026 की पहली तिमाही (मार्च) से शुरू करेंगे। निर्देशक और टीम जल्द ही इंग्लैंड जाकर शूटिंग लोकेशंस की रेकी करने वाले हैं। फिल्म में बॉबी का किरदार एक अथॉरिटेटिव पोजिशन यानी अधिकारपूर्ण पद पर होगा। उनका रोल पूरी तरह खलनायक नहीं होगा, बल्कि इसमें ग्रे शेड्स होंगे, यानी चरित्र में नकारात्मक और सकारात्मक दोनों पहलू होंगे। कहानी में यह किरदार नायक अहान पांडे से टकराव भी रखेगा और भावनात्मक जुड़ाव भी। बॉबी की कास्टिंग हाल ही में फाइनल हुई है और फिल्म का निर्माण बड़े स्तर पर किया जा रहा है।

## अल्फा है वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म

अल्फा यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की छठी और पहली महिला-केंद्रित फिल्म है। इसमें आलिया भट्ट और शरवरी वाघ दो महिला जासूसों की भूमिका निभा रही हैं, जबकि बॉबी उनके सामने एक सशक्त रोधी किरदार में होंगे। पहले इसकी रिलीज दिसंबर 2025 तय की गई थी, लेकिन विजुअल इफेक्ट्स और पोस्ट-प्रोडक्शन को बेहतर बनाने के कारण अब यह 17 अप्रैल 2026 को रिलीज होगी।

### अनुराग कश्यप की बंदर में भी दिखेंगे बॉबी

बॉबी की हालिया सफल फिल्मों और वेब सीरीज ने उनके करियर को नई ऊंचाई और स्थिरता दी है। 2023 में एनिमल और वेब सीरीज आश्रम में उनकी नकारात्मक भूमिकाएं लंबे समय तक चर्चा में रहीं। 2024 की फिल्म कंगुवा में भी उन्होंने अपने दमदार अभिनय और स्क्रीन प्रेजेंस से दर्शकों को प्रभावित किया। 2026 में उनकी बड़ी रिलीज फिल्म अपने 2 होगी। इसके अलावा वे निर्देशक-निर्माता अनुराग कश्यप की क्राइम थ्रिलर बंदर में भी दिखाई देंगे।





# नौनिहालों के लिए विशेष सुरक्षा है जरूरी

चारों तरफ लगातार बढ़ते प्रदूषण का असर हमारी सेहत पर किस तरह पड़ रहा है, इस बारे में अलग से कुछ कहने की जरूरत नहीं। चाहे वह हमारे आस–पास की हवा हो जिसमें हम सांस लेते हैं या फिर जो पानी हम पी रहे हैं, हर जगह बढ़ते प्रदूषण की मार तो है ही, उस पर से खाने की चीजों में मिलावट अलग। इस वजह से स्थिति और बुरी होती जा रही है। साथ ही इस बात को खास तौर पर समझने की जरूरत है कि बच्चों पर इसका असर कुछ ज्यादा होता है। बच्चों में रोगों से लड़ने की क्षमता ज्यादा नहीं होती। इसलिए वयस्कों के मुकाबले उनके बीमार होने की आशंका भी ज्यादा होती है।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता

बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता दो तरह से बढ़ती है। जानकार बताते हैं कि आम तौर पर जब हम बाहर के किसी संक्रमण के शिकार होते हैं, तब हमारा शरीर अपने आप उस संक्रमण से लड़ने की क्षमता विकसित करता है। इसे एंटीबाडी कहते हैं। शरीर में ऐसे एंटीबाडी यानी रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने की क्षमता कमोबेश सभी में मौजूद होती है। मगर कुछ मामलों में हमारा शरीर बाहरी हमले से लड़ने के लिए सक्षम नहीं होता। उन खतरों से बचने के लिए हम विशेष तरीका अपनाते हैं। इसमें हम शरीर को बाहर से ऐसे एंटीबॉडी उपलब्ध करवाते हैं, जिससे वह संक्रमण से लड़ने के लिए पहले से तैयार हो। विभिन्न तरह के टीके इसी तैयारी के तहत लगाए जाते हैं।

विभिन्न बीमारियों से बचाने के लिए अब हमारे पास कई तरह के टीके उपलब्ध हैं। इसलिए अब यह सलाह दी जाती है कि सभी बच्चों को तय उम्र पर इन टीकों की नियत खुराक जरूर दी जाए। कुछ टीकों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम अवधि के लिए होती है। ऐसे में उसका बूस्टर डोज भी देना होता है। हालांकि यह भी सच है कि अधिकांश टीके सीमित क्षमता वाले ही होते हैं। यानी शायद ही ऐसा कोई टीका हो, जिसके बारे में यह दावा किया जा सके कि यह संबंधित रोग से सौ फीसदी सुरक्षा उपलब्ध करवा देगा। लेकिन ये टीके( वैक्सीन्स) उस रोग की आशंका को काफी सीमित कर देते हैं। इसलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) से ले कर विभिन्न देशों की सरकारें तक इनकी सिफारिश करती हैं।



### पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य

इन दोनों उपायों के साथ ही यह भी जरूरी है कि बच्चों की खुराक में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली चीजों को भरपूर रूप से शामिल किया जाए। नवजात बच्चों के लिए मां का दूध रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बड़े बच्चों में यह काम फलों, सब्जियों और अन्य प्राकृतिक उत्पादों के जरिए हो सकता है। इसलिए यह बेहद जरूरी है कि बच्चों को ज्यादा से ज्यादा मात्रा में हरी सब्जियां और फल दें। मौसमी फल खास तौर पर बच्चों में इम्यूनिटी बढ़ाते हैं। मौसमी फलों की खास बात यह होती है कि ये एक तरफ तो बहुत स्वादिष्ट होते हैं वहीं इनकी कीमत भी अपेक्षाकृत कम होती है। इसलिए सबसे अच्छा तरीका यह है कि बाजार में जिस मौसम में जो फल सबसे सस्ते मिल रहे हों, उसी को खरीदें। बच्चों को दिन भर में पांच बार अलग–अलग रूप में फल और सब्जियां दी जा सकती हैं। हालांकि यह बहुत कुछ बच्चों की रुचि पर निर्भर करता है, लेकिन छोटे बच्चे के लिए इसकी हर खुराक औसतन दो बड़ी चम्मच के बराबर और बड़े बच्चों के लिए एक कप के बराबर हो सकती है।

बच्चों को चारों ओर से होने वाले जीवाणुओं और विषाणुओं (वाइरस) के हमले से सुरक्षा देना बेहद जरूरी है। नवजात बच्चा एक हद तक विषाणुओं से भले लड़ ले, लेकिन जीवाणुओं से मुकाबला करने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं होता। उस पर से अगर वह 37 हफ्तों के गर्भाधारण से पहले हुआ हो, तब तो उसमें यह क्षमता बहुत कम होती है। छोटे बच्चों को अपने अभिभावकों और परिवार वालों से भी बैक्टीरिया पहुंचने का खतरा होता है। परिवार वालों के हाथ, नाक और मुंह में मौजूद जीवाणु( बैक्टेरिया) उन तक आसानी से पहुंच सकते हैं। इसलिए छोटे बच्चों को छूने से पहले अच्छी तरह साबुन से हाथ धोना जरूरी है।

### इन बातों पर दें ध्यान

अगर बच्चा समय से बहुत पहले हुआ है, तब तो और ज्यादा सावधानी बरतनी होती है। बड़े बच्चों को भी ऐसे संक्रमण के बारे में जागरूक करने की जरूरत है। उन्हें बताना होगा कि ये बैक्टीरिया उन तक कैसे पहुंचते हैं। शौचालय और कचरे आदि से ही नहीं, हमारे घरों के दरवाजों के हैंडल तक से ये बैक्टीरिया उन तक पहुंच सकते हैं।

इसलिए उनमें मुंह, नाक, आंख, कान आदि में अंगुली करने की आदत नहीं पड़ने देनी चाहिए। इसी तरह हर बार खाना खाने से पहले साबुन से अच्छी तरह हाथ धोने की आदत डालनी चाहिए। अगर किसी बच्चे को छींक या खांसी आती है, तो इस दौरान उसे अपने मुंह को ढककर रखने की सलाह भी दी जानी चाहिए। साथ ही यह भी ध्यान रखिए कि ये उपाय बच्चों को बीमारियों से बचाते जरूर हैं, लेकिन उसे सौ फीसदी सुरक्षित नहीं करते।



# रसीली गाजर के10मीठे गुण



लाल और मीठी गाजर को देखकर तुंरत हलवे की याद आ जाती है। निश्चित तौर पर गाजर के इस्तेमाल से बनने वाला हलवा है ही इतना लाजवाब। गाजर न सिर्फ स्वाद में अच्छी होती है बल्कि इसमें आपको तंदुरुस्त रखने के लिए बहुत सारे खास गुण होते हैं। यह आपको स्वस्थ रखने के साथ साथ आपकी आंखों की रोशनी को बढ़ाती है। गाजर का नियमित इस्तेमाल आपके बालों और त्वचा के लिए भी बहुत लाभकारी है। गाजर के ज्यूस को अपनी रोजाना की डाइट का हिस्सा बना लीजिए क्योंकि यह स्वादिष्ट होने के साथ बहुत गुणकारी है।

1. गाजर के ज्यूस को खास गुणों से भरपूर बनाने का काम इसमें मौजूद बीटा–केरोटिन, विटामिंस और पोटेशियम करते हैं। बीटा–केरोटिन से गाजर विटामिन‹ का सबसे प्रभावकारी स्त्रोत बनती है। गाजर से शरीर के इम्यून सिस्टम को ताकत मिलती है। विटामिन‹ से न केवल आपकी आंखों की रोशनी बढ़ती है बल्कि गाजर के ज्यूस का नियमित इस्तेमाल दिल की बीमारियों से भी आपको बचाए रखता है।
2. गाजर के ज्यूस में होने वाला पोटेशियम शरीर में कोलेस्ट्रोल के स्तर को कम करता है। गाजर में लीवर को ठीक रखने का भी गुण होता है। पोटेशियम, मैगनीज और मैगनेशियम के साथ मिलकर ब्लड शुगर के स्तर को सामान्य रखता है और इस तरह से शरीर में डायबीटिज के खतरे को कम करता है।
3. ग़ाजर के ज्यूस में विटामिन च होता है जो कि चोट लगने पर रक्त के थक्के जमने में मदद करता है और खून का बहना रोकता है। विटामिन च चोट ठीक करने में कारगर है। गाजर में मौजूद विटामिन ष्ट घाव ठीक करने के साथ साथ मसूडों को भी स्वस्थ रखता है।
4. गाजर के ज्यूस में कैंसर से लड़ने का गुण होता है। इसमें केरोटेनोइड नाम का एक खास तत्व होता है जिसे प्रोस्टेट, कोलोन, और स्तन कैंसर से लड़ने में बहुत ही कारगर समझा जाता है।
5. गाजर का ज्यूस शरीर में प्रोटीन की कमी को भी पूरा करने के साथ साथ शरीर को पर्याप्त मात्रा में केल्सियम भी प्रदान करके हड्डियों को मजबूती देता है।
6. गाजर का ज्यूस लीवर को साफ करता है। शरीर में पैदा होने वाले विभिन्न तरह के जहर गाजर के ज्यूस के उपयोग से बाहर निकल जाते हैं। गाजर का ज्यूस लीवर को ताकत देकर उसकी काम करने की क्षमता बढ़ाता है। गाजर का ज्यूस वजन कम करने में भी मदद करता है।
7. गाजर का ज्यूस बच्चे के गर्भावस्था के लिए खास तौर पर लाभकारी है। इसके उपयोग से बच्चे और मां दोनों के स्वास्थ्य में सुधार आता है।
8. गाजर के ज्यूस से मां के दूध की गुणवत्ता बढ़ जाती है।
9. गाजर का ज्यूस गर्भ में पल रहे बच्चे को इन्फेक्शंस से बचाए रखता है।
10. गाजर का ज्यूस वजन करने की कोशिश कर रहे लोगों के लिए बहुत कारगर है क्योंकि इसमें कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती है। कम कैलोरी के कारण यह बहुत अच्छा हेल्दी ड्रिंक है। गाजर का ज्यूस अपने खास गुणों के कारण लगभग सभी डाइट प्लान का हिस्सा बनता है।



# सर्दियों में कैसे बचें जुकाम से



सर्दियों में जुकाम दुनियाभर के लोगों को प्रभावित करने वाली सबसे आम बीमारी है। 100 से भी ज्यादा वायरस ऐसे हैं, जो इसके लिए जिम्मेदार हो सकते हैं और यह बहुत आसानी से फैलता है। इसलिए जुकाम फैलाने वाले वायरसों के संक्रमण से बचना काफी मुश्किल हो जाता है। शरीर में पहुंचने के बाद ये वायरस संख्या में बढ़ना शुरू होते हैं, जिससे ये लक्षण दिखाई देना शुरू होते हैं।

- गले में खराश, छींके एवं नाक बहना।
- आंखों से पानी निकलना।
- बदन दर्द एवं खांसी।
- सांस लेने में परेशानी या हल्का बुखार आने

जैसे कई लक्षण सामने आते हैं।

आमतौर पर जुकाम 1–2 हफ्तों में ठीक हो जाता है। चिकित्सकों का मानना है कि इसके वायरस की उम्र 7 दिन की होती है। आमतौर पर यह किसी औषधि से नहीं मरता। औषधियां केवल लक्षणों को ठीक करने के लिए दी जाती हैं। यह कहावत बहुत आम है कि जुकाम दवाएं खाएं तब भी 7 दिन में ठीक होता है और नहीं खाएं तब भी एक हफ्ते में ठीक होता है।

### क्या करें..

सर्दी होने पर अनावश्यक मेहनत से बचना चाहिए। रूटीन के काम कर सकते हैं, लेकिन इस दौरान धूल और धूएं से बचना चाहिए, नहीं तो हालत बिगड़ सकती है। भरपूर आराम के साथ ही पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ लेना चाहिए, विशेषकर फलों का रस जरूर लें। जुकाम के कारण पाचन तंत्र भी निष्क्रिय पड़ जाता है, इसलिए हल्के, सुपाच्य खाद्य पदार्थ थोड़ी-थोड़ी मात्रा में लें। कफ सिरप आदि दवाओं से लक्षणों में राहत मिल सकती है, लेकिन ये जुकाम का बचाव या इलाज नहीं होता है, न ही इनसे बीमारी जल्दी ठीक होती है।

सर्दी-जुकाम से बचने के लिए फिलहाल कोई टीका उपलब्ध नहीं है, लेकिन बीमार न पड़ें, इसके लिए कुछ उपाय जरूर किए जा सकते हैं। अपने आहार की ओर ध्यान दें, प्रतिदिन ऐसा आहार लें, जिसमें सभी आवश्यक पोषक तत्व मौजूद हों, पर्याप्त नींद लें और व्यायाम भी करें। इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता दुरुस्त रहेगी।

बच्चों और बुजुर्गों को हीटर के सामने नहीं बैठना चाहिए, क्योंकि इससे त्वचा रुखी होकर फट सकती है। त्वचा की दरारों के जरिए संक्रमण शरीर के अंदर प्रवेश कर सकते हैं।

# देर तक कुर्सी पर बैठे रहने से कम हो जाती है उम्र



दफ्तरों में देर तक कुर्सी पर बैठे रहने वाले लोगों के लिए चेतावनी की तरह सामने आए एक शोध में बताया गया है कि अधिक देर तक कुर्सी पर बैठे रहने से उम्र कम हो जाती है।

बीएमजे ओपन नामक ई मैगजीन में प्रकाशित इस शोध में कहा गया है कि अमेरिका जैसे देश में अधिक टीवी देखने अथवा बैठे रहने वाले व्यक्ति कम जीते हैं। यह निष्क्रियता उम्र घटाने का काम करती है।

आंकडों से पता चला कि कुर्सी पर जमे रहने से होने वाली विभिन्न बीमारियों से मरने का खतरा 27 फीसदी और टेलीविजन देखने से होने वाली बीमारियों से मौत होने का खतरा 19 फीसदी होता है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर दफ्तरों में कोई व्यक्ति महज तीन घंटे प्रतिदिन ही कुर्सी पर बैठता है, तो उसकी उम्र में दो वर्षों का इजाफा हो सकता है। इसके अलावा टेलीविजन देखने के समय में प्रतिदिन दो घंटों की कमी करने से भी उम्र में 1.5 वर्षों का इजाफा होता है। शोधकर्ताओं ने अपने शोध में विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा इकट्ठा किए गए आंकड़ों को शामिल किया था। उल्लेखनीय है कि इससे पहले आए शोधों से पता चलता है कि दफ्तरों के व्यस्त माहौल और कुर्सी पर बिताए जाने वाले समय का दुष्प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ता है और इसके फलस्वरूप विभिन्न बीमारियां हो सकती हैं, जिनमें रक्तचाप, हृदय रोग इत्यादि प्रमुख हैं। टेलीविजन इत्यादि देखने में अधिक समय बिताने से भी निष्क्रियता को बढ़ा़वा मिलता है, जिससे इन बीमारियों के बढ़ने की संभावना रहती है।